www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, शनिवार, 16 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक-341 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए




द्रमुक का इतिहास घोटालों व भ्रष्टाचार से भरा : मोदी 02
■ दिल्ली सरकार की बेरुखी से 30 लाख अनुसूचित...
■ भाजपा को 6 हजार करोड़ रुपए का मिला ... 03
■ गाजा में इजरायली हमले में 21 की मौत
■ ऋषि सुनक ने दो मई को ब्रिटेन में आम चुनाव ... 07
फिल्म 'पटना शुक्ला' से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना टंडन 10




## सार संक्षेप

### भूटान के साथ विकास में भागीदारी पर गर्व : मुर्मू



**नई दिल्ली।** भारत ने भूटान के साथ अपने संबंधों को घनिष्ठ और विशिष्ट बताते हुये शुक्रवार को कहा कि यह पड़ोसी देश भारत के साथ अपनी मित्रता और भागीदारी पर बराबर भरोसा रख सकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो त्शेरिंग तोब्गे का स्वागत करते हुए कहा कि भारत को भूटान के साथ विकास में भागीदारी करने और पड़ोसी देश के लोगों की सामाजिक आर्थिक प्रगति में सहयोग करने पर गर्व है।

### राजनाथ सिंह ने नौसेना भवन का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां नवनिर्मित नौसेना भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित थे। यह भवन दिल्ली छावनी क्षेत्र में बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि अब तक नौसेना मुख्यालय के लिए राजधानी दिल्ली में अलग से भवन नहीं था जबकि वायु सेना और सेना के मुख्यालय के लिए अलग से भवन हैं।

### 47 दिनों बाद नीतीश 'मंत्रिमंडल का विस्तार'



**पटना।** बिहार में 47 दिनों बाद नीतीश कैबिनेट का विस्तार हो गया। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यापाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश कैबिनेट में कुल 21 नए चेहरों को जगह मिली है। जिसमें रेणु देवी, मंगल पांडेय, नीरज कुमार बबलू, अशोक चौधरी, लेसी सिंह, मदन सहनी, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन शामिल हैं।

एसबीआई को फिर पड़ी फटकार

# चुनावी बांड की पूरी जानकारी नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

## बैंक ने प्रत्येक बांड की यूनिक अल्फा न्यूमेरिक संख्या का खुलासा नहीं किया

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को चुनावी बांड के यूनिक अल्फा न्यूमेरिक नंबरों सहित संपूर्ण विवरण (जो चुनाव आयोग को वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए) का खुलासा नहीं करने पर शुक्रवार को फटकार लगाई और उसे नोटिस जारी करके सोमवार तक अपना जबाव दाखिल करने का निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ , न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने एसबीआई को नोटिस जारी करते हुए कहा कि अदालत को सूचित किया गया कि चुनावी बांड जारी करने वाले बैंक ने प्रत्येक बांड की यूनिक अल्फा न्यूमेरिक संख्या का खुलासा नहीं किया है।

**शीर्ष अदालत के समक्ष कपिल सिब्बल ने पेश की दलील**

शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि 15 फरवरी 2024 के संविधान पीठ के फैसले के अनुसार सभी विवरणों का खुलासा किया जाना था। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि चूंकि एसबीआई फैसले में एक पक्ष है इसलिए उसे नोटिस जारी किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि

### एसबीआई को सोमवार तक जबाव देने का आदेश





एसबीआई के वकील को यहां होना चाहिए था। पीठ ने कहा, यदि आप फैसले को देखें तो पता लगेगा कि हमने निर्दिष्ट किया है कि बांड नंबर प्रदान करना होगा। मुख्य याचिकाकर्ता एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण पेश हुए। चुनाव आयोग के एक आवेदन पर पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत के समक्ष चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तुत चुनावी बांड का विवरण स्कैन किया जाना चाहिए और इसे वेबसाइट पर अपलोड करने के उद्देश्य से वापस किया जाना चाहिए।

**शीर्ष अदालत के आदेश पर आयोग ने किया था अपलोड**

चुनाव आयोग ने अधिवक्ता अमित शर्मा के माध्यम से शीर्ष में एक याचिका दायर कर 12 अप्रैल 2019 और 2 नवंबर 2023 के पिछले आदेशों के संदर्भ में शीर्ष अदालत को सौंपे गए चुनावी बांड पर डेटा जारी करने का निर्देश देने की मांग की। शीर्ष अदालत के 11 मार्च 2024 के आदेश के अनुसार चुनाव आयोग ने गुरुवार को एसबीआई द्वारा उसे दिए गए चुनावी बांड पर डेटा अपलोड कर दिया था।

### सीएए पर गुहार को भी सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नागरिकता संशोधन नियम 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की याचिका पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की ओर पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की गुहार स्वीकार करते हुए कहा कि मामले को मंगलवार के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति विवाद पर 21 को सुनवाई




नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिसंबर 2023 के (संशोधित) कानूनी प्रावधानों (जिसमें मुख्य न्यायाधीश की जगह एक केंद्रीय मंत्री को रखने का प्रावधान है) के तहत कई चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर तत्काल रोक लगाने की गुहार वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को असहमति व्यक्त करते हुए कहा कि इस मामले में वह 21 मार्च को सुनवाई करेगा।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

# दुनिया का सबसे बड़ा वसूली रैकेट है चुनावी बांड : राहुल



■ विपक्षी सरकारों को गिराने के लिए धन चुनावी बॉन्ड से आया

**ठाणे,** 15 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉन्ड दुनिया के सबसे बड़े जबरन वसूली रैकेट का हिस्सा है। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के ठाणे में एक रैली में कहा, 'चुनावी बांड दुनिया का सबसे बड़ा जबरन वसूली रैकेट है। राजनीतिक दलों को तोड़ने और विपक्षी सरकारों को गिराने के लिए धन चुनावी बॉन्ड से आया।' चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को मिला हजारों करोड़ रुपए का कॉर्पोरेट चंदा सुर्खियों में है। बीते दिन ही भारत के चुनाव आयोग ने जानकारी को वेबसाइट पर पब्लिश किया है। इसके बाद कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से उच्च स्तरीय जांच की मांग कर दी है। कांग्रेस का दावा है कि भाजपा को इन बॉन्डों के माध्यम से कुल दान का 50 प्रतिशत मिला। राहुल ने कहा, 'भाजपा ने देश के संस्थागत ढांचे पर कब्जा कर लिया है। यह सबसे बड़ी राष्ट्रविरोधी गतिविधि है जो चल रही है। सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग का इस्तेमाल किया जा रहा है, बड़ी कंपनियों से उगाही की जा रही है।

### 'चंदा दो, धंधा लो' की नीति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार के चुनावी बांड जारी करने के निर्णय को लूट की नीति करार देते हुए कहा है कि यह उसकी भाजपा का खजाना भरने के लिए पैसा जुटाने की 'चंदा दो धंधा लो' की नीति साबित हुई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने चुनाव आयोग के राजनीतिक दलों को चुनावी बांड से मिले चन्दे की सूची सार्वजनिक करने पर प्रतिक्रिया में कहा कि कि सरकार की चुनावी बांड नीति से साफ हो गया है कि उसने उन्हीं कंपनियों और व्यक्तियों को काम दिया है जिन्होंने भाजपा को चुनावी बॉन्ड्स के मध्यम से चंदा दिया।

बिहार की राजनीति में सरगर्मी तेज

# पशुपति पारस ने दिखाए बागी तेवर



■ इंडिया गठबंधन में हो सकते हैं शामिल
■ दिल्ली आवास पर संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार की राजनीति में सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा द्वारा किए गए सीट बंटवारे के फैसले से नाराज राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के मुखिया पशुपति पारस बागी होते नजर आ रहे हैं। भाजपा द्वारा पशुपति को ज्यादा तवज्जो न दिए जाने के बाद शुक्रवार को उन्होंने अपने दिल्ली आवास पर पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई। बैठक खत्म होने के बाद उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, उनकी पार्टी रालोजपा एनडीए का हिस्सा है। पार्टी ने गठबंधन ईमानदारी से गठबंधन धर्म को निभाया है। वे प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का सम्मान करते हैं। उनकी पार्टी के 5 लोकसभा सदस्य हैं। लेकिन मीडिया के माध्यम से जो खबर आई है, उसके मुताबिक उनकी पार्टी को एनडीए में तरजीह नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते पार्टी कार्यकर्ताओं में निराशा है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वे अंतिम रूप से सूची आने का इंतजार कर रहे हैं। अगर उचित सम्मान नहीं मिला तो वे कहीं भी जा सकते हैं। अभी किसी से कोई बात नहीं हुई है। लेकिन वे हर हाल में हाजीपुर से चुनाव लड़ेंगे।

दिल्ली शराब घोटाले मामले में बड़ी कार्रवाई

# ईडी ने बीआरएस नेता के कविता को किया गिरफ्तार



बीआरएस नेता व ईडी अफसरों के बीच हुई बहस

**हैदराबाद,** 15 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली शराब घोटाला केस में केसीआर की बेटी के. कविता की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जांच टीम ने शुक्रवार को हैदराबाद में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता कविता के घर पर छापेमारी की। इस दौरान बीआरएस नेता व ईडी के बीच बहस भी हुई। बताया जा रहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच के तहत ये कार्रवाई की गई है।

### लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा आज

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग 18वीं लोकसभा एवं चार राज्यों की विधानसभाओं के चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा शनिवार को करेगा और इसी के साथ देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए आज एक संवाददाता सम्मेलन दोपहर तीन बजे विज्ञान भवन में बुलाया है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनावों के साथ आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम एवं अरुणाचल प्रदेश की विधानसभाओं के चुनाव भी घोषित हो सकते हैं।

चुनावी बॉड के रिकॉर्ड से सामने आई कई बड़े खुलासे

# बांड खरीदने वाली प्रमुख कंपनियां झेल रहीं ईडी की मार

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी



■ शीर्ष 5 में से तीन कंपनियां ईडी व आयकर विभाग के शिकंजे में

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (देशबन्धु)। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बांड खरीदने वाली कपंनियां का ब्योरा जारी कर दिया गया है। चुनावी बांड का पांच सालों का रिकॉर्ड सामने आने के बाद कई बड़े खुलासे हुए हैं। चुनावी बांड खरीदकर चंदा देने वाली शीर्ष 5 कंपनियों में तीन कंपनियां ऐसी हैं जो ईडी और आयकर विभाग की जांच का सामना कर रही हैं। इसमें लाटरी कंपनी फ्यूचर गेमिंग, मेधा इंजीनियरिंग और मायनिंग जायन्ट वेदान्ता हैं। चुनावी बांड के माध्यम से चंदा देने वाली कंपनियों के रिकॉर्ड बता रहे हैं कि लाटरी कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल्य प्राइवेट लिमिटेड सबसे बड़ी दानदाता है। सेंटियागो मार्टिन के स्वामित्व वाली फ्यूचर गेमिंग ने 1300 करोड रुपए से ज्यादा का चुनावी बॉड खरीदा है। कंपनी के खिलाफ मनी लांड्रिंग के मामले को लेकर ईडी जांच 2019 से चल रही है। अप्रैल 2022 में ईडी ने कंपनी की 650 करोड़ की संपत्तियों को अटैच किया था। इसके 5 दिन बाद ही फ्यूचर गेमिंग ने 100 करोड़ रुपए का चुनावी बांड खरीदा था। ईडी का दावा था कि मार्टिन और अन्य ने आपराधिक साजिश करके लॉटरी नियमन कानून 1998 का उल्लंघन करके सिक्किम सरकार को धोखा दिया। ईडी का आरोप था कि मार्टिन और उसकी सहयोगी कंपनियों ने अवैध तरीके से 910.30 करोड़ रुपए कमाए। जबकि दूसरी सबसे ज्यादा चंदा देने वाली कृष्णा रेड्डी की स्वामित्व वाली हैदराबाद की कंपनी मेधा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने 2019 से 2024 के बीच 1000 करोड़ रुपए की कीमत के बॉड खरीदे। यह फर्म तेंलगाना सरकार के कालेश्वरम डैम प्रोजेक्ट में शामिल थी। इसके अलावा जाकजिला टनल और पोलावरम डैम का भी निर्माण किया। अक्टूबर 2019 में कंपनी के ऑफिस में आयकर विभाग का छापा पडा था। ईडी ने भी जांच शुरू कर दिया। उसी साल कंपनी ने 50 करोड़ का बांड खरीदा। वहीं तीसरी अनिल अग्रवाल की वेंदांता मायनिंग जायंट पाचवीं नम्बर की कंपनी है,जिसने 376 करोड का चुनावी बांड खरीदा। वेदांता तब ईडी की जांच के दायरे में था।



# देश

**उवाच**

67 सौ करोड़ रुपए इलेक्टोरल बॉण्ड से भाजपा द्वारा बॉण्ड योजना के तहत अपने खातों में डलवाए गए हैं। भाजपा में जो खरीद फरोख्त हो रही है, वह इसी काले धन से हो रही है।

–जीतू पटवारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 27.0 | 14.0 |
| मुंबई | 30.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 27.0 |

# चुनावी बॉन्ड सबसे बड़ा घोटाला : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मोदी सरकार के चुनावी बांड जारी करने के निर्णय को लूट की नीति करार देते हुए कहा है कि यह

- मोदी सरकार के चुनावी बॉन्ड जारी करने के निर्णय को बताया लूट की नीति
- चुनाव आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़े को बताया अधूरा

उसकी भाजपा का खजाना भरने के लिए पैसा जुटाने की चंदा दो धंधा लो की नीति साबित हुई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने चुनावी बॉन्ड को स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा घोटाला बताया है। साथ ही कहा कि चुनाव आयोग द्वारा साझा किया गया डेटा अधूरा है। चुनाव आयोग के राजनीतिक दलों को चुनावी बांड से मिले चन्दे की सूची सार्वजनिक करने पर प्रतिक्रिया में कहा कि सरकार की चुनावी बांड नीति से साफ हो गया है कि उसने उन्हीं कंपनियों और व्यक्तियों को काम दिया है जिन्होंने भाजपा को चुनावी बॉन्ड्स के मध्यम से चंदा दिया।

उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड से जुड़ी जानकारी सामने आने के बाद यह पहला विश्लेषण है जिसे एसबीआई ने चुनाव के बाद तक स्थगित करने के कई हफ्तों के प्रयास के बाद गुरुवार रात सार्वजनिक कर दिया। इसमें 1,300 से अधिक कंपनियों और व्यक्तियों ने इलेक्टोरल बांड के रूप में दान दिया है जिसमें 2019 के बाद से भाजपा को 6, 000 करोड़ से अधिक का दान शामिल है। इलेक्टोरल बांड का अब तक का मिला डेटा भाजपा की कम से कम 4 भ्रष्ट नीति को सामने लाता है। प्रवक्ता ने कहा पहला है चंदा दो, धंधा लो। ऐसी



सरकार की चुनावी बॉन्ड नीति से साफ हो गया उसने उन्हीं कंपनियों को काम दिया जिन्होंने भाजपा को चुनावी बॉन्ड्स के मध्यम से चंदा दिया : जयराम रमेश

कई कंपनियों के मामले हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बांड दान किया है और इसके तुरंत बाद सरकार से भारी लाभ प्राप्त किया है। इनमे मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा ने 800 करोड़ रुपए से अधिक इलेक्टोरल बॉन्ड में दिए हैं। अप्रैल 2023 में, उन्होंने 140 करोड़ डोनेट किया और ठीक एक महीने बाद उसे 14,400 करोड़ रुपए की ठाणे बोरीवली ट्विन टनल प्रोजेक्ट मिल गया। दूसरा जिंदल स्टील एंड पावर ने 7 अक्टूबर 2022 को इलेक्टोरल बॉन्ड में 25 करोड़ रुपए दिए और सिर्फ 3 दिन बाद वह 10 अक्टूबर 2022 को गारे पाल्मा 4/6 कोयला खदान हासिल करने में कामयाब हो गया।

**चुनावी बोनस रिश्वत लेने का नया तरीका**

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी ने चुनावी बोनस को रिश्वत लेने का नया तरीका बताया और कहा कि आंकड़ों से एक पैटर्न उभरता है जिसमें केंद्र सरकार से कुछ मदद मिलने के तुरंत बाद कंपनियों ने चुनावी बांड के माध्यम से एहसान चुकाया है। वेदांता को तीन मार्च 2021 को राधिकापुर पश्चिम प्राइवेट कोयला खदान मिला और फिर उसी साल अप्रैल में उन्होंने चुनावी बांड में 25 करोड़ रुपए का दान दिया। मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा को अगस्त 2020 में 4,500 करोड़ का जोजिला सुरंग प्रोजेक्ट मिला फिर अक्टूबर 2020 में उन्होंने इलेक्टोरल बांड में 20 करोड़ रुपए का दान दिया।

मेघा को दिसंबर 2022 में बीकेसी बुलेट ट्रेन स्टेशन का कॉन्ट्रैक्ट मिला और उन्होंने उसी महीने 56 करोड़ रुपए का दान दिया। रमेश ने कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने गत दिसंबर में शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स पर छापा मारा और जनवरी में उन्होंने इलेक्टोरल बांड के माध्यम से 40 करोड़ का दान दिया। फ्यूचर गेमिंग एंड होटल्स ने 1200 करोड़ रुपए से अधिक का दान दिया है जो इसे अब तक के आंकड़ों में सबसे बड़ा दान है। इसकी क्रोनोलॉजी है कि दो अप्रैल 2022 को ईडी ने फ्यूचर पर छापा मारा और 5 दिन बाद 7 अप्रैल को इलेक्टोरल बॉन्ड में उसने 100 करोड़ रुपए का दान दिया। अक्टूबर 2023 में आईटी विभाग ने फ्यूचर पर छापा मारा और उसी महीने उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड में 65 करोड़ रुपए का दान दिया। उन्होंने कहा कि यह तो अभी शुरुआती विश्लेषण ही है।

उन्होंने कहा कि यह शेल कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग है। इलेक्टोरल बांड योजना के मामले में एक बड़ा मुद्दा यह है कि इसने यह प्रतिबंध हटा दिया कि किसी कंपनी के मुनाफे का केवल एक छोटा प्रतिशत ही दान किया जा सकता है, जिससे शेल कंपनियों के लिए काला धन डोनेट करने का रास्ता साफ हो गया। ऐसे कई संदिग्ध मामले हैं जैसे 410 करोड़ रुपए का दान क्विक सप्लाई चेन लिमिटेड द्वारा दिया गया है, यह एक ऐसी कंपनी है जिसकी पूरी शेयर पूंजी फाइलिंग के अनुसार सिर्फ 130 करोड़ रुपए है। एक अन्य प्रमुख मुद्दा डेटा का नहीं होना है।

## भाजपा की हफ्ता वसूली नीति बेह्द सरल : कांग्रेस

कांग्रेस नेता ने इलेक्ट्रॉनिक बॉन्ड को हफ्ता वसूली जैसा कदम करार दिया और कहा कि भाजपा की हफ्ता वसूली नीति बेहद सरल है। ईडी, सीबीआई, आईटी के माध्यम से किसी कंपनी पर छापा मारो और फिर कंपनी की सुरक्षा के लिए हफ्ता दान मांगों। शीर्ष 30 चंदादाताओं में से कम से कम 14 पर छापे मारे गए हैं। इस साल की शुरुआत में एक जांच में पाया गया कि ईडी, सीबीआई, आईटी छापे के बाद कंपनियों को चुनावी ट्रस्टों के माध्यम से भाजपा को दान देने के लिए मजबूर किया गया था। हेटेरो फार्मा और यशोदा अस्पताल जैसी कई कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चंदा दिया है। चुनावी बांड को लेकर गुरुवार रात ही सूची सार्वजनिक हुई है और उसका प्रथम दृष्टि विश्लेषण से साबित होता है कि मोदी सरकार ने भाजपा के लिए चंदा जुटाने के वास्ते चुनावी बॉन्ड नीति को चंदा दो, धंधा लो की तरह इस्तेमाल किया है। प्रवक्ता ने कहा कि जैसे-जैसे इलेक्टोरल बांड डेटा का विश्लेषण आगे बढ़ेगा भाजपा के भ्रष्टाचार के ऐसे कई मामले स्पष्ट होते जाएंगे। हम यूनिके-विशिष्ट बांड आईडी नंबरों की भी मांग करते रहेंगे, ताकि हम दाताओं का प्राप्तकर्ताओं से सटीक मिलान कर सकें।

# द्रमुक का इतिहास घोटालों व भ्रष्टाचार से भरा : मोदी

**कन्याकुमारी,** 15 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)-कांग्रेस गठबंधन तमिलनाडु को कभी भी विकसित राज्य नहीं बना सकता क्योंकि इसका इतिहास घोटालों और भ्रष्टाचार से भरा हुआ है। मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए देश के दक्षिणी हिस्से तक पहुंच बनाने के अभियान के तहत यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, एक तरफ, आपके पास (लोगों के पास) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कल्याणकारी योजनाएं हैं। दूसरी तरफ, आपके पास इंडिया समूह के घोटालों की सूची है। हमने लोगों को ऑप्टिकल फाइबर और 5जी इंटरनेट मुहैया कराया, लेकिन उन्होंने (इंडिया समूह ने) 2जी घोटाला करके लोगों के पैसे ले लिए। हमने उड़ान योजना शुरू की और उन्होंने हेलिकॉप्टर घोटाला शुरू किया। हमारे पास खेलो इंडिया के नतीजे हैं, उनके पास राष्ट्रमंडल खेल घोटाला है। उन्होंने कहा कि द्रमुक और कांग्रेस लोगों को लूटने के लिए सत्ता में आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले तमिलनाडु आया और महत्वपूर्ण मंदिरों के दर्शन किए, लेकिन द्रमुक सरकार ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का प्रसारण रोकने का प्रयास किया। इस पर उच्चतम न्यायालय को तमिलनाडु सरकार को फटकार लगानी पड़ी।



इस वर्ष तमिलनाडु की पांचवीं यात्रा के दौरान द्रमुक पर साधा निशाना

## द्रमुक टू जी घोटाले की सबसे बड़ी लाभार्थी

प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने देश को तोड़ने का सपना देखने वालों को खारिज कर दिया। अब, तमिलनाडु के लोग भी ऐसा ही करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार तमिलनाडु में हमारा प्रदर्शन द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन के अहंकार को चकनाचूर कर देगा। उन्होंने कहा कि द्रमुक 2जी घोटाले की सबसे बड़ी लाभार्थी है। आज, देश के दक्षिणी छोर कन्याकुमारी से जो लहर उठ रही है, वह बहुत दूर तक जाएगी। मोदी ने इस वर्ष तमिलनाडु की अपनी पांचवीं यात्रा के दौरान द्रमुक पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी राज्य के भविष्य और विरासत की दुश्मन है तथा उससे जुड़े लोग भारतीय संस्कृति से नफरत करते हैं।

## सार संक्षेप

### तेलंगाना की यात्रा पर रहेंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को तेलंगाना की यात्रा पर रहेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि यात्रा के दौरान 16 मार्च को धनखड़ हैदराबाद के कान्हा शांति वनम में वैश्विक आध्यात्मिक महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

### मप्र की मुख्य सचिव वीरा राणा को छह माह की सेवावृद्धि

**भोपाल।** मप्र की मुख्य सचिव वीरा राणा को छह माह की सेवावृद्धि प्रदान कर दी गई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय की ओर से विधिवत आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह आदेश मध्य प्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर जारी किए गए। वर्ष 1988 बैच की वरिष्ठतम आईएसएस अधिकारी राणा का कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त हो रहा था। अब उन्हें मुख्य सचिव के रूप में एक अप्रैल से 30 सितम्बर 2024 तक सेवावृद्धि प्रदान की गई।

### बल्क पाइप लाइन परियोजना को 295 करोड़ किए आबंटित

**गांधीनगर।** गुजरात वाटर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के अंतर्गत हडाला पम्पिंग स्टेशन से कोठारिया हेड वर्कस तक बल्क पाइप लाइन बिछाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 295.38 करोड़ रुपए की योजना को स्वीकृति प्रदान की है। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि राजकोट शहरी क्षेत्र और राजकोट शहरी विकास प्राधिकरण (रूडा) क्षेत्र में शामिल गांवों में तेज विकास के चलते इन क्षेत्रों में लोगों की बसाहत में हुई वृद्धि के कारण पानी की अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

### श्रीनगर में आग में तीन आरा मिलें जलकर खाक

**श्रीनगर।** श्रीनगर के बाहरी इलाके में शुक्रवार तड़के आग लगने की एक बड़ी घटना में तीन आरा मिलें और एक प्लास्टिक फर्नीचर इकाई जलकर खाक हो गई। अग्निशमन अभियान के दौरान किसी भी व्यक्ति की जान या चोट नहीं आई। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि आग की घटना एचएमटी जैनकोट इलाके में हुई और आग के कारण का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आग की घटना में आरा मिलों और एक प्लास्टिक फर्नीचर इकाई को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि सुबह करीब पांच बजकर पांच मिनट पर घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। हालांकि, तब तक आग ने इन इकाइयों के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया था। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा ने कहा कि जब तक हमें सूचित किया गया, आग इकाइयों में फैल चुकी थी, जिससे संपत्ति को व्यापक नुकसान हुआ।

# मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव पैदा करता है सीएए : विजयन

**तिरुवनंतपुरम,** 15 मार्च (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने शुक्रवार को कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम



सभी प्रकार की कट्टरता के खिलाफ एकजुट होने पर दिया जार

(सीएए) देश में मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव पैदा करता है। विजयन ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय इस्लामोफोबिया मुकाबला दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर यह बात कही। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस दुनिया भर में मुसलमानों के प्रति बढ़ते घृणा अपराधों और असहिष्णुता की मार्मिक याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करने वाले 'सीएए' को लेकर यह दिन सभी प्रकार की कट्टरता के खिलाफ लोगों को एकजुट करने के लिए सद्भाव और करुणा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देता है। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस्लामोफोबिया का मुकाबला करने के लिए 15 मार्च को अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

# जम्मू-कश्मीर से किया जाए एक राष्ट्र एक चुनाव का सूत्र लागू : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 15 मार्च (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि चुनाव आयोग का काम लोकतंत्र कायम करना है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक राष्ट्र-

- जम्मू-कश्मीर में की पूरी तरह से लोकतंत्र बहाल करने की मांग

एक चुनाव पर रिपोर्ट पेश की है। इस सूत्र को जम्मू कश्मीर से लागू किया जाना चाहिए। लोकसभा के साथ ही प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराए जाने चाहिए। उमर ने कहा कि चुनाव आयोग का काम लोकतंत्र कायम करने का है। उन्हें लोकतंत्र कायम करने में रोल अदा करना चाहिए। रामनाथ कोविंद ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर रिपोर्ट पेश की है। क्यों इसकी शुरुआत जम्मू-कश्मीर से नहीं कर सकते, जो ढिंढोरा पीटा जा रहा है ये लोगों को धोखा देने के लिए तो नहीं है। यहां लोकतंत्र कायम करने का ये सुनहरा मौका है। पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन (पीएजीडी) की प्रस्तावित बैठक के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि वह किसी पद पर नहीं हैं।

अब्दुल्ला से जब एक सवाल किया गया नेशनल कॉन्फ्रेंस लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कब करेगी। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जब हम उम्मीदवारों की घोषणा करते हैं तो यह हमारी पसंद होती है।



चुनाव आयोग का काम लोकतंत्र कायम करने का है : उमर अब्दुल्ला

## जम्मू-कश्मीर को चुनाव देखे हुए करीब दस साल हो गए

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में कहा कि हमें चुनाव आयोग से कोई उम्मीद नहीं है। चुनाव आयोग को जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने में भूमिका निभानी चाहिए। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए अब 10 साल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार के लिए जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव कराने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने मांग की, जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह से लोकतंत्र बहाल करें और कल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की तारीखों की घोषणा करें।

# बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव की तबियत बिगड़ी

**पटना,** 15 मार्च (एजेंसियां)। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के पुत्र और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव की शुक्रवार को अचानक तबियत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल पटना के एक निजी अस्पताल लाया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि तेज प्रताप यादव ने दोपहर में सीने में दर्द की शिकायत की। इसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने लो ब्लड प्रेशर की बात चिकित्सकों को बताई है। चिकित्सकों की टीम उनकी जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि तेज प्रताप अपने भक्तिभाव के लिए समर्थकों में प्रिय हैं। उनकी तबियत बिगड़ने की खबर के बाद बड़ी संख्या में समर्थक अस्पताल पहुंचने लगे हैं।



पहुंचाए गए अस्पताल

# मध्य प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के डीए में चार प्रतिशत की वृद्धि



साढ़े सात लाख शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को मप्र सरकार ने दी बढ़ी सौगात

**भोपाल,** 15 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता देने की मांग कर रहे मध्य प्रदेश सरकार के शासकीय अधिकारी और कर्मचारी को सरकार ने बड़ी सौगात दी है। सरकार ने चार प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। महंगाई भत्ता 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो गया है। बता दें प्रदेश के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों ने महंगाई भत्ता बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था।

## एक जुलाई 2023 से लागू होगा बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश मध्यप्रदेश सरकार अधिकारी कर्मचारियों के लिए वर्तमान में महंगाई भत्ते की दर 42 से बढ़ाकर, 46 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। ये सातवें वेतनमान के अंतर्गत 1 जुलाई 2023 से मध्य प्रदेश में लागू होगा।

वह केंद्र के समान 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की लगातार मांग कर रहे थे। सरकार की तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से अधिकारी-कर्मचारी नाराज चल रहे थे। उन्होंने आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। अब सरकार ने लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले चार प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने के आदेश जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कहा कि कठिन समय में भी महंगाई भत्ता बढ़ाने का प्रयास किया, आने वाले समय में इससे और वृद्धि करेंगे। सभी अधिकारी कर्मचारियों को वेतनमान के आधार पर महंगाई भत्ता देने की बधाई।

# ईडी के अफसरों को झारखंड पुलिस ने भेजा समन

**रांची,** 15 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के अफसरों के खिलाफ दर्ज कराए गए एससी-एसटी केस में झारखंड पुलिस ने संबंधित अधिकारियों को समन भेजा है। उन्हें 21 मार्च को सुबह 11 बजे थाने में मौजूद रहने को कहा है। सोरेन ने ईडी अफसरों पर प्रताड़ित करने और पूरे समुदाय को अपमानित करने का आरोप लगाया है। पुलिस की ओर से ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा सहित अनुपम कुमार और अमन पटेल शामिल हैं। रांची पुलिस ने सीआरपीसी 41 ए के तहत नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। झारखंड हाईकोर्ट की ओर से प्रवर्तन निदेशलाय (ईडी) के अफसरों पर 'कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं' लेने के आदेश के एक सप्ताह बाद यह कार्रवाई की गई है।



एससी-एसटी केस में की कार्रवाई

# झारखंड के सभी धार्मिक स्थलों का हो रहा सौंदर्यीकरण : चम्पाई

**रांची,** 15 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शुक्रवार को सरायकेला-खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रकृति उपासना का महापर्व बाहा पर्व के अवसर पर सरायकेला-खरसावां जिला के जिलिंगगोड़ा स्थित सरना पूजा स्थल जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कुल्लुडीह जाहेरथान का विधिवत उद्घाटन भी किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य के सभी पूजा स्थलों का संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं विकास का कार्य उनकी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में मौजूद अनेकों सरना स्थल, जाहेरथान के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने शुक्रवार को कुल्लुडीह जाहेरथान बनकर तैयार है। जनजातीय संस्कृति से जुड़े रीति-रिवाजों को अक्षुण्ण रखा जा सके एवं इन स्थलों को जनजातीय संस्कृति के रूप में विकसित किया जा सके इस निमित्त उनकी सरकार निरंतर कार्य कर रही है।



कुल्लुडीह जाहेरथान का किया उद्घाटन

## राजनीति

*लोस चुनाव को लेकर सपा ने की उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी*

# भदोही सीट ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ी

**लखनऊ, 15 मार्च (एजेंसियां)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने छह उम्मीदवारों का एलान किया है। सूची में सपा ने भदोही लोकसभा सीट ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ी है। इससे पहले सपा 31 नामों का एलान कर चुकी थी।**

चौथी सूची के बाद से अब यह संख्या 37 हो गई है। हालांकि यह संख्या वास्तविकता में 35 है, क्योंकि इंडिया गठबंधन होने के बाद वाराणसी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में चली गई है तो पार्टी को वहां से अपना उम्मीदवार हटाना होगा। इसके अलावा संभल से सांसद रहे शफीकुर्रहमान बर्क का निधन हो गया है। पार्टी ने उनके निधन से पहले उनके नाम का एलान कर दिया था तो ऐसे में अब वहां भी उम्मीदवार की



सपा ने अब तक 37 सीटों पर किया उम्मीदवारों का ऐलान

घोषणा करनी होगी। यह देखना रोचक होगा कि बर्क की जगह पर सपा किसके नाम पर मुहर लगाती है। समाजवादी पार्टी ने इन छह उम्मीदवारों को दिया टिकट। बिजनौर (6) यशवीर सिंह, मेरठ (10) भानु प्रताप सिंह (एडवोकेट), नगीना (5) मनोज कुमार। लालगंज (68) दरोगा सरोज, अलीगढ़ (15), बिजेंद्र सिंह, हाथरस (16) जसवीर बाल्मिक। सपा की पहली लोकसभा उम्मीदवारों की सूची 30 जनवरी को सामने आई थी। इसके बाद 19 फरवरी को दूसरी, 20 फरवरी को तीसरी और 15 मार्च को तीसरी सूची जारी की। सपा ने अब तक यूपी की 80 लोकसभा सीट पर 37 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। पहली सूची में इन्हें बनाया उम्मीदवार। संभल से शफीकुर्रहमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिम्पल यादव, एटा से देवेश शाक्य, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनन्द भदौरिया, उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद। दूसरी सूची में मुज्जफनगर से हरेंद्र मिलक, आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से उषा वर्मा, मिश्रिख से रामपाल, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, गाजीपुर से अफजाल अंसारी, चंदौली से वीरेंद्र सिंह को टिकट दिया। तीसरी सूची कैराना से इकरा हसन, बदायूं से शिवपाल यादव, हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत, वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल, बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन को टिकट दिया।

चौथी सूची में बिजनौर (6) यशवीर सिंह, मेरठ (10) भानु प्रताप सिंह, नगीना (5) मनोज कुमार, लालगंज (68) दरोगा सरोज, अलीगढ़ (15) बिजेंद्र सिंह, हाथरस (16) जसवीर बाल्मिक को टिकट दिया।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

एक दिन भगवान ने एक आदमी की मेमोरी डिलीट कर दी। फिर उससे पूछा क्या तुम्हें कुछ याद है?
आदमी ने अपनी पत्नी का नाम बता दिया।
भगवान हंसकर बोले-पूरा सिस्टम फॉर्मेट कर दिया पर वायरस फिर भी रह गया।

# दिल्ली सरकार की बेरुखी से 30 लाख अनुसूचित जाति वर्ग में भारी रोष : जाटव

### ज्वाइंट एक्शन कमेटी दिल्ली स्टेट एससी, एसटी, ओबीसी व माइनॉरिटी ऑर्गेनाइजेशंस ने सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (देशबन्धु)। ज्वाइंट एक्शन कमेटी दिल्ली स्टेट एससी, एसटी, ओबीसी व माइनॉरिटी ऑर्गेनाइजेशंस के द्वारा शुक्रवार को दिल्ली में हुई चाय पर चर्चा में समाज के बुद्धिजीवी, पत्रकार, सोशल एक्टिविस्ट, एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने दिल्ली सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

इस अवसर पर ज्वाइंट एक्शन कमेटी के मुख्य समन्वयक वीरेंद्र कुमार जाटव ने कहा कि दिल्ली सरकार की बेरुखी के कारण दिल्ली की 30 लाख अनुसूचित जाति वर्ग में भारी रोष दिखाई देता है। दिल्ली की केजरीवाल सरकार पिछले 10 वर्ष से सत्ता में है लेकिन दिल्ली राज्य अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं किया गया है जबकि यह मुद्दा एक विधायक के द्वारा सदन में उठाया भी जा चुका है। दिल्ली राज्य अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण बोर्ड का गठन केवल 2 वर्ष की अवधि के लिए किया गया था। पिछले 10 वर्षों से डॉ अंबेडकर राज्य पुरस्कार पर भी सरकार काम नहीं कर पाई है। दिल्ली सरकार के द्वारा 92 से अधिक तीर्थ यात्राओं की ट्रेन भेजी जा चुकी है लेकिन बोध गया सारनाथ की यात्रा का नोटिफिकेशन जारी होने के बावजूद यात्रा का इंतजार है जिसके कारण इस वर्ग के बुजुर्ग लोगों में साफ बेचैनी दिखाई देती है।



दिल्ली राज्य अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं किया गया है जबकि यह मुद्दा सदन में उठाया जा चुका है : वीरेंद्र कुमार

अनुसूचित जाति वर्ग के कंपोनेंट प्लान का फंड डाइवर्ट करके दूसरे मदो पर खर्च किया जा रहा है। जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा योजना ठंड बस्ते में डाल दी गई है जिसको स्वयं मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया था जिसके कारण इस वर्ग के छात्रों और युवा में साफ नाराजगी दिखाई देती है। आम आदमी पार्टी ने पिछले 10 वर्षों में राज्यसभा में 10 सांसद भेजे हैं जिसमें एक भी अनुसूचित जाति वर्ग से नहीं है।

वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुसूचित जाति जनजाति के लिए दिल्ली सरकार का बजट 397 करोड़ था जो की 2022-23 में मात्र 225 करोड रह गया है जिसको समुचित प्रयोग भी नहीं किया गया है। सफाई कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं किया गया है। सरकार अविलंब इन सभी मुद्दों का समाधान निकाले ।

कार्यक्रम में उदय गिल अध्यक्ष वाल्मीकि चौपाल, केपी चौधरी सेक्रेटरी जनरल आल इंडिया फ़ेडरेशन आफ़ एससी एसटी आर्गेनाईजेशन्स, ओपी गौतम एवम मास्टर बृजेंद्र सिंह उपाध्यक्ष समता सैनिक दल, चंद्र निम, स्टेट कोऑर्डिनेटर ज्वाइंट एक्शन कमेटी, मनोज कुमार स्टेट कोऑर्डिनेटर, उतम कुमार महासचिव, एम बी गौतम, चौधरी रघुवीर सिंह समाजसेवी, आर एन बालगुहार समाजसेवी ने अपने संबोधन में दिल्ली के मुख्यमंत्री से अपील की है सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान निकाला जाए।

## भाजपा को 6 हजार करोड़ रुपए का मिला चंदा : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इलेक्टोरल बांड को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को 6, 000 करोड़ रुपए से अधिक के चुनावी बांड मिले। अगर केंद्र सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो उसे सारी जानकारी खुद मुहैया करानी चाहिए। चुनाव आयोग और एसबीआई पर केंद्र सरकार द्वारा जितना संभव हो सके, विवरण छिपाने के लिए दबाव डाला गया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी खुद यह क्यों नहीं बता रही है कि किस कंपनी ने उन्हें चुनावी बॉन्ड के जरिए कितना पैसा दिया है? सुप्रीम कोर्ट को जानकारी लेने के लिए एसबीआई और ईसीआई पर दबाव क्यों बनाना पड़ रहा है? इसका मतलब है कि सरकार कुछ छिपा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई कंपनी ईडी की जांच के दायरे में है, तो इसका मतलब है कि कंपनी के पास मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित पैसा है और अगर उसने चुनावी बांड खरीदा है, तो पार्टी लाभार्थी होगी। क्या उस पार्टी पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया जाएगा और उसे पीएमएलए कोर्ट में घसीटा जा सकता है?

**जानकारी छिपाने के लिए बनाया गया दबाव**




■ पवित्र रमजान महीने के पहले शुक्रवार को सुनहरी मस्जिद में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। फोटो : इम्तियाज खान

## सार संक्षेप

### मानवयुक्त मिशन चंद्रयान व्योमगामी ग्रुप के कैप्टन अंगद प्रताप सम्मानित



**नई दिल्ली।** दिल्ली के धौला कुआं स्थित स्प्रिंग डेल्स स्कूल ने अंतरिक्ष यात्री समूह के कप्तान कैप्टन अंगद प्रताप को सम्मानित किया। अंगद प्रताप को गगन एन मिशन में चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक के रूप में चुना गया था। अंगद प्रताप ने बचपन से लेकर 2000 के इंटरमीडिएट बैच तक स्प्रिंग डेल्स स्कूल में पढ़ाई की थी। अपनी उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद, उन्होंने 2004 में भारतीय वायु सेना में पायलट का पद संभाला। स्प्रिंग डेल्स स्कूल के प्रबंध बोर्ड के अध्यक्ष शंकर रेड्डी ने याद किया कि अंगद स्कूल में पढ़ाई के दौरान दृढ़ता, समर्पण और मेहनती व्यक्तित्व वाला एक अनुशासित छात्र था। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से प्रबंध मंडल अध्यक्ष शंकर रेड्डी, प्रधानाचार्य ज्योति एवं शिक्षकों द्वारा अंगद को सम्मानित किया गया।

### एशिया पेसिफिक में एआई पर व्यय 45 फीसदी सालाना बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली।** लेनोवो ने सीआईओ प्लेबुक 2024 इट्स ऑल अबाउट स्मार्टर एआई रिपोर्ट जारी की, जो एशिया पेसिफिक में एआई के अडॉप्शन पर व्यापक रुझान प्रस्तुत करती है। लेनोवो द्वारा नियुक्त आईडीसी रिपोर्ट, जिसमें भारत में 150 से अधिक सहित 900 से अधिक सीआईओ का सर्वेक्षण से पता चलता है कि एशिया पेसिफिक में कंपनियां 2023 की तुलना में 2024 में एआई खर्च को 45 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बना रहीं हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि एशिया पेसिफिक के संगठन 2023 की तुलना में 2024 में एआई पर व्यय 45 फीसदी बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। अमित लूथरा, एमडी भारत, लेनोवो आईएसजी ने कहा कि एआई प्लेबुक उपभोक्ताओं के नज़रिए से रुझान लेकर आई है। भारत में सीआईओ, एआई को लेकर सबसे ज़्यादा आश्वस्त हैं, 95 फीसदी इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि यह प्रतिस्पर्धी लाभ देगी। वहीं 57 फीसदी का मानना है कि यह उनके संगठनों के लिए गेमचेंजर साबित होगी।

### केजरीवाल सरकार को संवैधानिक संस्थाओं के प्रति कोई सम्मान नहीं : कपूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की आज पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान से आए शरणार्थियों को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बिगड़े बोलों की भाजपा नेताओं ने चुनाव आयोग में शिकायत की जिसके बाद दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज की प्रतिक्रिया दुखद एवं निंदनीय है। कपूर ने कहा है चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था है और भाजपा एक राजनीतिक दल। खेदपूर्ण है कि सौरभ भारद्वाज ने चुनाव आयोग को भाजपा की ब्रांच बताया। यह उनके बिगड़े बोल है और चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए। यह सब इतना दुखद है की अब तो लगता है की टीम केजरीवाल किसी दिन अपने विरुद्ध निर्णय देने वाले किसी न्यायालय तक को भाजपा की ब्रांच ना कह डाले।

### भाजपा ने चुनाव आयोग से की केजरीवाल पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** भाजपा ने देश में सीएए लागू होने के बाद अरविंद केजरीवाल द्वारा दिए जा रहे बयानों को हिंदू और सिख शरणार्थियों के लिए अपमानजनक बताते हुए चुनाव आयोग से केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा और भाजपा नेता ओम पाठक के नेतृत्व में सिख नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को चुनाव आयोग से हिंदू-सिख शरणार्थियों के खिलाफ अपमानजनक बयान देने के लिए अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# विकसित भारत के लिए सुरक्षित होना जरूरी : कैप्सी

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (देशबन्धु)। देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी की है। जब देश सुरक्षित होगा तभी विकसित होगा, इसलिए हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि हर एक के अंदर सुरक्षा की संस्कृति की भावना विकसित हो यह बात आज यहां सेंट्रल एसोसियेशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री (कैप्सी) की ओर से आयोजित राउंड टेबल कांफ्रेंस में सुरक्षा से जुड़े 50 से अधिक वक्ताओं ने कही। इस अवसर पर सुरक्षित भारत के लिए राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा संस्कृति का पोस्टर और लोगो जारी किया गया।

कैप्सी के चेयरमैन कुंवर विक्रम सिंह ने कहा कि सुरक्षित भारत के लिए राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा संस्कृति अभियान को गृह मंत्रालय ने सैद्धांतिक रूप से इस सिद्धांत को स्वीकार कर लिया है और अपने सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा की संस्कृति के विकास के लिए एक विस्तृत अभियान का विकास एवं क्रियान्वयन करना है। यह अपने नागरिकों की सुरक्षा और सामाजिक संरचना को मजबूत बनाने की ओर भारत के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विभिन्न विधियों, प्रक्रियाओं, जनजागरुकता कार्यक्रमों, सरकारी सहयोग और विश्वविद्यालयों एवं नागरिक समाज संगठनों के साथ बहुआयामी दृष्टिकोण का उपयोग करके अभियान अपनी सुरक्षा बढ़ाने और राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देने के लिए नागरिकों का ज्ञान, कौशल, और जागरुकता बढ़ाने पर केंद्रित है।




उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय सहयोग कर रहा है और कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर पांच एकड़ में बनेगा विशेष आर्थिक क्षेत्र

### उपराज्यपाल ने दी प्रस्ताव को मंजूरी, विकसित होगा कार्गो इंफ्रास्ट्रक्चर

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (देशबन्धु)। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 5 एकड़ क्षेत्र में विशेष आर्थिक जोन-मुक्त व्यापार क्षेत्र की स्थापना को मंजूरी दी। इसके शुरू होने के बाद कार्गो इंफ्रास्ट्रक्चर और दूसरी गतिविधियों से संबंधित लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही इससे रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इसकी मदद से निर्यात, वेयर हाउसिंग, व्यापार और एयरपोर्ट कॉम्पलेक्स में संबंधित सेवाओं के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों शुरू होंगी। यह उद्यमियों को कर लाभ प्रदान करने के अलावा, लाइसेंसिंग, मंजूरी और अन्य नियमों से जुड़े समस्याओं को आसान बनाएगा।



नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने दिल्ली को एक पायलट एयर कार्गो हब के रूप में चिन्हित किया है। इसमें टियर 1, 2 और 3 स्तर के बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने पहले ही हवाई अड्डे पर दो कार्गो टर्मिनल और लॉजिस्टिक्स केंद्र विकसित करके टियर 1 और 2 के बुनियादी ढांचे को विकसित किया हुआ है।

# समाज विकास क्रांति पार्टी पूरे देश में लड़ेगी चुनाव : अशोक सिंह

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (देशबन्धु)। समाज विकास क्रांति पार्टी (एसवीकेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले के बाद सुरक्षा की मांग को लेकर दिल्ली प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने अपने और पार्टी समर्थकों पर हुए हमले को लेकर बात की, अशोक सिंह ने बसपा सुप्रीमो मायावती पर खुलकर आरोप लगाते हुए कहा कि वह उनके बहुत सारे राज जानते हैं और पोल खुलने के भय से उन्होंने एसवीकेपी के राष्ट्रीय महासचिव पर अपने गुंडों से हमला कराया है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके ऊपर हुए जानलेवा हमले के बाद भी पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है और वह अपनी सुरक्षा के लिए पीएमओ तक अपनी आवाज उठाएंगे। साथ ही इस गुंडागर्दी को ख़त्म करने और देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए उनकी पार्टी पूरे देश में लोकसभा चुनाव लड़ेगी।




समाज विकास क्रांति पार्टी (एसवीकेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पुलिस के रवैये के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो के साथ वह काफी समय तक काम कर चुके हैं और उनके बहुत सारे राज जानते हैं। नई पार्टी बनाने पर अपना नुकसान देखते हुए उनकी तरफ से आए दिन धमकियां मिल रहीं हैं। इसलिए ही उनकी पार्टी के महासचिव सुनील सक्सेना पर ग्रेटर नोएडा में हमला कराया गया।

## केजरीवाल को झटका, अदालत का समन पर रोक से इनकार

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा जारी समन पर रोक लगाने से एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को इनकार कर दिया। ईडी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया गया था कि सीएम केजरीवाल ने अब खत्म हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उसके समन का पालन नहीं किया।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष ही उचित आवेदन दे सकते हैं। न्यायाधीश ने कहा कि छूट के लिए, आप निचली अदालत में जा सकते हैं। सीएम केजरीवाल ने ईडी की शिकायत पर उन्हें समन जारी करने के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा के आदेश के खिलाफ दो पुनरीक्षण याचिकाएं दायर की हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल पर स्विचिंग पोस्ट की मौजूदा इमारत का नवीनीकरण |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,01,48,755.73/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,00,800/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 27.03.2024 (10.30 बजे) से 10.04.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 10.04.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 20364203 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 15A-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 14.03.2024 832/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारतपे के चेयरमैन के खिलाफ ट्वीट हटाने का आदेश




**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को फिनटेक फर्म भारतपे के सह-संस्थापक और पूर्व प्रबंध निदेशक अशनीर ग्रोवर को 48 घंटे के भीतर कंपनी और उसके अधिकारियों के खिलाफ अपने ट्वीट हटाने का आदेश दिया। अदालत ने अश्नीर को उनके उस ट्वीट को हटाने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने भारतपे बोर्ड के अध्यक्ष और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार को छोटे लोग कहा था। अश्नीर ने एक्स पर पोस्ट किया था कि एसबीआई चेयरमैन छोटे लोग लगते हैं। और उनके मूल में कुछ बहुत गलत है। अदालत ने आदेश दिया कि अश्नीर और उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर द्वारा किए गए ट्वीट और पोस्ट को 48 घंटों के भीतर हटा लिया जाना चाहिए। अदालत ने पाया कि अश्नीर ने भारतपे और उसके अधिकारियों और निदेशकों के बारे में अदालत के निर्देश के बावजूद अपमानजनक पोस्ट करना जारी रखा।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षो के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:-

| क्रम सं | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 20.03.2024 को 10:30 बजे | 12191 (F1, F2 & R1), 12330 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 12908 (F1), 12918 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 20958 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 2. | 21.03.2024 को 10:30 बजे | 12066 (F1), 12428 (F1), 12646 (F1), 14731 (F1 & R1), 15060 (F1 & R1), 20408 (F1), 20473 (F1 & R1), 20488 (F1), 22168 (F1 & F2), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 3. | 22.03.2024 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12148 (R1), 12444 (F1), 12481 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22421 (F1, F2 & R1) |
| 4. | 26.03.2024 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी में - 12226/12225, 12236/12235, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12488/12487, 14033/14034, 22412/22411, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर गाडी संख्या 22418/22417 |
| 5. | 27.03.2024 को 10:30 बजे | 12284 (F1), 12424 (F1), 14014 (F1), 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 & R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (Fl, F2 & R1), 22168 (R1), 22418 (F1), 22654 (F1) |
| 6. | 28.03.2024 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12382 (F1), 12425 (F1) 12432 (F1), 12455 (F1), 12562 (F1), 14041 (F1), 14553 (F2), 15035 (F2), 22454 (F1, F2 & R1) |
| 7. | 01.04.2024 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12034 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12916 (F1), 12986 (F1), 22414 (F1), 22472 (F1, F2 & R1), 22806 (F1) |
| 8. | 02.04.2024 को 10:30 बजे | 12045 (F1), 12265 (F), 12754 (F1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14681 (F1), 20938 (F1 & R1), 22401 (F1) |

**महत्वपूर्ण सूचना:** 1. ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section). पर जाने की सलाह दी जाती है।

2. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।

3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओ/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमो और शर्तो के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधो के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है।

849/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Tender Notice**

**Invitation to Tender: Purchase of Medical Mobile Unit - General OPD**

**Synergy Sansthan, Harda, Madhya Pradesh**

Synergy Sansthan, is a not-for-profit organization, invites interested and qualified vendors to submit tenders for the purchase of a Medical Mobile Unit. The successful bidder will be responsible for the purchase, fabrication work on the MMU, medical equipments, including RTO expenses and delivery at Harda, Madhya Pradesh.

Details of the Tender:
" Model: Force Traveler 4020 WB T2 DV or Similar other companies
" Scope of Work: Purchase, Medical Equipment's and fabrication work ( for MMU general opd, RTO expenses, and delivery to Harda, Madhya Pradesh.
" Tender Submission Deadline: [Specify the 25/03/2024 and 5 PM, e.g., 10 days from the date of this notice]
" Pre Bid meet: 23/03/2024
" Bid will be open on 4:30 PM on 25/03/2024
" Contact Email: synergysansthan@gmail.com

**Instructions for Tender Submission:**
1. Interested parties must submit their tenders to the provided email address, synergysansthan@gmail.com, by the specified deadline. In PDF file (Password protected file)
2. The subject line of the email should include "Tender for Medical Mobile Unit - Force Traveler 4020 WB T2 DV or similar other companies.
3. Include all necessary documents, such as technical and financial bids, company profile, and any other relevant information.
4. Late submissions will not be considered.
5. Delivery within 30 days after selection.
6. Scope of work- Three Mobile Medical Unit
7. Synergy Sansthan reserves the right to reject any or all tenders and is not bound to accept the lowest-priced tender.

**Enquiries:**
For any enquiries or clarifications regarding the tender, please contact Mr. Vivek Yadav or Email us on synergysansthan@gmail.com, contact number - 9926367673
Sincerely,
SYNERGY SANSTHAN

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “आज लोहिया नगर स्थित हिन्दी भवन में आवासीय, औद्योगिक, कन्वीनियेन्ट शॉपिंग भूखंड, दुकान भूखंड, आवासीय भूखंड एवं पेट्रोल पम्प आदि अन्य सम्पत्तियों की नीलामी आयोजित की गई। जिसमें मधुबन बापूधाम योजना के एक औद्योगिक भूखंड की बोली छोड़ी गई।

**सीपी त्रिपाठी, जीडीए अपर सचिव**

## एक सप्ताह में शुरू होगा एमपी 2 की मरम्मत का काम

**नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। एमपी टू रास्ते पर स्थित एलिवेटेड सड़क की मरम्मत का काम एक सप्ताह में शुरू कराने की तैयारी है। मरम्मत के काम के लिए शुक्रवार को प्राधिकरण ने एजेंसी का चयन कर लिया है। औपचारिकता के लिए शनिवार से काम शुरू करा दिया जाएगा

यह एलिवेटेड सड़क सेक्टर-18 से 60 अंडरपास तक बनी हुई है। इसकी सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है। इससे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसको देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने पिछले महीने टेंडर जारी किया था। टेंडर में सात एजेंसी आईं थीं। इनमें से एक एजेंसी का चयन शुक्रवार को कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह केपीसी एजेंसी है। इस एजेंसी को प्राधिकरण की तरफ से काम कराने के लिए पत्र जारी कर दिया गया है। मरम्मत का का यह काम 14 करोड़ 56 लाख रुपए की लागत से होगा। उम्मीद है कि यह एजेंसी एक सप्ताह में काम शुरू कर देगी। काम शुरू होने पर पूरा होने में करीब छह महीने का समय लगेगा। मरम्मत के काम के दौरान जाम न लगे, इसके लिए यह काम रात में किया जाएगा। एक लेन बंद कर काम होगा जबकि दूसरी लेन पर ट्रैफिक चलता रहेगा।

## ऑटोमेशन सिस्टम पर कार्य करेगा जलकल विभाग

- महाप्रबंधक जल ने लिया डेमो
- विजयनगर जोन के वार्डों से होगी शुरुआत

**गाजियाबाद,** 15 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम जहां स्मार्ट वर्किंग की ओर बढ़ रहा है। वहीं नगर आयुक्त के नेतृत्व में सभी विभाग हाईटेक की तरफ अग्रसर हो रहे हैं। इसी क्रम में जलकल विभाग बेहतर वर्किंग कर रहा है। महाप्रबंधक जल के पी आनंद द्वारा ऑटोमेशन पद्धति का डेमो लिया जिसमें शहर के सभी पंप की मॉनिटरिंग एक ही स्क्रीन पर की जा सकेगी तथा किस पंप को किस समय चलना है और किस समय बंद होना है पूरी जानकारी भी प्राप्त होगी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह कार्य जलकल विभाग प्रारंभ करने जा रहा है जिसके लिए विजयनगर के वार्डों के अंदर कार्य प्रारंभ करने की योजना बनाई जा रही है।



महाप्रबंधक जल ने बताया कि जलापूर्ति को सुदृढ़ करने का कार्य निरंतर चल रहा है इसी के साथ-साथ पंपों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पंप का समय से बंद होना और समय से चालू होना इस पर जोर देते हुए कार्रवाई की जा रही है तथा वर्किंग को स्मार्ट भी किया जा रहा है शहर में चल रही पंप की संपूर्ण जानकारी एक ही प्लेटफार्म पर प्राप्त हो सके।

**जलापूर्ति हेतु पंपों पर पूरी मॉनिटरिंग रखें अधिकारी : नगर आयुक्त**

इसके लिए ऑटोमेशन तकनीकी पर भी कार्य जलकल विभाग कर रहा है। विजयनगर के वार्ड संख्या 14 तथा वार्ड संख्या 58 में टीम को बुलाकर डेमो लिया गया विजयनगर जोन अंतर्गत 30 एच पी 10 तथा 5 एच पी मिलकर 211 पंप हैं, जिनके लिए टेक्निकल कंपनियों से संपर्क करते हुए ऑटोमेशन पद्धति पर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। कौन सा पंप चल रहा है कौन सा पंप बंद है जानकारी प्राप्त हो रहेगी पंप की खराबी की तत्काल जानकारी भी प्राप्त होगी। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जिला आपूर्ति भी कराई जाएगी अन्य संबंधित जानकारी भी ऑटोमेशन सिस्टम के तहत संबंधित टीम को रहेगी डेमो में जानकारी दी गई।

## कचरा प्रोसेसिंग साइट पर अचानक पहुंचे नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 15 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कचरा प्रोसेसिंग साइट का अचानक निरीक्षण किया। मौके पर कचरा प्रक्रिया किया जा रहा था। मशीनों के माध्यम से आरडीएफ व अन्य कार्रवाई पर कार्य चल रहा था। मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश भी उपस्थित रहे, संबंधित टीम मौके पर कार्य कर रही थी। नगर आयुक्त ने कार्य की रफ्तार बढ़ाने की निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेरोन कंपनी तथा रोज कंपनी की टीम से वार्ता करते हुए कचरा प्रोसेसिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए। वर्तमान में साइट पर पांच बड़ी मशीन कचरा निस्तारण का कार्य कर रही हैं, रिफ्यूज ड्राइव फ्यूल बनाकर सूखे कचरे का निस्तारण किया जा रहा है तथा खाद बनाकर गीले कचरे का निस्तारण किया जा रहा है नगर आयुक्त द्वारा प्रतिदिन 2000 से 2500 टन कचरे का निस्तारण करने की निर्देश दिए गए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि न केवल शहर के भारी मात्रा में सृजित कूड़े का निस्तारण व्यवस्था पूर्वक कराया जा रहा है बल्कि आसपास स्थान पर किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ध्यान भी गाजियाबाद नगर निगम रख रहा है। सड़कों को व्यवस्थित किया गया है प्रतिदिन सुख तथा गीले कचरे को अलग-अलग करते हुए कचरे का प्रोसेसिंग साइट पर निस्तारण किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान आसपास के क्षेत्र में भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिसके क्रम में प्रकाश की सुविधा मार्गों की सुविधा तथा किसी प्रकार की गंदगी ना हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए निरीक्षण लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर बेहतर कार्य की निर्देश दिए, मौके पर स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ निर्माण विभाग की टीम भी उपस्थित रही।

**कार्य की रफ्तार बढ़ाने के लिए कड़े निर्देश**



**कचरा प्रोसेसिंग क्षमता बढ़ाने के लिए उपकरणों की संख्या बढ़ाए टीम : नगर आयुक्त**

## सार संक्षेप

### चार बकरे और 30 हजार रुपए चोरी

**नोएडा।** बरौला गांव स्थित मीट की दुकान से चोर चार बकरे और 30 हजार रुपये चोरी कर फरार हो गए। काफी तलाश करने के बाद भी जब बकरे नहीं मिले तो दुकान के मालिक ने इसकी शिकायत सेक्टर-49 पुलिस से की। शिकायत में बुलंदशहर के अगौता निवासी मोहम्मद शोएब ने बताया कि सेक्टर-49 स्थित विशाल मेगा मार्ट के पीछे उसकी मीट की दुकान है। दुकान शोएब ने किराये पर ले रखा है। बीते दिनों रात दस बजे दुकान बंद कर शोएब घर चले गए। अगले दिन जब वह सुबह दुकान पर आए तो चार बकरे और अंदर रखे 30 हजार रुपए गायब मिले। तीन मार्च को सवा तीन बजे तड़के चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरों की पहचान के लिए पुलिस दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### मारपीट के मामले में दो वांछित गिरफ्तार

**नोएडा।** कार खड़ी करने को लेकर मारपीट कर युवक को घायल कर देने के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को फेज तीन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि 11 मार्च को पुस्ता रोड़ काली मंदिर के पास रहने वाले एक युवक से कार की पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपियों ने उस पर लोहे की सरिया से हमला कर उनको गंभीर रूप से घायल कर दिया। दुर्घटना में युवक को गंभीर चोटें आ गई। जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले में घायल युवक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर गुरुवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान रामराज उर्फ बाबूलाल निवासी सेक्टर 66 और मुकेश शाह निवासी सेक्टर 66 के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### पब्लिक पॉलिसी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**नोएडा।** एमिटी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को पब्लिक पॉलिसी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें तकनीकी सत्र में क्या प्रौद्योगिकी इंसानों पर भारी पड़ेगी और वैसे यह किसका ग्रह है विषय पर परिचर्चा की गई। जिसमें सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए गेल लिमिटेड के चीफ विजिलेंस ऑफिसर संदीप सरकार ने कहा कि वर्तमान समय एक बहुत ही दिलचस्प समय है जिसमें संस्कृति, प्रशासन, तकनीक, अर्थव्यवस्था सभी का विकास हो रहा है। देश विश्व की तृतीय सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, और विकास पर ध्यान केन्द्रीत होकर कैपिटल निवेश बढ़ रहा है। गौतमबुद्धनगर के डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने छात्रों से कहा कि पब्लिक पॉलिसी के क्षेत्र में तकनीकी के उपयोग से समाज के के लिए नई नीतियों का निमार्ण आवश्यक है। नई नीतियों के निर्माण के दौरान समाज की आवश्यकता के साथ पर्यावरण के सरंक्षण का ध्यान अवश्यक रखे।

## चुनावी बिगुल बजने से पूर्व, व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए तैयार नगर निगम



**गाजियाबाद,** 15 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए गाजियाबाद नगर निगम योजना बना रहा है जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सभी अधिकारियों की बैठक की गई। जिसमें चुनाव संबंधित सभी कार्रवाई पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए बैठक में समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे शहर में चुनाव के दौरान होने वाले कार्यों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। लोकसभा के चुनाव के लिए नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें निर्माण विभाग को विशेष जिम्मेदारी देते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिसके अंतर्गत सभी बूथों को व्यवस्थित करने, बूथों पर रंगाई पुताई की व्यवस्था करने, तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कहा गया है। इसी प्रकार प्रकाश विभाग को प्रकाश व्यवस्था करने तथा सफाई व्यवस्था को बहुत ही अधिक बेहतर करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी को कहा गया है, गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में किसी प्रकार की कमी ना रहे इसका विशेष ध्यान रखने के लिए टीम को तैयार करते हुए मोटिवेट किया गया है, नगर आयुक्त द्वारा जोनल प्रभारी को चुनाव घोषणा के उपरांत सभी राजनीतिक विज्ञापन होर्डिंग हटाने के लिए भी निर्देश दिए गए हैंद्य उन्होंने अवकाश दिवस में भी अपने कार्यों को पूर्ण करने के लिए भी कहा गया है।



- नगर आयुक्त ने अधिकारियों ली बैठक
- कभी भी हो सकती है चुनाव घोषणा, सतर्क रहे अधिकारी : विक्रमादित्य सिंह मलिक

## जीडीए की नीलामी में 10.40 करोड़ में बिका औद्योगिक भूखंड

**गाजियाबाद,** 15 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शुक्रवार को आयोजित नीलामी में 10.40 करोड़ रुपए की संपत्ति की बिक्री की। इस दौरान मधुबन बापूधाम योजना के औद्योगिक भूखंड की अधिकतम नीलामी लगी।

जीडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि आज लोहिया नगर स्थित हिन्दी भवन में आवासीय, औद्योगिक, कन्वीनियेन्ट शॉपिंग



भूखंड, दुकान भूखंड, आवासीय भूखंड एवं पेट्रोल पम्प आदि अन्य सम्पत्तियों की नीलामी आयोजित की गई। जिसमें मधुबन बापूधाम योजना के एक औद्योगिक भूखंड की बोली छोड़ी गई। इस दौरान प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, सहायक अभियन्ता सुरजीत, विनय कुमार वर्मा सहायक अभियन्ता, लेखाकार योगेन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक प्रभात कुमार मौजूद थे।

## निगम ने की चार पार्किंग स्थलों की नीलामी, कमाए 21.51 लाख

**गाजियाबाद,** 15 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में पार्किंग नीलामी की गई, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, प्रभारी पार्किंग डॉक्टर संजीव, पार्षद उदित मोहन गर्ग व अन्य संबंधित उपस्थित रहे। पांच कंपनियों द्वारा पार्किंग के लिए कार्रवाई की जिसमें से शहर के चार स्थानों की पार्किंग का अलॉटमेंट किया गया, संपूर्ण कार्रवाई पूरी करते हुए गाजियाबाद नगर निगम के चार पार्किंग को नीलम किया गया है रिपोर्ट नगर आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी लगभग 21 लाख 51000 नीलामी से गाजियाबाद नगर निगम को प्राप्त होंगे। प्रभारी पार्किंग द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार पार्किंग व्यवस्था हेतु कार्रवाई जोरों से की जा रही है जिसके क्रम में नगर निगम मुख्यालय में पार्किंग नीलामी कराई गई ऑपूलेंट मॉल के बाहर की पार्किंग लगभग चार लाख 60 हजार में दी गई, मोहन नगर सरदार पटेल मूर्ति के पास की पार्किंग 1 लाख 60000 में दी गई, आरटीओ स्थित पार्किंग लगभग 2 लाख से अधिक में दी



गई, कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र की पार्किंग 12 लाख 51 हजार में दी गई चारों पार्किंग स्थल साडे 4 महीने के लिए आवंटित किए गए हैं।

गाजियाबाद नगर निगम पार्किंग व्यवस्था को लेकर नियम अनुसार कार्रवाई कर रहा है शहर में आवागमन सरल हो तथा वाहन पार्किंग एरिया में सुरक्षित रहे विशेष ध्यान रखा जा रहा है वहीं दूसरी ओर पार्किंग संचालन करने वाले ठेकेदारों को भी नियम अनुसार पार्किंग शुल्क वसूलने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।

## भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महिलाओं का योगदान अहम : अग्रवाल

**नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को सूर्या संस्थान एवं अंश फाउंडेशन के तत्वावधान में यूएनओ थीम 2024 इन्वेस्ट इन वीमेन, एक्सेलरेट प्रोग्रेस के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोएडा के सेक्टर-12 में आयोजित



इस कार्यक्रम के दौरान मौजूद संस्थान के छात्र-छात्राओं ने भारत की प्रख्यात महिलाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान महिला रोग एवं कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सतेंद्र कौर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि डीसीपी प्रीति यादव मौजूद रहीं। इस अवसर पर विशेष अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि सूर्या संस्थान आज नोएडा में महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुका है। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं यहां के कार्यक्रम में हिस्सा लेती हैं। संस्थान में लगातार महिला सशक्तिकरण का काम आगे बढ़ रहा है। इस दौरान बच्चियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर फर्जीवाड़े से संबंधित दस्तावेज बरामद

**नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। कागजों पर 3500 से अधिक फर्जी कंपनी और फर्म बनाकर 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक के जीएसटी फर्जीवाड़े में शामिल कुणाल मेहता की दो दिन की रिमांड शुक्रवार शाम को समाप्त हो गई। रिमांड के दौरान उसकी निशानदेही पर पुलिस को जीएसटी फर्जीवाड़े से संबंधित कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। इस दौरान 25 हजार के इनामी हिसार निवासी कुणाल मेहता उर्फ गोल्डी ने कई ठिकानों के बारे में भी जानकारी दी। उसे दिल्ली समेत अन्य ठिकानों पर ले भी जाया गया। फर्जीवाड़े में शामिल कई अन्य आरोपियों के बारे में भी पुलिस को कुणाल से जानकारी मिली है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर धोखाधड़ी के नेटवर्क से जुड़े लोगों के बारे में पूरी जानकारी 48 घंटे की रिमांड के दौरान एकत्र की। सेक्टर-20 थाना प्रभारी ने बताया कि जीएसटी फर्जीवाड़े में फरार चल रहे कुणाल मेहता पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस की घेराबंदी बढ़ती देख उसने चार मार्च को सूरजपुर स्थित अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसकी जानकारी होने पर मामले की जांच कर रही नोएडा पुलिस ने अदालत से उसकी पुलिस रिमांड मांगी थी। अदालत ने उसे 48 घंटे के लिए पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश दिए। जिसके बाद गुरुवार को पुलिस उसे रिमांड पर ले आई। कुणाल हिसार में सेकेंड हैंड कारों की खरीद और ब्रिकी का कारोबार करता है। करीब एक साल पहले वह अपने ही गांव के पास के रहने वाले एक युवक के संपर्क में आया। वह जीएसटी फर्जीवाड़े के गिरोह में शामिल होकर फर्जी फर्म खोलकर सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहा था। कुणाल उसके इशारे पर रुपये और दस्तावेजों को ठिकानों तक पहुंचाने का काम करियर के रूप में करता था। वह कई बार गिरोह के सदस्यों के कहने पर नोएडा आया था।

**12 अन्य की तलाश में जुटी पुलिस की टीमें**

इसके बाद जीएसटी नंबर लेकर फर्जी बिल बनाकर जीएसटी रिफंड प्राप्त कर सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाते थे। जांच मे यह पता चला है कि जालसाज फर्जी कंपनियों को जीएसटी नंबर के साथ ऑन डिमांड बेच देते थे। इन कंपनियों के नाम पर पैसे जमा कर काले धन को सफेद किया जा रहा था। इस फर्जीवाड़े में अबतक 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 12 अन्य की तलाश में पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## 70 करोड़ की ठगी का आरोपी पांच दिन की पुलिस रिमांड पर

**नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-18 में फर्जी कंपनी खोलकर दिल्ली निवासी कारोबारी से 70 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को नोएडा पुलिस ने पांच दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि शुक्रवार सुबह 11 बजे शुरू हो गई। इस दौरान पुलिस आरोपी से पैसे की रिकवरी करने का प्रयास करेगी। आरोपी को पुलिस ने बीते दिनों बेंगलुरु से गिरफ्तार किया था।

उसने कंपनी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर पीड़ित कारोबारी के साथ ठगी की थी। सेक्टर-20 थाना प्रभारी ने बताया कि दिल्ली के व्यवसायी शाकिर हुसैन ने पांच दिसम्बर 2023 को थाने में दी शिकायत में बताया था उसकी मुलाकात कुछ समय पहले रमानी कलपती रामचंद्रन वेंकटा निवासी चेन्नई तमिलनाडु से हुई थी। आरोपी ने उनसे खुद को एक व्यवसायी होने की बात कही। इसके बाद आरोपी ने शाकिर हुसैन को उनकी कंपनी में निवेश कर कर मोटा मुनाफा कमाने की बात कही। इस दौरान आरोपी ने कंपनी में निवेश के नाम पर कई महीने में पीड़ित व्यवसायी से कई बार में कुल 70 करोड़ रुपए ले लिए। कुछ महीने तक आरोपी ने शिकायतकर्ता को मुनाफे के रुपए वापस किए। कुछ माह बाद आरोपी अचानक से अपना फोन बंद करके फरार हो गया। पीड़ित जब सेक्टर 18 स्थित कंपनी में पहुंचा तब पता चला कि कंपनी फर्जी है और रमानी कलपती पूर्व में भी कई लोगों से ठगी कर चुका है। जिसके बाद उसने इसकी शिकायत पुलिस से की। सेक्टर 20 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच करने के लिए पुलिस की एक टीम को लगाया था।

नोएडा पुलिस की टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चेन्नई स्थित उसके आवास पर पहुंची। इस दौरान आरोपी वहां से बेंगलुरु चला गया। जिसके बाद उसका पीछा करते हुए नोएडा पुलिस की टीम ने आरोपी को बेंगलुरु से दबोच लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था। अब उसे रिमांड पर लिया गया है। ठगी से संबंधित कई राज पुलिस अगले चार दिन तक आरोपी से उगलवाएगी।

## ढोल नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-82 स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस शुक्रवार को ढोल नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली



गयी। कलश यात्रा सेक्टर पॉकेट 7 में घूमती हुई पुन: शिव मंदिर परिसर स्थित कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा के दौरान सेक्टर की महिलाओं ने कलश अपने सर पर धारण कर भक्ति गीतों के साथ वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कलश यात्रा के उपरांत मंत्रोच्चार के बीच पुराण पूजन एवं व्यास जी का तिलक कर पूजन किया गया। कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास आचार्य विनोद कृष्ण महाराज ने भागवत माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि जब कोटि जन्मों का पुण्य उदय होता है। तब जाकर हमें श्रीमद्भागवत कथा सुनने को मिलती है। कथा के श्रवण मात्र से हमारे मेरु पर्वत के समान पापों का शमन हो जाता है। इसलिए जीवन में हमेशा नेक कार्य करते रहना चाहिए। परोपकार की भावना हमारे जीवन को श्रेष्ठता प्रदान कर भगवान के निकट ले जाने का कार्य करती है वहीं दुर्व्यसन हमें पतन की ओर ले जाते हैं। कथा व्यास आचार्य विनोद कृष्ण ने कथा सुनाते हुए कहा कि पावन नैमिषारण्य तीर्थ में सूत जी महाराज कथा सुना रहे हैं और सौनकादिक ऋषि श्रोता के रूप में कथा का श्रवण कर रहे हैं। सूत जी ने भागवत का महात्म्य बताते हुए कृष्ण भक्ति को श्रेष्ठ बताया। भक्ति, ग्यान, वैराग्य की विषद व्याख्या के अलावा गोकरण धुन्धकारी की कथा एवं शुकदेव जन्म आदि की कथा सुनाई। इस अवसर पर पंडित विनोद मिश्रा, राघवेंद्र दुबे, पंडित अजय पांडेय, पंडित अजय शुक्ला, अशोक तिवारी, सुशील पाल, विष्णु शर्मा, राजवीर सिंह, रमेश चंद्र दास सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

## छात्राएं सीखेंगी फुटबॉल, एमओयू किए साइन

**नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-44 स्थित महामाया बालिका इंटर कॉलेज में शुक्रवार को विद्यालय और नॉर्दन यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें फुटबॉल क्लब द्वारा महामाया बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को कोचिंग के लिए पूर्ण सहयोग एवं मुफ्त प्रशिक्षण देने पर समझौता हुआ। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य नीरज टंडन ने कहा कि विद्यालय कि छात्राओं के लिए खेल में प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर है। इससे आने वाले समय में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर विभिन्न प्रतियोगिता में खेलने का मौका भी मिलेगा। डॉ. सोनिका ने बताया कि क्लब द्वारा हफ्ते में तीन से चार दिन छात्राओं को फुटबॉल का प्रशिक्षण और अभ्यास कराया जाएगा। इसके अलावा आने वाले समय में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी। इस मौके पर विद्यालय प्रभारी छाया जैन, संतोष आर्या, मोनिका, स्वरा और नीतू कककड़ उपस्थित रही।

## हिंडन नदी में नहाने गए दो बच्चे डूबे

**नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। ककराला पुश्ता के उस पार बहने वाली हिंडन नदी में शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे के करीब दो बच्चे नहाने के दौरान डूब गए। देर शाम तक दोनों बच्चों को तलाशा नहीं जा सका है। गोताखोर और एनडीआरएफ की टीमें बच्चों को तलाश रही हैं। स्टीमर से भी बच्चों की तलाश की जा रही है। एसीपी दीक्षा सिंह ने बताया कि मूलरूप से बुलंदशहर के जहांगीराबाद का रहने वाले आठ वर्षीय आशीष शुक्रवार को अपने साथी बदायूं निवासी 11 वर्षीय अभिषेक के साथ हिंडन नदी में नहाने गया था। इसी दौरान बहाव के कारण दोनों नदी में डूब गए। उधर से गुजर रहे एक व्यक्ति ने बच्चों को नदी में डूबते हुए देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फेज दो थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। दिल्ली से निजी गोताखोरों को बुलाया गया। गाजियाबाद की एनडीआरएफ की आठवीं बटालियन की टीम को भी घटना की जानकारी दी गई। देर शाम तक पुलिस, गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम बच्चों की तलाश में लगी रहीं। एनडीआरएफ की टीम ने लखनावली तक बच्चों की तलाश की।

- गोताखोर और एनडीआरएफ की टीमें बच्चों की तलाश कर रही

हादसे की जानकारी जैसे ही बच्चों के परिजनों को मिली वह मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर भीड़ जमा रही और कई लोगों ने बच्चों की तलाश में जुटी टीमों का वीडियो भी बनाया है। पानी का बहाव अधिक और गहराई में जाने से दोनों की पानी में डूबने की आशंका जताई जा रही है। अभी भी नदी में डूबे दोनों बच्चे नहीं मिले हैं। बच्चों की तलाश में शनिवार को भी अभियान चलाया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि आशीष केजी का जबकि अभिषेक तीसरी कक्षा का छात्र है। दोनों दोस्त भी हैं। आशीष और अभिषेक के माता-पिता एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। शुक्रवार को दस बजे के करीब दोनों के परिजन घर से नौकरी करने के लिए जैसे ही निकले आशीष और अभिषेक नहाने के लिए नदी की ओर चल दिए। दोनों अक्सर नदी में नहाने जाया करते थे। नहाते समय दोनों नदी में डूब गए। डूबने समय दोनों ने जब शोर मचाया तो नदी के पास से गुजर रहा एक व्यक्ति भागकर वहां पहुंचा और बच्चों को बचाने का प्रयास भी किया।

उवाच

समग्र शिक्षा (समेकित शिक्षा) के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने व पढ़ाने के लिए नोडल टीचर को प्रशिक्षित करने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र पर दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था:
**हरेंद्र कुमार शर्मा, नोडल शिक्षक संकुल**

# कैपिटल ज़ोन

# वर्षों के इंतजार के बाद मिले मालिकाना हक से खिले घर खरीदारों के चेहरे

■ सीनियर सिटीजन सोसाइटी व मिग्सन अल्टिमो में फ्लैटों की रजिस्ट्री जारी ■ मुख्यमंत्री, ग्रेनो प्राधिकरण व चेयरमैन के प्रति फ्लैट खरीदारों ने जताया आभार

**ग्रेटर नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। जब नौकरी में थे तभी मैंने फ्लैट खरीदा था। 25 साल से रजिस्ट्री होने का इंतजार कर रहे थे। हम तो उम्मीद छोड़ चुके थे। अब यह मौका आया है। मुझे बहुत खुशी हो रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आईडीसी मनोज कुमार सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और सोसाइटी के प्रतिनिधियों की वजह से आज यह मौका आया है। यह उदगार है सीनियर सिटीजन सोसाइटी के उन 845 खरीदारों का, जो 25 साल पहले फ्लैट तो खरीद लिए, लेकिन रजिस्ट्री न होने की वजह से मालिकाना हक नहीं पा रहे थे। यही स्थिति सेक्टर ओमीक्रॉन श्री स्थित मिग्सन अल्टिमो सोसाइटी के लगभग 800 फ्लैट खरीदारों का भी है। रजिस्ट्री शुरू होने की खुशी उनके चेहरे पर दिख रही है।

दरअसल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आईडीसी मनोज कुमार सिंह की पहल और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीइओ एनजी रवि कुमार के प्रयासों से न सिर्फ सीनियर सिटीजन सोसाइटी, बल्कि मिग्सन अल्टिमो जैसे कई प्रोजेक्टों के फ्लैट खरीदारों के नाम रजिस्ट्री शुरू हो चुकी है। इससे ग्रेटर नोएडा में ही हजारों फ्लैट खरीदारों को अपना मालिकाना हक मिल सकेगा। इस पहल से इन सोसाइटियों के लोग गदगद हैं। उनके चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दे रही है। शुक्रवार को सीनियर सिटीजन सोसाइटी व मिग्सन अल्टिमो के कई फ्लैट खरीदारों से बातचीत की गई। उन्होंने अपने शब्दों में खुशी जाहिर की।



मैंने 21 साल पहले घर खरीदा था। अब तक रजिस्ट्री अटकी हुई थी। आज यह मौका आया है। मेरे फ्लैट की अब रजिस्ट्री हो रही है। मेरे लिए आज का दिन जिंदगी से सबसे बड़ा दिन है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आईडीसी मनोज कुमार सिंह और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीइओ एनजी रवि कुमार व सीनियर सिटीजन सोसाइटी के प्रतिनिधियों का दिल से आभार व्यक्त करते हैं।

**राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, निवासी सीनियर सिटीजन सोसाइटी**



मैंने 2001 में फ्लैट खरीदा था। तभी से रजिस्ट्री होने का इंतजार कर रहा था। मेरे फ्लैट की अब रजिस्ट्री हो रही है। यह मौका दिलाने के लिए प्राधिकरण और सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने बहुत प्रयास किए हैं। हम सभी का दिल से आभार व्यक्त करते हैं।

**डॉ. कैलाश चंद्र तिवारी, निवासी सीनियर सिटीजन सोसाइटी**



मैं इस सोसाइटी में 21 साल से रह रहा हूं। तभी से अपने फ्लैट की रजिस्ट्री होने का इंतजार कर रहा था। हम तो उम्मीद छोड़ चुके थे। अब यह अवसर आ गया है। इसे हमें मालिकाना हक भी मिला है और अब हमारे फ्लैट की वैल्यू भी बढ़ गई है।

**देवेंद्र, निवासी सीनियर सिटीजन सोसाइटी**



हमने उम्मीद छोड़ दी थी कि कभी हमारे फ्लैट की भी रजिस्ट्री होगी, लेकिन मुख्यमंत्री, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और सोसाइटी के प्रतिनिधियों की वजह से आज यह दिन आया है। अपना फ्लैट होने के बावजूद हमें बैंक से लोन नहीं मिल पा रहा था। अब लोन भी मिलेगा और प्रॉपर्टी की वैल्यू भी बढ़ेगी।

**एसके मेहता, निवासी सीनियर सिटीजन सोसाइटी**



इस सोसाइटी की पहली रजिस्ट्री मेरे नाम पर हुई है। मुझे बहुत खुशी हो रही है। दो साल से फ्लैट में रह रहे थे, लेकिन रजिस्ट्री नहीं होने से लगता ही नहीं था कि ये अपना फ्लैट है।

**मोनिका राय, निवासी मिग्सन अल्टिमो सोसाइटी**



मैं यहां तीन साल से रह रही हूं, लेकिन फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो रही थी। डर लगा रहता था। आज सीएम योगी आदित्यनाथ और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन व सीईओ की वजह से हमारे फ्लैट की रजिस्ट्री हो रही है।

**रेणुका चौधरी, निवासी मिग्सन अल्टिमो सोसाइटी**



फ्लैट की रजिस्ट्री होने की बहुत खुशी है। ऐसा लग रहा है कि आज ही फ्लैट खरीदा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वजह से यह खुशी नसीब हुई है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने भी बहुत सहयोग किया। सभी का धन्यवाद।

**रजनीश कौर, निवासी मिग्सन अल्टिमो सोसाइटी**



आज मेरा जिंदगी का सबसे बड़ा दिन है। एक नौकरीपेशा के लिए अपने लिए एक घर खरीदना बहुत बड़ी बात होती है, लेकिन फ्लैट की रजिस्ट्री अटकने से हमेशा चिंत बनी रहती थी। अब जाकर हमें मालिकाना हक मिल सका है।

**रविंद्र सिंह यादव, निवासी मिग्सन अल्टिमो सोसाइटी**

## फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क व औद्योगिक सेक्टर-34 की परियोजनाओं को मिलेगी गति

■ सेक्टर की बाकी बची जमीन को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू
■ रबूपुरा की 510 हेक्टेयर जमीन का एसआईए कराए जाने की सूचना जारी

**ग्रेटर नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। यीडा सिटी में बनने जा रही अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के दूसरे चरण में जमीन की समस्या आड़े हाथ नहीं आएगी। परियोजना के लिए आरक्षित की गई जमीन का बाकी बचा हिस्सा भी अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रबूपुरा गांव की 503 हेक्टेयर जमीन का सोशल इंपैक्ट असिस्मेंट (एसआईए) कराए जाने की सूचना जारी कर दी गई है। इससे मेडिकल डिवाइस पार्क और औद्योगिक सेक्टर-34 की आगामी परियोजनाओं को भी रफ्तार मिलेगी। वहीं नोएडा एयरपोर्ट के समीप सेक्टर-10 में विकसित होने वाली इलेक्ट्रॉनिक सिटी की जमीन का एसआईए कराए जाने की सूचना भी जारी कर दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक सिटी के लिए तीन गांवों की लगभग 306 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जाएगी।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-21 में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना के लिए 1000 एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। इसमें से लगभग 750 एकड़ जमीन प्राधिकरण के कब्जे में है, जबकि शेष जमीन पर किसानों के कोर्ट चले जाने व अतिक्रमण होने की वजह से कब्जा नहीं मिल पाया था। प्रथम चरण में 230 एकड़ में विकसित होने वाली फिल्म सिटी का शिलान्यास अगले कुछ माह में हो सकता है। विकासकर्ता कंपनी मेसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स को प्रदेश सरकार द्वारा आवंटन पत्र जारी कर दिया गया है।

परियोजना के दूसरे चरण में प्रस्तावित विला, गोल्फ कोर्स, मनोरंजन पार्क आदि के लिए जमीन की अड़चन सामने न आए, इसके लिए शेष जमीन को अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रबूपुरा गांव की 510.6481 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू करने के तहत एसआईए की सूचना जारी कर दी गई है। इसमें फिल्म सिटी के साथ सेक्टर-28 में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क और औद्योगिक सेक्टर- 34 की जमीन शामिल है। दरअसल मेडिकल डिवाइस पार्क में जापान की तीन कंपनियां 80 हजार करोड़ का निवेश करने के लिए आगे आयी हैं। 100 प्रतिशत एफडीआई के तहत निवेश करेंगी। कंपनियों को 25- 25 एकड़ के भूखंड आवंटित किए जाएंगे। जापान की राजधानी टोक्यो में 17-19 अप्रैल तक मेडटेक जापान सम्मेलन होने जा रहा है। प्राधिकरण के अधिकारी कार्यक्रम में हिस्सा लेकर निवेश को आकर्षित करने का प्रयास करेंगे। विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए रोड शो भी किया जाएगा।

मेडिकल डिवाइस पार्क में अब तक 74 कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। औद्योगिक सेक्टर- 34 में भी योजना लाने की तैयारी चल रही है। वहीं नोएडा एयरपोर्ट के समीप विकसित होने वाली इलेक्ट्रॉनिक सिटी के लिए आकलपुर, म्याना और मकसूदपुर गांव की 306. 0603 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जाएगी। दरअसल यमुना प्राधिकरण वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 3700 हेक्टेयर से अधिक का लैंडबैंक तैयार करने का लक्ष्य चल रहा है। भूमि अधिग्रहण पर 6000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क और औद्योगिक सेक्टर- 34 की शेष बची जमीन को अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एसआईए की सूचना जारी कर दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक सिटी से प्रभावित तीन गांवों का एसआईए कराए जाने की भी सूचना जारी कर दी गई है
**: डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण**

## युवाओं को अब उनकी योग्यता के अनुसार मिलेगा रोजगार

■ उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षित युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए उठाया एक और कदम

**ग्रेटर नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा शिक्षित युवाओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार संगम पोर्टल प्रारंभ किया है, जिससे अब युवाओं को अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार मिलना होगा आसान और नियोजकों को भी अपनी आवश्यकतानुसार एम्प्लोयी मिलने के विकल्पों में होगी वृद्धि। जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री ने बताया कि 'रोजगार संगम पोर्टल' के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा नव निर्मित उपरोक्त पोर्टल पर सभी उच्च शिक्षण संस्थानों, सभी फाइनल ईयर के छात्र एवं छात्राओं का होगा नि:शुल्क पंजीकरण। साथ ही प्रदेश के सभी नियोजकों (कंपनी एक्ट के अनुसार) को भी करना होगा पंजीकरण। इससे नियोजक स्वयं ,संस्थाओं द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों का कर सकेंगे चयन और संस्थानों के सहयोग से करेंगे प्लेसमेंट ड्राइव। पोर्टल से कॅरियर काउंसलिंग की सेवा भी अभ्यर्थियों को नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। पोर्टल के माध्यम से विदेशों में भी जॉब ऑफर प्राप्त कर सकेंगे।

## राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान शासी निकाय की 9वीं बैठक में प्रगति को रखा

**ग्रेटर नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा की शासी निकाय की 9वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख सचिव चिकत्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, महानिदेशक चिकत्सा शिक्षा किंजल सिंह, वित्त विभाग के सचिव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा रवि कुमार, डॉ. राकेश कपूर, पूर्व निदेशक, एसजीपीजीआई लखनऊ, लेफ्ट जनरल डॉ. बिपिन पूरी, बालेश्वर त्यागी एवं डॉ. ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता व मुख्य चिकत्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ श्रीवास्तव उपस्थित रहे। निदेशक राकेश गुप्ता ने शासी निकाय सदस्यों को संस्थान की प्रगति एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। मुख्य सचिव ने संस्थान के कार्यों व प्रयासों की सराहना की और निदेशक से इसे आगे जारी रहने की अपेक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने संस्थान के मेडिकल कालेज प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ अस्पताल के बेसमेंट की सीपेज कार्य के लिए विकास प्राधिकरण को डीआरडीओ अथवा आईआईटी रुड़की जैसी संस्थाओं आदि की सेवाएं लेने की सलाह दी। संस्थान में संविदा पर संकाय सदस्य की भर्ती किए जाने की मंजूरी दी। इसके साथ ही नियुक्त डाक्टर्स को संस्थान में बनाये रखे जाने के लिए उपाय किये जाने को कहा। गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती में आउटसोर्स कर्मचारियों को वरीयता दिलाए जाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने को कहा। शासी निकाय सदस्य बालेश्वर त्यागी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एसजीपीजीआई की तरह जिम्स को विकसित किये जाने की आवश्यकता जतायी जिस पर मुख्य सचिव ने भी उनकी बात से सहमति जताते हुए आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया। संस्थान की जीनोम सीक्वेंसिंग लैब में प्रदेश के अन्य संस्थानों से सैंपल्स जॉच के लिए भेजे जाने हेतु चिकत्सा शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। मानकीकरण के अनुसार अतिरिक्त पदों के सृजन का प्रस्ताव शासन को भेजने को कहा। साथ ही संस्थान के सुचारू संचालन हेतु हर सम्भव मदद के साथ ही आवश्यक बजट उपलब्ध कराए के निर्देश दिए।



## विघटनकारी प्रौद्योगिकियों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। जीएल बजाज कॉलेज में 'विघटनकारी प्रौद्योगिकियों' पर दो दिवसीय दूसरे अंतरराष्ट्रीय आईईईई सम्मेलन का आयोजन कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के द्वारा किया गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी और एमएनआईटी इलाहाबाद के पूर्व प्रोफेसर बी.डी. चौधरी ने मुख्य अथिति और सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र जेएमआई नई दिल्ली के मानद, अतिरिक्त निदेशक प्रोफेसर तनवीर अहमद एवं राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बिजनौर के निदेशक प्रोफेसर नीलेंद्र बादल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेकर सम्मलेन को संबोधित किया। सम्मेलन के अध्यक्ष एवं कॉलेज निदेशक प्रो. (डॉ.) मानस कुमार मिश्रा, सीएसई विभाग के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) संसार सिंह चौहान ने दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। दिन के पहले सत्र में एकेटीयू, लखनऊ में आर एंड डी विभाग में औद्योगिक परामर्श के एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. रिजवान खान ने सम्बंधित विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

## खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखवाया अपना कौशल

**ग्रेटर नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। राम-ईश संस्थान में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आर.सी. शर्मा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। राम-ईश संस्था के लगभग 80 से ज्यादा छात्र एवं छात्राओं ने अपना खेल कौशल दिखाया।



इस स्पोर्ट्स मीट के दौरान 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, रिले रेस टग ऑफ वॉर, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट इत्यादि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

सभी प्रतियोगिताओं में छात्र एवं छात्राओं ने अपना परचम लहराया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एवं इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष ने सभी विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक और रजत पदक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की प्रबंधक निदेशिका प्रतिभा शर्मा, सभी विभागो के प्राचार्य डॉ. पल्लवी, मनीष लवहाले, मनीष कुमार विश्नोई एवं डॉ. संगीता गुप्ता उपस्थित रहे।

## वर्षों से खराब पड़ी सड़क का निर्माण शुरू

**रबूपुरा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। विगत वर्षों से खराब पड़ी सड़क पर निर्माण कार्य प्रारंभ होने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। समाजसेवी अधिवक्ता अर्चना सिंह ने प्राधिकरण के जेई अरुण कुमार व योगेंद्र कुमार के साथ फीता काटकर निर्माण कार्य शुरू कराया। अर्चना सिंह ने बताया उक्त सड़क निर्माण के लिए लंबे समय से प्रयास किया जा रहा था और मेहनत रंग लाई। आज 14 मार्च 2024 को यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी से जेवर तक का 60 मी रोड बनाया जा रहा है। उक्त सड़क की स्थिति बहुत ज्यादा खराब थी जिससे कि लोगों को काफी परेशानी व दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता था। अथक प्रयास के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ है। समाजसेविका अधिवक्ता अर्चना सिंह का कहना है कि समाज हित कार्यो के लिए वह सदैव प्रयासरत हैं और जनता के आशीर्वाद से जनहित कार्य करने का हौसला मिलता है।



## स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत विद्यार्थियों को मिले स्मार्टफोन

**ग्रेटर नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की स्महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्टफोन वितरण का आयोजन किया गया। इस समारोह में कुल 176 छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवींद्र कुमार सिन्हा और कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी थे। समारोह में डीन अकेडेमिक प्रो. निरंजन प्रकाश मल्कानिया, प्रो. बंदना पांडेय एवं सभी छात्रावासों के अभिरक्षक भी उपस्थित थे। यह समारोह यूपीडेस्को द्वारा स्मार्टफोन के लिए चयनित छात्रों के लिए आयोजित किया गया था, जो बीए, बीएससी, बीकॉम आदि पाठ्यक्रम से संबंधित थे। इस कार्यक्रम में स्मार्टफोन का वितरण जीबीयू के छात्रों को उपर्युक्त सरकारी योजना के अन्तर्गत किया गया था जिसका आयोजन की जिम्मेदारी डॉ. मनमोहन सिंह की थी। छात्रों को कुलपति प्रो. सिन्हा ने स्मार्टफोन दिये जिसे पाकर छात्र-छात्रायें खुशी एवं उल्लास से प्रफुल्लित थे। स्मार्टफोन के चयनित छात्रों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि सरकार द्वारा स्मार्टफोन देने का उद्देश्य है युवाओं को देश के विकास हो रहे डिजिटल इंडिया कार्यक्रम और उनके पढ़ाई में इसके न होने वाले बाधाओं का सामना करने के लिए कुशल बना।




पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबूपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उप जिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 72/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 24.01.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 734<br>730<br>1345 | धर्मपाल सिंह पुत्र पैमी सिंह व श्रीमती रामवती पत्नी धर्मपाल सिंह नि0 मडैया माजरा, ग्राम धनौरी कला तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीचन्द | 47 | पुत्र |
| | | | श्री आजाद सिंह नागर | 43 | पुत्र |
| | | | श्री ईश्वर सिंह नागर | 36 | पुत्र |
| | | | श्री सन्दीप नागर | 33 | पुत्र |
| | | | श्रीमती माया | 59 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310**
**जिला गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-रोजा याकूबपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन-आर.ओ.जे.01688, भूखण्ड संख्या-219, पाकेट-सी, क्षेत्रफल-650 वर्ग मीटर श्री कृष्ण चन्द पुत्र श्री बिशम्बर, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री कृष्ण चन्द पुत्र श्री बिशम्बर की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री अरूण त्यागी, अनुज त्यागी, अजय त्यागी पुत्रगण स्व० श्री कृष्ण चन्द त्यागी, श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी स्व० श्री कृष्ण चन्द, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री अरूण त्यागी, अनुज त्यागी, अजय त्यागी पुत्रगण स्व० श्री कृष्ण चन्द त्यागी, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री अरूण त्यागी, अनुज त्यागी, अजय त्यागी पुत्रगण स्व० श्री कृष्ण चन्द त्यागी, निवासी-ग्राम-रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (कृषक आबादी )**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मिर्जापुर में उप जिलाधिकारी सदर जनपद गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 338/एस0टी0-एस0डी0एम0/2017 दिनांक 04.10.2017 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित हैं।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रूस्तमपुर | 34<br>36<br>254 | स्व0 श्री राजवीर शर्मा पुत्र स्व0 श्री जमुनालाल नि0 ग्राम मिर्जापुर परगना दनकौर गौतमबुद्धनगर | श्रीमती कुसुम शर्मा | पत्नी | 42 वर्ष | |
| | | | श्री योगेश शर्मा | पुत्र | 36 वर्ष | |
| | | | श्री अनिल कुमार | पुत्र | 24 वर्ष | |
| | | | कु0 सविता | पुत्री | 14 वर्ष | ना0बा0 स्व0 श्रीमती कुसुम देवी माता स्वयं |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रौनीजा में उप जिलाधिकारी जेवर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 156/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 18.12.2023 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्रीमती रामेश्वरी पत्नी विकल निवासी ग्राम रौनीजा, परगना जेवर, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रौनीजा | 552<br>557<br>558<br>563<br>555 | श्रीमती रामेश्वरी पत्नी विकल निवासी ग्राम रौनीजा, परगना जेवर, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | मनोज कुमार भाटी | पुत्र | 33 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सुन्दरवती | पुत्रवधु | 37 वर्ष | विधवा |
| | | | | कु0 वशु | पौत्री | 13 वर्ष | अविवाहित |
| | | | | लव भाटी | पौत्र | 09 वर्ष | अविवाहित |
| | | | | सविता देवी | पुत्री | 32 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बल्लूखेड़ा, माजरा मूंजखेड़ा में उप जिलाधिकारी सदर जनपद गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 177/एस0टी0-एस0डी0एम0/12 दिनांक 26.09.2012 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मूंजखेड़ा | 816<br>817<br>843 | स्व0 श्री हरपाल पुत्र रामचन्द नि0 बल्लूखेड़ा, परगना दनकौर गौतमबुद्धनगर | श्रीमती महादेवी | पत्नी | 58 वर्ष | |
| | | | श्री बिजेन्द्र | पुत्र | 30 वर्ष | |
| | | | श्री बोबी | पुत्र | 22 वर्ष | |
| | | | कु0 अंशू | पुत्री | 18 वर्ष | |
| | | | श्रीमती भागन | पुत्री | 34 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती पूनम | पुत्री | 26 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती फूलो | पुत्री | 24 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रौनीजा में उप जिलाधिकारी जेवर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 242/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 30.01.2023 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्री नरायन सिंह पुत्र डूंगर सिंह निवासी ग्राम रौनीजा, परगना जेवर, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रौनीजा | 552<br>557<br>558<br>563 | श्री नरायन सिंह पुत्र डूंगर सिंह निवासी ग्राम रौनीजा, परगना जेवर, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | सुमरती | पत्नी | 77 वर्ष | विधवा |
| | | | | राजकुमार | पुत्र | 47 वर्ष | विवाहित |
| | | | | पप्पू सिंह | पुत्र | 43 वर्ष | विवाहित |
| | | | | प्रमोद कुमार | पुत्र | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | | विमलेश | पुत्री | 49 वर्ष | विवाहित |
| | | | | पूजा देवी | पुत्री | 45 वर्ष | विवाहित |
| | | | | कुसुम | पुत्री | 35 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

# अभिमत

*अकल्पनीय सत्य है वह केवल बढ़ती असमानता नहीं है बल्कि इसका हमारे समाज, हमारी राजनीति और हमारी अर्थव्यवस्था के लिए क्या अर्थ है? इसकी बहुत अधिक छानबीन किए बिना उस असमानता की बढ़ती खाई का उत्सव है और उस असमानता की शांतिपूर्वक सहन करने की दी गई स्वीकृति है। उत्पन्न परिस्थिति पूरी तरह से अंबानी परिवार की वजह से नहीं है। हालांकि शीर्ष पर मौजूद एक प्रतिशत लोग विषमता में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं जबकि कहीं और व्यस्त रहने वाले 99 प्रतिशत लोग इन कहानियों का जश्न भी मना सकते हैं।*

## जामनगर प्री-वेडिंग समारोह आखिर क्या बताता है?



जगदीश रत्तनानी

पिछले साल ही संसद में शादियों और विशेष अवसरों पर 'फिजूलखर्ची' को सीमित करने के लिए एक निजी सदस्य के विधेयक पर चर्चा हुई थी। कांग्रेस सांसद जसबीर सिंह गिल ने अपने विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के बयान में लिखा- 'शादी स्टेटस सिंबल और शो-ऑफ का प्रतीक बन गया है। इस अनुचित और फिजूलखर्ची के खिलाफ खड़े होने का यही सही समय है।' 2016 और 2017 में भी इसी तरह के विधेयक अन्य सांसदों द्वारा पेश किए गए थे। इस तरह के निजी सदस्य विधेयकों में से किसी के भी पारित होने की उम्मीद नहीं थी लेकिन ये विधेयक रिकॉर्ड पर कुछ टिप्पणियां छोड़ गये हैं।

रिलायंस समूह के अध्यक्ष मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी के 'प्री-वेडिंग' समारोह की चकाचौंध से देश अभी उबर रहा है लेकिन इस संदर्भ में हमारी शादियों में मितव्ययिता का यह प्रयत्न कितना विचित्र लगता है? अंबानी परिवार ने इन उत्सवों के लिए मुंबई में अपनी 27 मंजिला हवेली एंटीलिया के बजाय जामनगर को प्राथमिकता दी और उसी समय अनंत अंबानी को एक संवेदनशील व पशु-प्रेमी व्यवसायी के रूप में लॉन्च किया जिसने रिलायंस की जामनगर रिफाइनरियों के पास एक निजी हाथी अभयारण्य स्थापित किया है। इसका मुख्यालय मुंबई में है। यहीं पर समूह के संस्थापक और अनंत के दादा धीरूभाई अंबानी ने पहली बार अपनी पहचान बनाई थी।

**भारत को इस बदलाव को कैसे देखना चाहिए? यह सर्वविदित है कि असमानता बढ़ी है। इससे भी बदतर बात यह है कि उदारीकरण ने जिन हितों को कमजोर करने की मांग की, वे अभी भी मौजूद हैं तथा पहले से कहीं अधिक तरीकों और क्षेत्रों में ज्यादा शक्तिशाली हैं। उनमें से एक है कारोबार और राजनीतिक गठजोड़ जो अत्यधिक केंद्रित और गैर-पारदर्शी राजनीतिक चंदे की ओर रुझान से आगे बढ़ता है।**

उन दिनों गगनचुंबी इमारतों के मुकाबले झुग्गियों के रूप में मुंबई का पिक्चर पोस्टकार्ड इस्तेमाल किया जाता था। एक रोजमर्रा की कहानी- दो पक्ष जो फिर भी एक-दूसरे को देखते थे और नियमित रूप से रास्ते पार करते थे। सफलता का विचार 21वीं मंजिल पर बैठा अमीर आदमी था (तब एंटीलिया नहीं बना था), दिवंगत संपादक और व्यंग्यकार बेहराम कॉन्ट्रैक्टर का सिक्का चलता था जो 'बिज़ीबी' के नाम से लिखते थे जिसमें बॉम्बे के उतार-चढ़ाव के तीक्ष्ण संकेत थे। जिंदगी शाब्दिक और रूपक रूप से ऊंची वृद्धि को आगे बढ़ाने के बारे में थी। बॉम्बे की लोककथाएं उन कुछ लोगों से बनी थीं जो नाटकीय रूप से आकाश पर उदित हुए थे। इन लोगों में धीरूभाई अंबानी भी थे।

21वीं सदी के बदले हुए भारत में वह पिक्चर पोस्टकार्ड अब दो तस्वीरों में विभाजित है जो अब एक-दूसरे का सामना नहीं करते हैं। एक में चमक-धमक, शानो-शौकत वाली लगभग 1,000 करोड़ रुपये के कथित खर्च वाली अंबानी प्री-वेडिंग के रूप में चित्रित किया गया है। सिर्फ इस आयोजन के लिए जामनगर एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में बदल गया क्योंकि सारे विश्व से हवाई जहाज विशेष मेहमानों को दावत देने और मौज-मस्ती करने के लिए यहां ला रहे थे। इस प्री-वेडिंग ने एक भारतीय मैग्नेट की शक्ति और पहुंच का भी प्रदर्शन किया जिसके निमंत्रण ने दुनिया के कुछ सबसे बड़े व्यापारिक आइकन को निजी जेट में यहां आने को मजबूर कर दिया। दूसरी तस्वीर हमारी वास्तविकता है। एक ऐसे राष्ट्र की जो तेजी से विकास कर रहा है लेकिन 'किसी भी वित्तीय कठिनाई को कम करने' के लिए अभी भी लगभग 60 प्रतिशत लोग मुफ्त खाद्यान्न पर जी रहे हैं। सरकार ने कहा है कि मुफ्त खाद्यान्न योजना पर पांच साल के लिए 11.8 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। वैश्विक स्टारडम की राह पर बढ़ रहे एक निजीकरण, उदारीकृत भारत में दो विश्वों को एक साथ चित्रित किया गया है।

सर्वव्यापी रूप में परिभाषित इस बॉम्बे पोस्टकार्ड ने शहर को शर्मिंदा किया है जो भारत का वित्तीय केंद्र भी है। यह फ्रेम लोकप्रिय संघर्षों के लिए भी एक ट्रिगर था जिसमें कुछ ने तत्कालीन शक्तिशाली मिल-मालिकों और अन्य को चुनौती दी और जो झुग्गीवासियों के प्रतिष्ठित जीवन जीने के अधिकारों के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट तक गए।

जामनगर के इस पिक्चर पोस्टकार्ड के दायरे में कुछ अन्य कहानियां हैं जो नए भारत में एक विषय के रूप में उभरी हैं। ये बेमिसाल आडम्बर और शक्ति की कहानियां हैं, एक कुलीन स्थान जहां सारी ताकतें इस तरह काम करती हैं जैसे कि वह धरती पर और कहीं काम नहीं करती हैं। काम करने का तरीका भौतिक धन की तुलना से एकदम अलग होता है। प्री-वेडिंग के मौके पर पीआर के जरिए दिखाए गए समाचार शो के अतिरंजित समारोहों की बाढ़ से संकेत मिलता है कि यह कथा-कथन स्वयं उस तमाशे का एक हिस्सा था।

फिर भी, केवल आकार और फालतू के पैमाने से प्रेरित प्री-वेडिंग को बढ़ा-चढ़ाकर बताना और एक परिवार की एक घटना पर अधिक ध्यान केंद्रित करना एक गलती हो सकती है। कहानी केवल ध्यान आकर्षित करने का काम करती है जिसमें अभिजात वर्ग बड़ी संख्या में शामिल है, जहां शक्ति और विशेषाधिकार को घमंड के साथ दिखाया जाता है, जहां सुनहरे द्वारों के माध्यम से बाहर के जगत को अंदर से अलग किया जाता है। एक ही विषय के अलग अलग संस्करण विभिन्न स्तरों पर खेलते हैं।

उदाहरण के लिए, आज की मुंबई में सत्ता के दलालों और राजनीतिक रूप से जुड़े लोगों द्वारा निर्मित 70 मंजिलों की ऊंची इमारतों और लोगों को बड़े-बड़े दरवाजों और अन्य बेरीयरों से घेर दिया गया है जो बाहर की झुग्गियों को अंदर के जगमगाते स्विमिंग पूल से अलग करते हैं। गेट का प्रबंधन करने के लिए कलफ लगी सुरक्षा वर्दी में गार्ड तैनात हैं लेकिन प्रवेश द्वार पर काम करने वाले हाथ निश्चित रूप से झुग्गियों में रहने वालों के हैं।

जो अकल्पनीय सत्य है वह केवल बढ़ती असमानता नहीं है बल्कि इसका हमारे समाज, हमारी राजनीति और हमारी अर्थव्यवस्था के लिए क्या अर्थ है? इसकी बहुत अधिक छानबीन किए बिना उस असमानता की बढ़ती खाई का उत्सव है और उस असमानता की शांतिपूर्वक सहन करने की दी गई स्वीकृति है। उत्पन्न परिस्थिति पूरी तरह से अंबानी परिवार की वजह से नहीं है। हालांकि शीर्ष पर मौजूद एक प्रतिशत लोग विषमता में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं जबकि कहीं और व्यस्त रहने वाले 99 प्रतिशत लोग इन कहानियों का जश्न भी मना सकते हैं।

भारत को इस बदलाव को कैसे देखना चाहिए? यह सर्वविदित है कि असमानता बढ़ी है। इससे भी बदतर बात यह है कि उदारीकरण ने जिन हितों को कमजोर करने की मांग की, वे अभी भी मौजूद हैं तथा पहले से कहीं अधिक तरीकों और क्षेत्रों में ज्यादा शक्तिशाली हैं। उनमें से एक है कारोबार और राजनीतिक गठजोड़ जो अत्यधिक केंद्रित और गैर-पारदर्शी राजनीतिक चंदे की ओर रुझान से आगे बढ़ता है। असमता विशेषज्ञ लुकास चांसेल और थॉमस पिकेटी ने लिखा है कि- भारत ने पिछले तीन दशकों में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की आय हिस्सेदारी में सबसे अधिक वृद्धि देखी है। पिकेटी एट अल की विश्व आर्थिक रिपोर्ट 2022 में कहा गया है कि नीतिगत परिवर्तनों के कारण भारत अब दुनिया के सबसे असमान देशों में से एक है।

असमानता को ठीक करना कभी आसान नहीं था और इसके लिए कई बार शॉक ट्रीटमेंट देना जरूरी होता है। द्वितीय विश्व युद्ध के कारण त्रस्त अमेरिका ने शीर्ष आयकर दर 94 प्रतिशत कर दी थी और ऐसे समय में इस तरह के शॉक ट्रीटमेंट की आवश्यकता होती है। असमानता का संबंध शासन, स्थिरता, संस्थानों में विश्वास के क्षरण के मुद्दों से जुड़ा होता है और यह लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था की वैधता के लिए गंभीर निहितार्थ रखती है। फिर भी असमानता को ठीक करना तब तक असंभव है जब तक पहले यह मान नहीं लिया जाता कि जो कुछ चल रहा है वह मामलों की वांछनीय स्थिति नहीं है तथा यह देश और उसके नागरिकों के लिए स्थिर या टिकाऊ विकास का कारण नहीं बन सकता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस)**

## बीता सप्ताह

**9 मार्च**
- इंफोसिस के संस्थापत नारायण मूर्ति की पत्नी और सामाजिक कार्यों के लिए प्रसिद्ध सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति की ओर से राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए अंतरराष्ट्रीय खसरा एवं रूबेला पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर नागरिक को सरकार के फैसले की आलोचना करने का अधिकार है।
- चीन ने दुनिया में सबसे बड़ा हाई स्पीड रेल नेटवर्क बनाया।

**10 मार्च**
- पाकिस्तान में सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति बने।
- जापान के स्पेस वन कंपनी के स्वामित्व वाले जापानी कैरोस-1 रॉकेट का पहला प्रक्षेपण स्थगित कर दिया गया।
- इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन से 10 नागरिकों की मौत हो गई।
- फिनलैंड ने घोषित किया कि लाल सागर में जहाजों के सूरक्षा अभियान में फिनलैंड भी भाग लेगा।

**11 मार्च**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि अंतरित की।
- चेक सुंदरी क्रिस्ट्रीना पिस्तकोवा को मिला मिस वर्ल्ड का ताज।
- रूसी छात्रा को यूक्रेन समर्थक वाई फाई का नाम रखने के लिए हुई जेल की सजा।
- मध्यप्रदेश के कूनो चीता 'गामिनी' ने 5 शावकों को जन्म दिया।

**12 मार्च**
- पूरे देश में नागरिक संशोधन कानून (एए) लागू किया गया।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- वेट लिफ्टर मीरा बाई चानू के पेरिस में प्रशिक्षण प्रस्ताव को खेल मंत्रालय ने दी मंजूरी।
- प्रधानमंत्री मोदी ने 112 करोड़ की लागत से देश भर की 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

**13 मार्च**
- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एसबीआई ने चुनाव आयोग को सौंपा चुनावी चंदे का ब्यौरा।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने कृषक उन्नति योजना में 25 लाख किसानों को 13320 करोड़ रुपए डाले।
- नायब सिंह सैनी हरियाणा के नए मुख्यमंत्री बने।
- उत्तरप्रदेश में 8 रेलवे स्टेशनों के नाम बदले गए।
- बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी को फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में आजीवन कारावास की सजा मिली।
- कार चोरी के मामले में दिल्ली शहर नंबर वन पर सूची में शीर्ष पर।
- नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड ने तीसरी बार विश्वास मत जीता।
- चीन का ऑन लाइन साहित्य विदेशी बाजार में 4 अरब यूनान पार हुआ।

**15 मार्च**
- सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर और जानी मानी लेखिका सुधा मूर्ति ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली।
- चुनाव आयोग ने सुखबीर संधू और ज्ञानेश कुमार को नया आयुक्त चुना गया।
- डैरेन ग्रॉफ ने यार्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के प्रबंध निदेशक का पद छोड़ा।
- पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी लोकसभा सदस्य परनीत कौर भाजपा में शामिल हो गई।

## भाजपा उम्मीदवारों की सूची का बड़ा दिखावा कर रही मोदी-शाह की जोड़ी

■ सुशील कुट्टी

क्या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इन पांच वर्षों में भाजपा के सभी लोकसभा सांसदों पर नजर रख रहे थे। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में क्या ख़्याल है, जो हर 24/7 में 17-18 घंटे काम कर रहे हैं? क्या उन्होंने भाजपा सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों के पीछे भी खोजी कुत्ते लगाये थे जो 2019 के आम चुनावों के लिए चुने गये उम्मीदवार थे? अब, पांच साल बाद, मोदी-शाह की जोड़ी 2024 की सूची से मौजूदा सांसदों को हटा रही है और उनके लिए प्रतिस्थापन ढूंढ रही है। प्रधानमंत्री मोदी को भरोसा है कि '370' का उनका सपना नये और पुराने नामों के मिश्रण से पूरा होगा।

दरअसल, एक दशक तक धारणा-प्रबंधन में अपने कौशल को निखारने के बाद, मोदी अनेक लोगों द्वारा जादू की छड़ी वाले व्यक्ति माने जा रहे हैं और अगर ऐसे दो लोग हैं जिन्हें भाजपा उम्मीदवारों की कतार से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है, तो वे नरेंद्र मोदी और अमित शाह, जिनमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हैं। लेकिन यह सब जनता के लिए है, अन्यथा, यह कल्पना करना कठिन है कि नड्डा कैसे मोदी और शाह पर अपनी प्राथमिकता थोप रहे हैं। जेपी नड्डा की अपनी यथास्थिति बनाये रखने की क्षमता अवश्य ही दिव्य होनी चाहिए।

**उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सांसद हंसराज हंस ने योगेन्द्र चंदोलिया नाम के व्यक्ति को रास्ता दिया है। तथ्य यह है कि, मनोज तिवारी को छोड़कर, दिल्ली के अन्य छह भाजपा सांसद उम्मीदवार मतदाताओं के लिए स्पष्ट रूप से अजनबी हैं। मोदी और शाह भाजपा उम्मीदवारों की सूची को लेकर बड़ा दिखावा कर रहे हैं कि '370' पूरा होगा या नहीं, यह बड़ा सवालिया निशान है।**

मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और अनुराग ठाकुर ने भाजपा की सूची में जगह बनाई है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मतदाता ठाकुर और गोयल के 'परिवारवाद' से मुक्ति चाहेंगे। लेकिन यह बात मोदी-शाह को कौन बतायेगा? मुख्यधारा का मीडिया तो नहीं, जो ठाकुर के हाथों से खाता है। गोयल अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, और उनका कहना है कि गोयल को 'सुरक्षित' सीट से मैदान में उतारा गया है। गडकरी नागपुर में अपने घर पर हैं। लेकिन हरियाणा के अपदस्थ मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, जो पिछले वर्षों में मोदी की मोटर साइकिल पर सवार हुआ करते थे, को करनाल लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है और वह लोकसभा चुनावों के आदी नहीं हैं।

भाजपा की दूसरी सूची में 72 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम हैं और 32 मौजूदा सांसदों को हटा दिया गया है। इनमें केंद्रीय मंत्री दर्शनाजरदोश भी शामिल हैं। पूर्व मंत्री सदानंद गौड़ा और रमेश पोखरियाल 'निशंक' भी सूची में अपना नाम नहीं ढूंढ सके। यह ऐसा है जैसे मोदी-शाह की जोड़ी को उत्साह कम करने से खुशी मिलती है। हालांकि, कुछ अपवाद भी हैं। तेजस्वी सूर्य उनमें से एक हैं। कर्नाटक का युवा तुर्क पक्ष से बाहर नहीं है। तेजस्वी सूर्य का सार्वजनिक जुझारूपन और निजी चाटुकारिता का मिश्रण काम आया।

अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से चुनाव लड़ेंगे। पीयूष गोयल को मुंबई उत्तर दिया गया है। दूसरी सूची की एक और खासियत है पूर्व मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी। उदाहरण के लिए, त्रिवेन्द्र सिंह रावत और बसवराज बोम्मई। रावत को उत्तराखंड में हरिद्वार दिया गया है और बोम्मई को कर्नाटक में हावेरी से मौका दिया गया है। मोदी और शाह मध्य प्रदेश-राजस्थान-छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के समय से ही इस तरह की चुनावी बाजीगरी कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस बच्चे की तरह हैं जिसे खेलने के लिए एक नया खिलौना मिल गया है। मुद्दा यह है कि एक राजनीतिक नेता से लोगों का एक पूरा समूह जुड़ा होता है, उन सभी का वर्तमान और भविष्य नेता की किस्मत से जुड़ा होता है। इसलिए, जब केंद्रीय मंत्री और उडुपी चिकमंगलूर की सांसद शोभा करंदलाजे का नाम नहीं हटाया गया, तो थोड़ा झटका लगा। कम से कम, उसके पास फिर से चुने जाने का मौका है। उनके समर्थक कांग्रेस के लिए भाजपा को नहीं छोड़ेंगे।

रिकॉर्ड के लिए, दूसरी सूची में कर्नाटक और महाराष्ट्र दोनों से 20 उम्मीदवार हैं; गुजरात से 7 और हरियाणा और तेलंगाना से 6-6 उम्मीदवार। इसके अलावा मध्य प्रदेश के लिए पांच, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए दो-दो नाम शामिल हैं। इन सभी चुने गये लोगों का मोदी के '370' का हिस्सा बनना तय है। उस मामले में पुराने और ताजा नामों पर मेहनत क्यों और इस या उस सांसद को क्यों बर्खास्त किया जाये जब कोई टॉम, डिक या हैरी जीतेगा जैसा कि मोदी ने भविष्यवाणी की थी।

अनुराग ठाकुर और तेजस्वी सूर्य के नाम के साथ कुछ खास नहीं जुड़ा है। नितिन गडकरी और पीयूष गोयल की जगह रामलाल और श्यामलाल को लाया जा सकता है और रामलाल और श्यामलाल दोनों जीतेंगे। कम से कम, यही 'मोदी गारंटी' है। गुजरात में पांच सांसदों को हटा दिया गया है। क्या हमें यह मान लेना चाहिए कि सभी पांचों के प्रतिस्थापन जीतेंगे क्योंकि मोदी को 370 सीटें जीतने का भरोसा है, चाहे कुछ भी हो? कर्नाटक के 20 उम्मीदवारों में से नौ सांसदों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। इसमें कर्नाटक भाजपा प्रमुख नलिन कतील और मैसूर के सांसद प्रताप सिंह शामिल हैं, जिन्होंने संसद की सुरक्षा का उल्लंघन करने वाले 'बेरोजगार युवाओं' के प्रवेश टिकटों पर हस्ताक्षर किये थे।

दिल्ली में पूर्वी दिल्ली से सांसद क्रिकेटर गौतम गंभीर को हटा दिया गया है। अनुमान यह है कि गंभीर की जगह लेने वाले हर्ष मल्होत्रा को पार्लियामेंट-एंड से ओवर द विकेट आने वाले गेंदबाज का सामना करने के लिए गार्ड की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सांसद हंसराज हंस ने योगेन्द्र चंदोलिया नाम के व्यक्ति को रास्ता दिया है। तथ्य यह है कि, मनोज तिवारी को छोड़कर, दिल्ली के अन्य छह भाजपा सांसद उम्मीदवार मतदाताओं के लिए स्पष्ट रूप से अजनबी हैं। मोदी और शाह भाजपा उम्मीदवारों की सूची को लेकर बड़ा दिखावा कर रहे हैं कि '370' पूरा होगा या नहीं, यह बड़ा सवालिया निशान है।

## संविधान मिटाने की कोशिश भाजपा को भारी पड़ेगी

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कर्नाटक के भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने संविधान को बदलने के बारे में बयान दिया है। नरेंद्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का लक्ष्य क्यों रखा है? इसकी असली वजह बताते हुए अनंत कुमार हेगड़े ने कहा है कि -संविधान बदलने और धर्म की रक्षा के लिए इतना बड़ा बहुमत चाहिए। अनंत कुमार हेगड़े के इस बयान को केवल शरारतपूर्ण या सनसनी पैदा करने वाला नहीं माना जा सकता। दरअसल यह बीजेपी और आरएसएस का असली एजेंडा है, जो एक सांसद के जुबान के जरिए प्रकट हुआ है। इसलिए राहुल गांधी ने अनंत कुमार हेगड़े के इस बयान पर जोरदार हमला बोला। राहुल गांधी ने लिखा कि -नरेंद्र मोदी और भाजपा का लक्ष्य बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के संविधान को खत्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफरत है। राहुल गांधी ने गुजरात में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान इस बात को खास तौर पर रेखांकित किया। दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के नौजवानों का संविधान की रक्षा के लिए आह्वान करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए आप लोग आगे आएं। इंडिया आपके साथ खड़ा है। राहुल गांधी आपके साथ है।

अनंत कुमार हेगड़े के बयान पर बेहद कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी को घेरा। ट्विटर पर उन्होंने लिखा कि-समाज को बांटना, मीडिया को गुलाम बनाना, अभिव्यक्ति की आजादी पर पहरा और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु बनाकर विपक्ष को मिटाने की साजिश से नरेंद्र मोदी भारत के महान लोकतंत्र को संकीर्ण तानाशाही में बदलना चाहते हैं। राहुल गांधी ने आगे लिखा कि -हम आजादी के नायकों के सपनों के साथ यह षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे और अंतिम सांस तक संविधान से मिले लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे।



प्रो. रविकांत

**देश के मतदाताओं को समझ लेना चाहिए कि 'अबकी बार 370 पार' का नारा क्यों दिया जा रहा है? नरेंद्र मोदी का 370 पार का लक्ष्य संविधान को बदलने के लिए है। दरअसल, संविधान में आमूलचूल परिवर्तन के लिए लोकसभा और राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत तथा आधे से अधिक राज्यों में संबंधित पार्टी की सरकारें होना जरूरी है। अनंत कुमार हेगड़े ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि हमारा 370 पार करने का लक्ष्य संविधान को बदलने और धर्म की रक्षा करने के लिए है।**

अनंत कुमार हेगड़े के बयान से भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस के छिपे हुए मंसूबे उजागर हो गए हैं। देश के मतदाताओं को समझ लेना चाहिए कि 'अबकी बार 370 पार' का नारा क्यों दिया जा रहा है? नरेंद्र मोदी का 370 पार का लक्ष्य संविधान को बदलने के लिए है। दरअसल, संविधान में आमूलचूल परिवर्तन के लिए लोकसभा और राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत तथा आधे से अधिक राज्यों में संबंधित पार्टी की सरकारें होना जरूरी है। अनंत कुमार हेगड़े ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि हमारा 370 पार करने का लक्ष्य संविधान को बदलने और धर्म की रक्षा करने के लिए है। ऐसे में दो सवाल उठते हैं। पहला, अगर संघ और भाजपा की यही मंशा है तो नरेंद्र मोदी और मोहन भागवत खुले तौर पर इसका ऐलान क्यों नहीं करते? क्या उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए डंके की चोट पर यह ऐलान नहीं करना चाहिए कि 'तुम मुझे वोट दो मैं तुम्हें संविधान बदलकर दूंगा'। मोदी और भागवत को खुलकर बोलना चाहिए कि फिर से सत्ता में आने पर हम डॉ. अंबेडकर का संविधान बदलकर हिंदू राष्ट्र का नया संविधान बनाएंगे। हालांकि यह आरएसएस का कोई नया एजेंडा नहीं है। संघ ने हमेशा से संविधान, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का अनादर किया है। संविधान पारित होने के 3 दिन बाद 30 नवंबर 1949 को आरएसएस के मुख्य पत्र ऑर्गनाइजर ने अपने संपादकीय में लिखा था कि, 'भारत के संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं है क्योंकि इसमें मनु की संहिताएं नहीं है। इसलिए उन्हें यह संविधान स्वीकार नहीं है।' सर्वविदित है कि आरएसएस ने अपने मुख्यालय पर चार दशक तक तिरंगा नहीं फहराया। राष्ट्रगान को लेकर भी आरएसएस ने भ्रम फैलाया कि इसमें इंग्लैंड के राजा का महिमामंडन किया गया है। जबकि यह बात पूरे तरीके से निराधार और असत्य है। इसी तरह तीन रंगों की पट्टियों के मध्य में नीले रंग के बौद्ध धर्म के प्रतीक धर्मचक्र परिवर्तन से युक्त तिरंगे को आरएसएस अशुभ कहता रहा। राष्ट्रध्वज का आरएसएस ने कभी दिल से सम्मान नहीं किया। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि 20 जनवरी 2024 को जब राम मंदिर का उद्घाटन हुआ तो पूरे देश को भगवा से पाट दिया गया। इसका व्यापक प्रभाव 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस पर पड़ा। पूरे देश में लहराते भगवा झंडों से तिरंगे की आभा और शान कमजोर हुई। यह तिरंगे का अपमान है और भगवा को राष्ट्रध्वज के रूप में थोपने की नापाक कोशिश।

हिन्दुत्ववादी भाजपा जब भी सरकार में आई, संविधान को बदलने की कोशिश हुई। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में एन. वैंकट चलैया की अध्यक्षता में संविधान समीक्षा आयोग बनाया गया। विरोध के चलते अटल बिहारी वाजपेयी की मंशा पूरी नहीं हो सकी। दस साल तक केंद्र में यूपीए की सरकार में संविधान और लोकतंत्र की संस्थाएं मजबूत हुईं। 2014 में राष्ट्रवाद के छद्म और अच्छे दिन के वादे के नाम पर पूर्ण बहुमत के साथ बीजेपी सत्ता में आई। नरेंद्र मोदी के प्रधानमन्त्री बनने के बाद हिन्दुत्ववादी संगठन खुलकर डॉ अम्बेडकर के संविधान को बदलकर हिन्दू राष्ट्र का नया संविधान लागू करने के लिए मचलने लगे। सरकारी संरक्षण में ऐसे संगठन और तमाम कट्टरपंथी बेलगाम हो गए। इसके अलावा संवैधानिक पदों पर बैठे लोग भी संविधान के खिलाफ लिखने-बोलने लगे। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे वर्तमान राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई ने 8 अगस्त 2023 को संसद में कहा कि -संविधान के मूल ढांचे पर बहस होनी चाहिए। जबकि केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य मामले में (1973) सुप्रीम कोर्ट के 13 जजों की बेंच ने फैसला दिया था कि संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन नहीं किया जा सकता। 15 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष विवेक देवराय ने मिंट अखबार में एक लेख लिखा। 'देयर इज ए केस फ़ॉर वी द पीपल टू इम्ब्रेस अ न्यू कॉन्स्टिट्यूशन' शीर्षक लेख में उन्होंने लिखा कि 'भारत का संविधान औपनिवेशिक विरासत है। अब हमें एक नए संविधान की जरूरत है।' यानि डॉ. अम्बेडकर के संविधान को बदलकर नया संविधान लिखा जाना चाहिए। अब भाजपा का एक सांसद खुलकर इस नाम पर वोट मांग रहा है।

अब दूसरे सवाल पर आते हैं। इस देश का बहुसंख्यक हिन्दू दलित, पिछड़ा, आदिवासी और अल्पसंख्यक तथा महिलाएं जो संविधान द्वारा संरक्षित हैं; क्या संविधान बदलने के लिए बीजेपी को वोट करेंगे? जिस संविधान के जरिए देश के वंचित तबकों को मनुष्य होने का अधिकार मिला, नौकरी, शिक्षा पाने का अवसर मिला, स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार मिला, वोट देने का अधिकार मिला, जिस संविधान के जरिए दलितों, शूद्रों, महिलाओं को सदियों की सामाजिक गुलामी से मुक्ति मिली, जिस संविधान के जरिए इन तबकों को अपने व्यक्तित्व के विकास का मौका मिला, उस संविधान को बदलने के लिए और मनुस्मृति के आधार पर हिंदू राष्ट्र के नए संविधान के लिए क्या यह समाज बीजेपी को वोट करेगा? सच्चाई ये है कि ये मुद्दा भाजपा को बहुत भारी पड़ने जा रहा है। राहुल गांधी लगातार सामाजिक न्याय की बात कर रहे हैं। ऐसे में सामाजिक न्याय का दस्तावेज 'संविधान' को मिटाने की साजिश बीजेपी और आरएसएस को बहुत भारी पड़ेगी। दलित वंचित तबका आने वाले चुनाव में संविधान बदलने का मंसूबा रखने वालों को ही बदलने के मूड में है।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## केन्या में डॉक्टरों ने की राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**नैरोबी।** केन्या में डॉक्टरों ने गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल शुरू कर दी और सरकार पर पदोन्नति और 4,000 से अधिक मेडिकल इंटर्न की पोस्टिंग सहित उनकी शिकायतों को दूर करने में विफल रहने का आरोप लगाया। हड़ताल के कारण पूरे पूर्वी अफ्रीकी देश के अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएँ ठप्प हो गईं और मरीज़ों को बिना देखभाल के छोड़ दिया गया। हड़ताल से प्रभावित क्षेत्रों में नाकुरू, क्वाले, किलिफ़ी, मिगोरी और मोम्बासा काउंटी शामिल हैं।

# गाजा में इजरायली हमले में 21 की मौत

**गाजा,** 15 मार्च (एजेंसियां)। गाजा शहर में राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की एक सभा पर इजरायली हमले में कम से कम 21 लोग मारे गए और 150 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों ने 'शिन्हुआ' को बताया कि फिलिस्तीनियों का एक समूह सहायता प्राप्त करने के लिए गाजा में कुवैत चौराहे पर था, जब हेलीकॉप्टरों ने अपनी मशीनगनों से गोलीबारी की और सभा की ओर गोले दागे। बयान में कहा गया कि चुनौतीपूर्ण क्षेत्र की स्थितियों के बावजूद, मृतकों को ठीक करने और घायलों को निकालने के प्रयास जारी हैं। इसमें कहा गया है कि गंभीर चोटों के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इज़रायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शुक्रवार को मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया कि उसकी सेना ने दक्षिणी गाजा शहर में फिलिस्तीनियों पर गोलीबारी की। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, 'ऐसी खबरें कि आईडीएफ ने सहायता वितरण बिंदु पर दर्जनों गाजावासियों पर हमला किया, झूठी हैं।'



## गाजा में बंधक बनाए गए लोगों के परिजनों से मिले नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों से तेल अवील में मुलाकात की। बंधक परिवार फोरम के प्रवक्ता लियाट बेल सोमर ने अपने बयान में कहा, 'प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी पत्नी के साथ बंधकों के 20 परिवारों से मुलाकात की।' परिजनों ने प्रधानमंत्री से कहा कि उनके और वॉर कैबिनेट के सदस्यों के साथ ये बैठकें उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि बंधकों की रिहाई अब मुश्किल होती जा रही है और पीएम नेतन्याहू को इसके लिए कुछ करना चाहिए। वहीं, बयान में आगे कहा गया है, 'परिवारों ने नेतन्याहू से आग्रह किया कि उन्हें बंधकों की तत्काल रिहाई के लिए एक समझौते पर जल्द से जल्द पहुंचना चाहिए।'



## युद्धविराम प्रस्ताव पर इजराइल को हमास ने भेजा जवाब

**यरूशलम।** गाजा में युद्धविराम के नए प्रस्ताव पर हमास ने इजराइल को अपना जवाब भेज दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक इजराइली अधिकारी के हवाले से बताया कि मामले में मध्यस्थता कर रहे कतर के प्रधान मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी ने गुरुवार को इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया को हमास का लिखित जवाब सौंपा। इस पर इज़राइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रस्ताव पर चर्चा के लिए शुक्रवार को युद्धकालीन कैबिनेट की बैठक बुलाने की उम्मीद है। हमास ने एक बयान में पुष्टि किया कि उसने अपने जवाब में एक 'व्यापक दृष्टिकोण' प्रस्तुत किया है। इसमें युद्धविराम और गाजा में बंधकों की रिहाई शामिल है।

## सिंगापुर के उच्चायुक्त नाश्ते के लिए रामेश्वरम कैफे पहुंचे

### कहा, हम भारत में अपने दोस्तों के साथ खड़े हैं

**बेंगलुरु,** 15 मार्च (एजेंसियां)। भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग शुक्रवार को ब्रेकफास्ट के लिए बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे पहुंचे। बीते दिनों इस कैफे में आईईडी विस्फोट हुआ था, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। यह कैफे बेंगलुरु में इंटरनेशनल टेक्नोलॉजी पार्क लिमिटेड रोड पर ब्रूफील्ड में स्थित है। एक मार्च को आईईडी विस्फोट के एक हफ्ते बाद कैफे फिर से खुल गया है। उच्चायुक्त साइमन वोंग ने ब्रेकफास्ट के लिए दक्षिण भारतीय थाली और कॉफी ली। इस दौरान उन्होंने अपनी तस्वीर भी पोस्ट की। उच्चायुक्त साइमन वोंग ने लिखा, 'फिर से खुले रामेश्वरम कैफे में नाश्ता (ब्रेकफास्ट) कर खुशी हुई। हम भारत में अपने दोस्तों के साथ खड़े हैं।' कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने बीते दिनों कहा था कि एजेंसियों ने बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामले में




संदिग्ध हमलावर का लगभग पता लगा लिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 9 मार्च को संदिग्ध हमलावर की तस्वीरें और वीडियो जारी की थी। तस्वीरों में उसे फेस मास्क और पिंक कलर की टी-शर्ट पहने देखा गया था। एजेंसी ने संदिग्ध की गिरफ्तारी के लिए किसी भी सुराग और जानकारी के लिए 10 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया है। एनआईए ने मामले के सिलसिले में मोहम्मद शब्बीर को गिरफ्तार किया था।

## सुडोकू 6497

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 8 | 1 | | | | 3 |
| | | | 4 | | | 5 | 1 | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | 8 | 9 | | | 1 | | | |
| 5 | | | | 3 | 9 | 4 | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6497

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:–**

१. वाममार्गी शैव संप्रदाय जो मनुष्य की खोपड़ी लिए घूमता है
३. उपद्रव, अराजकता, घपला
५. भेंट, उपहार (उर्दू)
६. धनी व्यक्ति का पुत्र (उर्दू)
७. बंदीगृह, कारागार
९. उदाहरण, दृष्टांत (उर्दू)
१०. आगे बढ़कर स्वागत करना
१२. गांठ, बंधन, गुत्थी, जेब (उर्दू)
१३. असहमति (उर्दू)
१४. ब्रजभूमि में रहने वाला
१६. निर्जन, सन्नाटा (उर्दू)
१८. गिरना, अवनति
२०. दीप्ति, आभा
२१. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
२३. फायदेमंद

**ऊपर से नीचे:–**

१. डरपोकपन, भीरुता
२. पहनावा (उर्दू)
३. बीता हुआ समय
४. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
५. बिजली, गाज
८. एक साथ कई लोगों द्वारा मिलकर गाया जाने वाला गीत
१०. छोटा भाई
११. लौटना, पुनः आना
१२. बंधक, रेहन (उर्दू)
१३. संकेत, इशारा, मन का भाव
१४. गुरुकुल में रहकर वेदाध्ययन का काल
१५. इमारत–पुल आदि बनाने की कला
१७. कमल
१८. पक्षी, चिड़िया (उर्दू)
१९. कुशल राजनीतिक, श्रेष्ठ व्यवस्थापक
२२. देश, राज्य, पुरुरवा के वंशज काशी का पुत्र

### वर्ग पहेली–6496

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ सा | व | २ शे | ष | ■ | ■ | ३ प | रा | ४ म | र्श |
| मू | ■ | ख | ■ | ५ अं | ब | र | ■ | वे | ■ |
| ६ हि | त | र | क्ष | क | ■ | ७ दा | न | शी | ८ ल |
| क | ■ | ■ | ■ | ९ शा | र | दा | ■ | ■ | ल |
| ■ | १० आ | ग्ने | ११ या | स्त्र | ■ | ■ | १२ अ | ल | का |
| ■ | रो | ■ | पि | ■ | १३ त | था | पि | ■ | र |
| १४ उ | प | १५ स्थि | त | ■ | बे | ■ | १६ तु | १७ ल | ना |
| त्त | ■ | र | ■ | १८ मि | ला | १९ प | ■ | गा | ■ |
| २० म | री | चि | ■ | लिं | ■ | २१ ना | स | म | २२ झ |
| ता | ■ | २३ ठ | यो | द | शा | ह | ■ | ■ | ड़ी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 16 मार्च, 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष - आज आपके तन और मन का स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता है। वाणी पर संयम रखना अति आवश्यक है। बाहर का खाना-पीना संभवत: टालें। कार्यालय में सहकर्मियों से आपको लाभ होगा।

वृषभ - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। उत्साह से किसी भी काम को बेहतर कर पाने में सक्षम रहेंगे। आप के लिए काम के प्रति एकाग्र होना सरल रहेगा।

मिथुन - आज का दिन कष्टदायी होने से हर काम में सावधानी बरतें। परिजनों एवं संतान से अनबन हो सकती है। उग्रता एवं आवेग को अंकुश में रखें, ताकि बात ना बिगड़ें।

कर्क - आप का दिन आनंद और उल्लास में गुजरेगा। व्यापार में लाभ होगा। आय के स्रोत में बढ़ोतरी हो सकती है। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद का अहसास होगा। विवाह योग्य जातकों के विवाह के योग हैं।

सिंह - आज कार्यक्षेत्र में आप प्रभावी होंगे। उच्च अधिकारियों पर आपके काम का सकारात्मक असर होगा, इससे वे आप पर प्रसन्न रहेंगे। आज आप दृढ़ मनोबल और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ अपना काम पूरा करेंगे।

कन्या - आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। चिंता के कारण मानसिक परेशान रहेंगे। शारीरिक रूप से स्फूर्ति का अभाव रहने से थकान और अशक्ति का अनुभव होगा, इससे काम में भी मन नहीं लगेगा।

तुला - आज किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। क्रोध पर कंट्रोल करें। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतना आपके लिए हितकारी होगा। हितशत्रुओं से भी सावधान रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए मनोरंजन का दिन है। मित्रों के साथ पार्टी या पिकनिक में दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। वस्त्राभूषण, वाहन तथा भोजन का अच्छा सुख प्राप्त होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु - आज का दिन आपके लिए हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण छाया रहेगा, इससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यवसाय में लाभदायी दिन रहेगा।

मकर - आज आपका मन चिंताग्रस्त और दुविधायुक्त रहेगा। ऐसी मनोदशा में आप किसी भी कार्य में दृढ़ निश्चय नहीं रह पाएंगे। आज के दिन कोई भी महत्वपूर्ण कार्य न करें, क्योंकि आज भाग्य साथ नहीं देगा।

कुंभ - आज आप के स्वभाव में प्रेम छलकेगा। इस कारण मानसिक रूप से व्यग्रता का अनुभव होगा। धन कमाने की नई योजना बन सकती है। महिलाएं आभूषण, वस्त्र, सौंदर्य-प्रसाधन खरीदने में पैसा खर्च करेंगी।

मीन - आज आपका दिन शुभ फलदायी है। आपकी सृजनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। वैचारिक स्थिरता के कारण आपके काम आज अच्छी तरह से पूरे हो पाएंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1690 –फ्रांस के राजा लुईस चौदहवें ने आयरलैंड में सेना भेजी।
1846 – अमृतसर समझौते के मुताबिक कश्मीर का आधिपत्य जम्मू के हिंदू राजा गुलाब सिंह के अधीन कर दिया गया।
1922 – इंग्लैंड ने मिस्र को मान्यता दी।
1939 – चेकोस्लोवाकिया पर जर्मनी ने कब्जा किया।
1942 – वी–2 रॉकेट लांच किया गया, लेकिन उसी दौरान इसमें ब?लास?ट हो गया।
1959 –इराक और सोवियत संघ ने आर्थिक एवं तकनीक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1966 –अमेरिका ने मानवयुक्त अंतरिक्ष यान 'जेमिनी 8' लांच किया।
1976 –आठ सालों तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और 13 वर्षों तक लेबर पार्टी के नेता रहे, हैरल्ड विल्सन ने त्यागपत्र देकर सबको चौंका दिया था।
1978 – अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1982 – रूस ने पश्चिम यूरोप में नए परमाणु मिसाइलों की तैनाती रोकने की घोषणा की।
1989 –मिस्र में चिपोज के पिरामिड में 4400 साल पुरानी ममी मिली।
1995 –नासा अंतरिक्ष यात्री नॉर्मन रूसी अंतरिक्ष स्टेशन मीर का दौरा करने वाले पहले अमेरिकी बने।
1998 – चीनी राष्ट्रपति जियांग जेमिन अगले कार्यकाल के लिए पुन: राष्ट्रपति निर्वाचित।
2003 –ग्रीन स्मिथ दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट कप्तान बने।
2004 –रूस में नौ मंजिला इमारत में विस्फोट, 21 मरे।
2005 –संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कोफ़ी अन्नान ने सुपाचयी पानिचपकड़ी को अंकटाड का नया अध्यक्ष नामांकित किया।

# ऋषि सुनक ने दो मई को ब्रिटेन में आम चुनाव से किया इनकार



■ देश में जल्द चुनाव होने की अटकलों पर लगा विराम

**लंदन,** 15 मार्च (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने स्पष्ट किया है कि दो मई को आम चुनाव नहीं होगा। इससे देश में जल्द चुनाव होने की अटकलों पर विराम लग गया। गुरुवार को आईटीवी न्यूज से बात करते हुए सुनक ने यह बात कही। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पहले सुनक ने कहा था कि इस साल की दूसरी छमाही में चुनाव होंगे, लेकिन मई में चुनाव से इनकार भी नहीं किया था। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में दो मई को स्थानीय चुनाव होने हैं। संवाददाताओं के यह पूछे जाने पर कि क्या उसी समय आम चुनाव भी होगा, प्रधानमंत्री सुनक ने इनकार किया। वर्तमान सरकार का कार्यकाल अगले साल जनवरी तक है। गौरतलब है कि सर्वे के मुताबिक सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी चुनावों में मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी से पिछड़ रही है। इस पर पार्टी के कुछ सांसद स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए जल्द चुनाव कराने की वकालत कर रहे हैं।

## वियतनाम में 200 लोग विषाक्त भोजन करने के कारण अस्पताल में भर्ती

**हनोई,** 15 मार्च (एजेंसियां)। वियतनाम में खान्ह होआ प्रांत के शहर न्हा ट्रांग में एक स्थानीय भोजनालय में संदिग्ध विषाक्त भोजन करने के बाद कम से कम 195 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि एक स्थानीय चिकन चावल भोजनालय में भोजन करने के बाद 195 लोग बीमार हो गये। वियतनाम समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, बीमार लोगों में से ज्यादातर लोगों का इलाज 12 स्थानीय अस्पतालों और चिकित्सा केंद्रों में किया जा रहा है, जबकि कुछ का घरेलू इलाज किया जा रहा है। अधिकारियों ने बुधवार रात को पर्यटकों और स्थानीय लोगों सहित पहले 60 लोगों के पीड़ित होने की सूचना दी। उन सभी ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर 'ट्राम अन्ह चिकन चावल भोजनालय' से भोजन किया था। न्हा ट्रांग के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि गुरुवार अपराह्न अधिक मामले सामने आये। भोजनालय के मालिक की ओर से खाद्य सामग्री से संबंधित बिक्री अनुबंध और अन्य दस्तावेज दिखाने में विफल रहने के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय के खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को जांच के लिए भोजनालय को अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश दिया।

## सोमालिया में हैजे से मरने वालों की संख्या बढ़कर 54 हुई

**मोगादिशू,** 15 मार्च (एजेंसियां) सोमालिया में हैजे के प्रकोप से जनवरी से अब तक लगभग 54 लोगों की मौत हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि हैजा के कुल मिलाकर 4,388 मामले सामने आए हैं। सभी छह राज्यों और 30 जिलों से इस तरह के मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ ने सोमाली राजधानी मोगादिशू में जारी अपने नवीनतम महामारी विज्ञान अपडेट में कहा, 'उच्च जोखिम वाले जिले नदी बेसिन में स्थित हैं।' सोमाली स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले सप्ताह देश में चल रहे हैजा के प्रकोप के लिए लोगों की बढ़ती आबादी को जिम्मेदार ठहराया। लोगों के पास सुरक्षित पानी और उचित स्वच्छता तक पहुंच नहीं है इसलिए इस बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सोमालिया में चल रहे हैजा के प्रकोप के अलावा, देश में अल नीनो बाढ़ भी आया, जिससे 20 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए, जिससे 12 लाख लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा और 118 लोगों की मौत हो गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार साल 2023 में सोमालिया में 18,304 से अधिक संचयी हैजा के मामले और 46 मौतें हुईं। जिनमें पांच वर्ष से कम उम्र के 10,000 से अधिक बच्चे शामिल थे।

## जापानी सशस्त्र बलों का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, हताहतों की जानकारी नहीं

**टोक्यो,** 15 मार्च (एजेंसियां)। जापानी सशस्त्र बलों का एक हेलिकॉप्टर संभवत: देश के दक्षिणी प्रान्त ओइता के पहाड़ों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हताहतों के संबंध में अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। एक स्थानीय प्रसारक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रसारक ने बताया कि अभी तक मिली सूचना के अनुसार स्थानीय नागरिकों में कोई पीड़ित नहीं है हालांकि, हेलिकॉप्टर के चालक दल के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

## कर्नाटक की शिवमोगा सीट दिलचस्प मुकाबले के लिए तैयार



बेंगलुरू, 15 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक में शिवमोगा लोकसभा सीट को पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा और उनके परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां इस बार दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। येदियुरप्पा के बेटे बी.वाई. राघवेंद्र इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उन्हें चौथी बार निर्वाचित होने की उम्मीद है। कांग्रेस ने यहां से दिवंगत पूर्व सीएम बी.एस. बांगरप्पा की बेटी गीता शिवराजकुमार को मैदान में उतारा है। गीता कन्नड सुपरस्टार डॉ. शिवराजकुमार की पत्नी हैं।

उधर, भाजपा के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता के.एस. ईश्वरप्पा ने शिवमोगा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने पर फैसला करने के लिए अपने समर्थकों के साथ बैठक बुलाई है। ईश्वरप्पा ने यह कदम अपने बेटे के.ई. कंथेश को हावेरी लोकसभा सीट से बीजेपी से टिकट नहीं दिए जाने के बाद उठाया है। गीता शिवराजकुमार शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा की बहन भी हैं। कांग्रेस भाजपा से सीट छीनने और येदियुरप्पा के परिवार को झटका देने के लिए अपनी रणनीति बना रही है। अपनी पार्टी के खिलाफ ईश्वरप्पा की बगावत से कांग्रेस खेमे में खुशी का माहौल है। इस निर्वाचन क्षेत्र ने 2009 और 2019 के आम चुनावों में बी.वाई. राघवेंद्र को सांसद के रूप में चुना था। वह शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा के खिलाफ 2018 के संसदीय उपचुनाव में भी विजयी हुए। 2014 में, येदियुरप्पा खुद इस सीट से लड़े और 3.63 लाख वोटों के भारी अंतर से चुने गए। गीता शिवराजकुमार, जिन्हें जद (एस) के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया था, तीसरे स्थान पर खिसक गईं। 2009 में अपने पहले लोकसभा चुनाव में, राघवेंद्र ने दिवंगत पूर्व सीएम एस. बंगारप्पा को हराया था। भाजपा और कांग्रेस की उम्मीदवारी की घोषणा के बाद दोनों ओर से तीर चलने लगे हैं। ऐसे में ईश्वरप्पा की बगावत ने मुकाबला और दिलचस्प बना दिया है।


## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित अतिरिक्त होली स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**09003/09004 मुम्बई सेंट्रल - दिल्ली सराय रोहिल्ला - मुम्बई सेंट्रल सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन**

| रेलगाड़ी सं. 09003 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09003 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09004 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09004 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 16:00 | मुम्बई सेंट्रल | 15:25 | -- |
| 14:25 | – | दिल्ली सराय रोहिल्ला | -- | 17:25 |

चलने की तिथि: 09003 मुम्बई सेंट्रल से दिनांक 22.03.2024 एवं 29.03.2024 को और 09004 दिल्ली सराय रोहिल्ला से दिनांक 23.03.2024 एवं 30.03.2024 को।
स्थान : प्रथम वाता, 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बोरीवली, सूरत, वड़ोदरा, अहमदाबाद, आबू रोड, मारवाड़ जं., अजमेर, फुलेरा, रीगंस, रेवाड़ी, गुड़गॉव और दिल्ली कैंट स्टेशन।

**04022/04021 आनन्द विहार (ट.) - मुजफ्फरपुर - आनन्द विहार (ट.) होली स्पेशल ट्रेन**

| रेलगाड़ी सं. 04022 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04022 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04021 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04021 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 23:35 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:30 | -- |
| 21:30 | – | मुजफ्फरपुर | -- | 23:00 |

चलने की तिथि: 04022 आनन्द विहार (ट.) से दिनांक 21.03.2024 को और 04021 मुजफ्फरपुर से दिनांक 22.03.2024 को।
स्थान: 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : मुरादाबाद, चंदौसी, लखनऊ जं., बाराबंकी, गोरखपुर, छपरा, छपरा ग्रामीण और हाजीपुर स्टेशन।

**04731/04732 श्रीगंगानगर - आगरा कैंट - श्रीगंगानगर होली स्पेशल ट्रेन**

| रेलगाड़ी सं. 04731 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04731 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04732 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04732 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 14:30 | श्रीगंगानगर | 00:50 | -- |
| 04:50 | – | आगरा कैंट | -- | 07:05 |

चलने की तिथि: 04731 श्रीगंगानगर से दिनांक 20.03.2024 एवं 27.03.2024 को और 04732 आगरा कैंट से दिनांक 21.03.2024 एवं 28.03.2024 को।
सीन : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : अबोहर, मलोट, गिदड़बाहा, बठिण्डा, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी, अलवर और मथुरा जं. स्टेशन।

**01431/01432 पुणे - गोरखपुर जं. - पुणे सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन**

| रेलगाड़ी सं. 01431 आगमन | रेलगाड़ी सं. 01431 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01432 आगमन | रेलगाड़ी सं. 01432 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 16:15 | पुणे | 06:25 | -- |
| 15:38 | 15:40 | लखनऊ | 04:00 | 04:10 |
| 21:00 | – | गोरखपुर जं. | -- | 23:25 |

चलने की तिथि: 01431 पुणे से दिनांक 22.03.2024 को और 01432 गोरखपुर जं. से दिनांक 23.03.2024 को।
स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव : दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल जं., खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, गोंडा, मनकापुर, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन।

**09603/09604 उदयपुर सिटी - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - उदयपुर सिटी होली स्पेशल ट्रेन**

| रेलगाड़ी सं. 09603 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09603 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09604 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09604 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 23:00 | उदयपुर सिटी | 15:10 | -- |
| 03:20 | – | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 10:50 |

चलने की तिथि: 09603 उदयपुर सिटी से दिनांक 19.03.2024 एवं 26.03.2024 को और 09604 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 21.03.2024 एवं 28.03.2024 को।
स्थान: 2 टियर वाता, 3 टियर वाता,, 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : राणा प्रताप नगर, मावली जं., चन्देरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर जं., दौसा, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, चरखी दादरी, भिवानी, हांसी, हिसार, लुधियाना जं., जलंधर कैंट और जम्मू तवी स्टेशन।

**01083/01084 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस - गोरखपुर जं. - छत्रपति शिवाजी टर्मिनस होली स्पेशल ट्रेन**

| रेलगाड़ी सं. 01083 आगमन | रेलगाड़ी सं. 01083 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01084 आगमन | रेलगाड़ी सं. 01084 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 22:35 | छत्रपति शिवाजी टर्मिनस | 00:40 | -- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | – | गोरखपुर जं. | -- | 15:30 |

चलने की तिथि: 01083 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से दिनांक 22.03.2024 को और 01084 गोरखपुर जं. से दिनांक 24.03.2024 को।
स्थान : 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव : दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल जंक्शन, खंडवा, इटारसी, भोपाल जं., बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, गोंडा और बस्ती स्टेशन।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

854/24

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रादेशिकी

### 22 पुलों के निर्माण के लिए 139.78 करोड़ रुपए जारी : सिंह

**शिमला।** हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को यहां बताया कि प्रदेश के पांच जिलों में 22 पुलों के निर्माण के लिए 139.78 करोड़ रुपए केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए हैं। श्री सिंह ने बताया कि यह धनराशि जिला चम्बा, कांगड़ा, कुल्लु, सोलन व ऊना में पुलों के निर्माण पर व्यय की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला चम्बा में 3.19 करोड़ रुपए की लागत से एक पुल, जिला कुल्लु में 7.11 करोड़ रुपए की लागत से एक पुल, जिला सोलन में 16.79 करोड़ रुपए की लागत से चार पुल, जिला कांगड़ा में 39.19 करोड़ रुपये की लागत से पांच पुल तथा जिला ऊना में 73.50 करोड़ रुपए की लागत से 11 पुलों का निर्माण किया जाएगा।

### प्रत्येक जिले में तैनात होंगी 'मुख्यमंत्री मोबाइल साइंस लैब' : धामी

# धामी ने किया साइंस सिटी का शिलान्यास



अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 15 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ने 55 करोड़ 53 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले चम्पावत साइंस सिटी का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। विज्ञान केंद्र आदर्श चंपावत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री विज्ञान केंद्र के माध्यम से चम्पावत ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है, जिसका गुणात्मक प्रभाव शीघ्र दिखाई देगा मुख्यमंत्री प्रदेश भर के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक क्रांति की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए निरन्तर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री लैब ऑन व्हील्स परियोजना के तहत प्रत्येक जिले के लिए चलती फिरती विज्ञान प्रयोगशाला 'मुख्यमंत्री मोबाइल साइंस लैब' की मंजूदी दी गई है। मुख्यमंत्री राज्य के सभी विकास खंडो में स्थापित होंगे। स्टेम लैब

■ विज्ञान केंद्र आदर्श चंपावत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा: धामी

मुख्यमंत्री धामी ने शुक्रवार को आवास सभागार में उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से प्रतिभाग करते हुये 55 करोड़ 53 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले चम्पावत साइंस सिटी का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र का भी शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री ने चंपावत में विज्ञान केंद्र के शिलान्यास की हार्दिक बधाई एंव शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विज्ञान केंद्र हमारे आदर्श चंपावत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट राज्य बने, इसके लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा राज्य में विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार के प्रचार-प्रसार हेतु राज्य की नोडल संस्था, यूकॉस्ट के माध्यम से लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान, विकास का मूल आधार है तथा विज्ञान, संवेदनशील तरीकों से समस्याओं का समाधान करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि चम्पावत का विज्ञान केन्द्र राज्य में देहरादून, अल्मोड़ा के बाद तीसरा विज्ञान केंद्र होने जा रहा है तथा देश की 5वीं साइंस सिटी, देहरादून में बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अल्मोड़ा में बने मानसखण्ड विज्ञान केन्द्र का लोकापर्ण किया गया है तथा आज, लंबे समय से चम्पावत में विज्ञान केंद्र की स्थापना की जो मांग थी, वह पूरी हो रही है और यह शिलान्यास समारोह चम्पावत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

## मुख्यमंत्री ने 27 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

**देहरादून,** 15 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 की तरीखों की घोषणा होने से पहले उत्तराखंड में धामी सरकार अपने सभी कामों को पूरा करने में लगी हुई है, ताकि आचार संहिता लगने के बाद किसी भी तरह का दिक्कत न आए इसी क्रम में 15 मार्च को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला सशक्तिकरण सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत चयनित 16 सुपरवाइजरों और आबकारी विभाग के अंतर्गत चयनित 10 निरीक्षक और एक कनिष्ठ सहायक को नियुक्ति पत्र प्रदान किये. इस प्रकार कुल 27 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र वितरित किये। 16 मार्च को चुनाव घोषणा होने की संभावना के



मद्देनजर से लग रही आचार संहिता को देखते हुए सरकार ने इस तरह के कार्यक्रम में आज तेजी ला दी है। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई व शुभकामनायें देते हुए कहा कि आपके अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप आपका चयन इन पदों पर हुआ है। उन्होंने कहा कड़ी मेहनत और परिश्रम करने वाले आज सभी मेहनती युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं। सीएम धामी ने अनुशासन का जिक्र करते हुए कहा कि जीवन के निर्माण व सफलता में अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए अपने जीवन में हमेशा अनुशासित होकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने नकल विरोधी कानून का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने कड़ा नकल विरोधी कानून बनाकर 100 से अधिक नकल माफियाओं को सलाखों के पीछे भेजा है और परीक्षाओं को पारदर्शी बनाया है, जिससे मेहनती युवाओं को उनकी मेहनत का सुफल प्राप्त हो रहा है।

## लोगों को उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति जागरूक करना जरूरी : बरसट

**चंडीगढ़,** 15 मार्च (एजेंसियां) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ ने पंजाब मंडी बोर्ड के सहयोग से शुक्रवार को विश्व उपभोक्ता अधिकार




दिवस के अवसर पर किसान भवन चंडीगढ़ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस मौके पर पंजाब मंडी बोर्ड के अध्यक्ष हरचंद सिंह बरसट ने मुख्य मेहमान और पद्मा पांडे, सदस्य, राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, चंडीगढ़ (यूटी) विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। हरचंद सिंह बरसट ने कहा कि मिलावटी खाने का सेवन करने से लोगों में बीमारियां बढ़ रही हैं। इसके प्रति लोगों का जागरूक होना बहुत जरूरी है। मिलावट करने वालों के खिलाफ बहुत सख्त कानून बने हुए हैं, लेकिन आज मिलावट करने वालों की संख्या बढ़ गई है और इन्हें रोकने के लिये सरकार की तरफ से प्रयास भी किए जा रहे हैं और लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। आज के समय में गांवों के लोगों और इंस्टीट्यूट में उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने की जरूरत है, क्योंकि ये लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब राज्य की 79 मंडियां अब तक ई-नाम से जुड़ चुकी हैं और 2.17 लाख किसान, 8,948 आढ़ती, 2,876 खरीद्दार और 39 एफ.पी.ओज़ इस पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इस योजना के तहत 11 वस्तुओं (बासमती, मक्की, कपास, मूंग, हरा मटर, आलू, शिमला मिर्च, किन्नू, तरबूज, लीची और सूरचमुखी) की खरीद और बिक्री ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाती है।

**सार संक्षेप**

### पंजाब में हथियारों के साथ पांच गैंगस्टर गिरफ्तार

**चण्डीगढ़।** पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि पंजाब पुलिस ने दो अलग अलग स्थलों से पांच गैंगस्टरों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लक्षित हत्याओं की घटना को रोकने में सफलता हासिल की है। श्री यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस के गैंगस्टर विरोधी कार्यबल (एजीटीएफ) के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस बल ने गुरप्रीत लेहंबर और जस्सा नूरवाला गैंग के दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किये हैं। इनकी पहचान जगदीप सिंह उर्फ रिंकू और बलविंदर सिंह उर्फ बब्बू के तौर पर हुई है। उन्होंने कहा कि यह गिरोह लुधियाना, जगराओं, मोगा, बठिंडा और संगरूर के इलाकों में हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, जबरन वसूली जैसे कई जघन्य अपराधों में शामिल है। श्री यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। रिंकू मोगा में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में घोषित अपराधी था। दूसरे आरोपी बब्बू ने जून 2023 में लुधियाना के नीलोन में एक एसटीएफ टीम पर गोलीबारी की थी और तब से वह फरार था।

### हिमाचल में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नकरोड-हिमगिरि मार्ग पर बैरा स्यूल के पास एक कार अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने हादसे की पुष्टि की है।

### रूपनगर का सेवा मुक्त सिविल सर्जन रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के सतर्कता विभाग ने रूपनगर के सिविल सर्जन डाक्टर परमिंदर कुमार को अपने अधीन काम करने वाले डाक्टरों को नकद या किसी अन्य रूप में रिश्वत देने के लिये मजबूर करने के आरोप में गिरफ़्तार किया है। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि यह मामला डॉ नरेश कुमार की ओर से मुख्यमंत्री भृष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पर दर्ज करवायी गयी शिकायत की पड़ताल उपरांत दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस शिकायत की जांच दौरान विजीलेंस ब्यूरो ने यह पाया कि यह सिविल सर्जन अपने अधीन डाक्टरों से रिश्वत लेने के लिये उनको बेवजह कारण बताओ नोटिस जारी करके और डेपुटेशन को लेकर परेशान करता था। पड़ताल के दौरान यह भी पता लगा है कि आरोपी डॉक्टर ने 21 अक्टूबर 2021 को एक बैठक के दौरान डाक्टरों से रिश्वत माँगी थी।

### सुडोकू 6497 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 3 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 | 1 |

## राज्य सभा सांसद बलूनी ने किया तारामंडल और माउंटेन म्यूजियम का शिलान्यास

**पौड़ी,** 15 मार्च (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय में राज्यसभा के सांसद व गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने




शुक्रवार को तारामंडल और माउंटेन म्यूजियम का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह तारामंडल और माउंटेन म्यूजियम देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत को समर्पित है। उन्होंने कहा पौड़ी में जल्द ही तारामंडल व पर्वतीय संग्रहालय बनकर तैयार होगा। यह दुनिया के खगोल प्रेमियों के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र रहेगा। साथ ही यह इस क्षेत्र की आर्थिकी व विकास यात्रा का अहम पड़ाव भी साबित होगा। कहा कि पार्टी व पीएम ने जिस विश्वास के साथ मुझे प्रत्याशी घोषित किया है, उस विश्वास के साथ जनता के बीच आया हूं। छोटे से गांव के युवा को राज्यसभा भेजा व लोकसभा का टिकट दिया। यह मेरे लिए गौरव का क्षण है। देश के शीर्ष पदों पर देवभूमि की अनेक सपूत अहम दायित्व निभा रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, विधायक कर्णप्रयाग अनिल नौटियाल, रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी, थराली विधायक भोपाल राम, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा आशा नौटियाल, जिला अध्यक्ष पौड़ी सुषमा रावत सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक सजवाण ने भी कांग्रेस के हाथ से छुड़ाया हाथ

**देहरादून,** 15 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। कांग्रेस में पार्टी छोड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं अब गंगोत्री विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने भी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। जिसे कांग्रेस के लिए बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही उनके बीजेपी ज्वाइन करने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

गौर हो कि कांग्रेस के गंगोत्री से पूर्व विधायक विजयपाल सजवान ने भी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को पत्र लिखते हुए कहा है कि आज मैं व्यक्तिगत कारणों से अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सभी दायित्वों से मुक्त होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। बताया जा रहा है कि विजयपाल सजवाण जल्द भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं।

कांग्रेस के गंगोत्री विधानसभा से



■ प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस को दिया झटका

पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने इस्तीफा के बाद कांग्रेस पार्टी का कहना है कि उन्होंने किन कारणों से पार्टी से इस्तीफा दिया है इस बारे में विजयपाल सजवाण ही बेहतर बता सकते हैं। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट का कहना है कि अगर उन्हें कोई परेशानी या फिर उनके कोई सुझाव थे, तो उन सुझावों को उन्हें पार्टी फोरम में रखना चाहिए था। लेकिन उन्होंने ऐसा ना करके पार्टी से त्यागपत्र दे दिया, जबकि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा उनका मान सम्मान बढ़ाया और समय-समय पर उन्हें विधायक का चुनाव लड़ाया, उनको पार्टी की तरफ से महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी भी दी गई, ऐसे में चुनाव से पहले उन्होंने पार्टी से त्यागपत्र क्यों दिया इस बारे में वो बेहतर बता सकते हैं। गौर हो कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले बीते दिनों पौड़ी लोकसभा सीट से दावेदारी जता रहे कांग्रेस पार्टी के नेता मनीष खंडूड़ी ने भी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर बीजेपी का दामन थाम लिया है। मनीष खंडूड़ी ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए लिखा था कि मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं और मेरा यह निर्णय बिना किसी व्यक्ति का अतीत अथवा अपेक्षा के लिया गया है। मनीष खंडूड़ी के इस्तीफे के बाद कांग्रेस नेता गणेश गोदियाल की प्रतिक्रिया सामने आई थी। गणेश गोदियाल ने कहा था कि मनीष खंडूड़ी की वापसी के लिए दरवाजे खुले हैं। बता दें कि बीते दिनों कांग्रेस प्रदेश सचिव रही शांति रावत ने भी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। साथ ही उन्होंने कांग्रेस का दामन छोड़कर बीजेपी ज्वाइन कर ली है।

## सुखबीर सिंह संधू ने संभाला चुनाव आयुक्त का कार्यभार

**देहरादून,** 15 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव सुखबीर सिंह संधू का चयन देश के चुनाव आयुक्त के तौर पर किया गया है। 15 मार्च को ही उन्होंने चुनाव आयुक्त की



जिम्मेदारी संभाली। एसएस संधू वैसे तो मूल रूप से पंजाब के रहने वाले है, लेकिन वो उत्तराखंड कैडर पूर्व आईएएस अधिकारी है। बीते साल 31 दिसंबर 2023 को ही सुखबीर सिंह संधू उत्तराखंड के मुख्य सचिव से पद से रिटायर्ड हुए है। सुखबीर सिंह संधू उत्तराखंड कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। सुखबीर सिंह संधू ने साल 2021 में उत्तराखंड के 17वें मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभाला था, जो हाल ही में उत्तराखंड के मुख्य सचिव पद से रिटायर हुए हैं। हालांकि, उनका कार्यकाल जुलाई में हो गया था, लेकिन राज्य सरकार ने उन्हें 6 महीने का सेवा विस्तार दिया था। इससे पहले एसएस संधू एनएचएआई यानी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन का पद भी संभाल संभाल चुके हैं।

## हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी सभी विभागों में कार्यरत संविदा व आउटसोर्स कर्मियों की लिस्ट

**नैनीताल,** 15 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वन विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को न्यूनतम वेतनमान देने व उन्हें नियमित किए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से प्रदेश भर में सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्स, संविदा सहित दैनिक वेतन कर्मचारियों का डाटा एकत्र करके 3 सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। ताकि इनके हित के लिए कोई स्कीम बनायी जा सके। मामले की अगली सुनवाई मई माह की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार वन विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा था कि वे पिछले कई वर्षों से विभाग में कार्यरत हैं। उन्हें न तो नियमित किया जा रहा और न ही न्यूनतम वेतनमान दिया जा रहा। पूर्व में एकलपीठ ने उनके हित में फैसला देते हुए कहा कि उन्हें न्यूनतम वेतन व नियमित किया जाए। लेकिन सरकार ने इस आदेश को खंडपीठ में चुनौती देते हुए कहा कि उनके



■ जवाब देने के लिए 3 सप्ताह का दिया समय

पास ये पद स्वीकृत नहीं है, न ही सरकार के पास इन्हें नियुनतम वेतन देने का बजट है। इसलिए एकलपीठ के आदेश को निरस्त किया जाए। जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों व आउटसोर्सिंग के माध्यम से लगे कर्मचारियों की लिस्ट पेश करें। ताकि उनके भविष्य के लिए कोई नीति बनाई जा सके। वहीं नैनीताल हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद वन विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों में नई आस जगी है।

## सुखबीर बादल ने मान को नोटिस भेज कर माफी मांगने को कहा

**चंडीगढ़,** 15 मार्च (एजेंसियां)। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान को कानूनी नोटिस भेज कर पूर्ववर्ती अकाली-भाजपा सरकार द्वारा रिसार्ट को 108 करोड़ रुपये की कर छूट देने तथा निजी निर्माण को सुविधाजनक बनाने के नियमों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के संबध में झूठे और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाने के लिये औपचारिक माफी मांगने के लिये कहा है। श्री बादल ने कहा कि अब मुख्यमंत्री को उनके हर बयान के लिये जिम्मेदार ठहराया जायेगा। उन्हें उनकी ओर से लगाये गये प्रत्येक आरोप को साबित करना होगा, या जेल में जाने के लिये तैयार रहना होगा। उन्होंने यह स्पष्ट करते हुये कहा कि यदि मुख्यमंत्री ने सात दिनों के भीतर सुख विलास रिसॉर्ट के अपने बयानों के लिये माफी नही मांगी, तो वह उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे।

## हिमाचल विधान सभा में हंगामा बरपाने पर भाजपा के 9 सदस्यों को नोटिस जारी

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 15 मार्च (देशबन्धु)। 15 मार्च। हिमाचल विधान सभा में हंगामा बरपाने पर भाजपा के 9 सदस्यों को नोटिस जारी हुआ है। विधान सभा सचिवालय ने कांग्रेस के अजय सोलंकी की शिकायत पर भाजपा के सतपाल सिंह सत्ती, इंद्र सिंह गांधी, विनोद कुमार, हंस राज, सुरेंद्र शौरी, विपिन परमार, दीपराज, त्रिलोक जम्वाल व लोकेंद्र कुमार को संविधान के अनुच्छेद 194 के तहत नोटिस जारी किया है। भाजपा विधायकों से 18 मार्च तक नोटिस का लिखित में जवाब मांगा गया है। विधान सभा सचिवालय की तरफ से भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि जवाब न मिलने की स्थिति में माना जाएगा कि सदस्यों को इसके बारे में कुछ नहीं कहना। लिहाजा मामले का निस्तारण इसी आधार पर होगा। दरअसल विधान सभा के बजट सत्र के दौरान 28 मार्च को सदन में बजट पारित होना था। विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कहा था कि 3 बजे गिलोटिन लागू होगा। इस दौरान सदन में हंगामा होता रहा। हंगामे के बीच विधान सभा अध्यक्ष ने भाजपा के 15 सदस्यों को बजट सत्र के लिए सदन से निष्कासित कर दिया।

### अनुच्छेद 194 के तहत नोटिस जारी

भाजपा के सतपाल सिंह सत्ती, इंद्र सिंह गांधी, विनोद कुमार, हंस राज, सुरेंद्र शौरी, विपिन परमार , दीपराज , त्रिलोक जम्वाल व लोकेंद्र कुमार को संविधान के अनुच्छेद 194 के तहत नोटिस जारी

**जानकारी**

*एक मार्च 2024 तक पंजाब में कुल दो करोड़ 12 लाख 71 हजार 246 मतदाता हैं : मुख्य चुनाव अधिकारी*

# पंजाब के 13 लोकसभा क्षेत्रों के मतदाताओं का विवरण जारी

**चंडीगढ़,** 15 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने शुक्रवार को पंजाब की 13 लोकसभा सीटों के कुल मतदान केंद्रों और कुल मतदाताओं की जानकारी जारी की।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि एक मार्च 2024 तक पंजाब में कुल दो करोड़ 12 लाख 71 हजार 246 मतदाता हैं। इनमें एक करोड़ 11 लाख 92 हजार 959 पुरुष मतदाता हैं जबकि एक करोड़ 77 हजार 543 महिला मतदाता हैं। यहां कुल 744 ट्रांसजेंडर वोटर है 13 सीटों के लिए कुल 24433 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। विस्तृत जानकारी के अनुसार गुरदासपुर लोकसभा सीट के लिए कुल



पोलिंग स्टेशन 1895 है और कुल वोटरों की गिनती 15 लाख 95 हजार 300 है। इनमें आठ लाख 44 हजार 299 पुरुष मतदाता है जबकि सात लाख 50 हजार 965 महिला मतदाता है 36 ट्रांसजेंडर वोटर है। इसी तरह अमृतसर सीट के लिए कुल पोलिंग स्टेशन 1676 है और मतदाताओं की कुल संख्या 15 लाख 93 हजार 846 है। इनमें आठ लाख 36 हजार 966 पुरुष वोटर है जबकि सात लाख 56 हजार 820 महिला मतदाता है और 60 ट्रांसजेंडर वोटर है।

खडूर साहिब में पोलिंग स्टेशनों की कुल गिनती 1974 है और मतदाताओं की कुल संख्या 16 लाख 55 हजार 468 है। इनमें आठ लाख 70 हजार 337 पुरुष मतदाता है, जबकि सात लाख 85 हजार 67 महिला मतदाता है 64 ट्रांसजेंडर वोटर हैं। जालंधर (आरक्षित) सीट के लिए पोलिंग स्टेशनों की कुल संख्या 1951 है और मतदाताओं की कुल संख्या 16 लाख 41 हजार 872 है। इनमें आठ लाख 54 हजार 48 पुरुष मतदाता हैं जबकि सात लाख 87 हजार 781 महिला मतदाता है 43 मतदाता ट्रांसजेंडर है। होशियारपुर (आरक्षित) सीट के लिए पोलिंग स्टेशनों की कुल संख्या 1963 है और मतदाताओं की कुल संख्या 15 लाख 93 हजार 18 है। इनमें आठ लाख 26 हजार 679 पुरुष मतदाता है जबकि सात लाख 66 हजार 296 महिला मतदाता है 43 ट्रांसजेंडर वोटर है। इसी तरह आनंदपुर साहिब सीट के लिए पोलिंग स्टेशनों की कुल संख्या 2066 है और कुल वोटरों की गिनती 17 लाख 11 हजार 255 है। इनमें आठ लाख 93 हजार 567 पुरुष मतदाता है जबकि आठ लाख 17 हजार 627 महिला मतदाता है। 61 ट्रांसजेंडर वोटर है।

## हिमाचल में सभी 4 सीटें जीतेगी भाजपा : अनुराग

**शिमला,** 15 मार्च (देशबन्धु) केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज अपने प्रवास के दूसरे दिन की शुरुआत समीरपुर स्थित अपने आवास पर जन समस्याओं की सुनवाई के साथ की। इसके पश्चात अनुराग ठाकुर ने बड़सर विधानसभा के समोह, कुटलैहड़ विधानसभा के दोघी, झंडूता विधानसभा के खरौटा मंदिर, बरठीं और घुमारवीं विधानसभा स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से नशा मुक्त, सुरक्षा युक्त अभियान के तहत आयोजित बाइक रैलियों में भाग लिया व 3163 हेलमेट बाँटे। श्री अनुराग ठाकुर ने अपने क्षेत्र व हिमाचल प्रदेश से नशे के समूल नाश हेतु यह अभियान चालू किया है। इसके तहत अभी तक उन्होंने 10000 से अधिक युवाओं को अभियान से जोड़ कर उन्हें हेलमेट प्रदान किया है।

# प्रादेशिकी

## पुलिस ने पीड़ित महिला से लगवाया अंगूठा, नहीं की कार्रवाई

**फर्रुखाबाद,** 15 मार्च (देशबन्धु)। किशोरी के साथ अश्लीलता की रिपोर्ट लिखवाने की फरियाद करने वाली पीड़ित महिला से चौकी पुलिस ने अंगूठा लगवा कर खानापूर्ति कर ली। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र निवासी पीड़ित महिला ने आज एसपी को शिकायती पर देकर अवगत कराया कि मेरा पति वारिस व्यापार हेतु दिल्ली में रहता हैं। मैं 12 मार्च को सुबह अपने मायके ग्राम पपियापुर गई थी। घर पर 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री अकेली थी दोपहर 2.15 बजे ग्राम बरौन निवासी आमिर पुत्र जमील पुत्री को अकेला पाकर घर में घुस गया। उसने पुत्री को दबोच कर अश्लील हरकतें करते हुए जबरन दुष्कर्म करने की नियत से जमीन पर गिरा लिया। आमिर ने बेटी के कपड़े फाड़कर जबरन उसके साथ बुरा काम करने का प्रयास करने लगा। तभी पुत्री की चीखपुकार सुनकर पड़ोस के फिरोज व तब्बस्सुम मौके पर गए।

# सुरक्षित व समृद्ध हुआ भारत : योगी

**लखनऊ/गोरखपुर,** 15 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते दस सालों में भारत बदल चुका है और सुरक्षित एवं समृद्ध हुआ भारत दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर हो चुका है। योगी शुक्रवार को दोपहर बाद मानबेला में गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ रुपए की 76 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि दस वर्ष में भारत विश्व की ग्यारहवीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्हांने कहा कि अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मतलब देश में हर व्यक्ति की आय कई गुना बढ़ जाएगी। तब जन कल्याण की हर योजना संतृप्तिकरण के शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी। उन्होंने गोरखपुर के नई टाउनशिप राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी के साथ 25 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 51 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मंच पर नया सवेरा में कियॉस्क पाने वाले स्ट्रीट वेंडर को आवंटन प्रमाण पत्र भी वितरित किए जबकि मंचीय कार्यक्रम से पूर्व भूमिपूजन, विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन तथा नन्हे मुन्ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इस

■ **जीडीए की 1878 करोड़ की 76 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण**



**भारत दस वर्ष में विश्व की ग्यारहवीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है : योगी आदित्यनाथ**

अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जुड़ चुका है और यह संकल्प विकसित उत्तर प्रदेश से ही पूरा होगा। विकसित उत्तर प्रदेश के विकसित गोरखपुर जरूरी है। विकसित देश, प्रदेश और जनपद का मतलब है बिना भेदभाव सबको शासन की सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित होना। उन्होंने कहा कि जब सभी को सुविधाओं का लाभ मिलेगा तो सबके चेहरे पर खुशहाली आएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से उच्च स्वर में हमारा संकल्प विकसित भारत का उद्घोष भी कराया। योगी ने कहा कि सरकार हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। इस कार्ड में परिवार के हर व्यक्ति का विवरण होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास काम नहीं होगा तो सरकार उसे काम दिलाएगी। जिसके पास मकान, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं होगा उसके पास खुद जाकर सरकार यह सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने गोरखपुर की उपलब्धियों में खाद कारखाना, फोरलेन सड़कों, एम्स, रामगढ़ताल के साथ स्पोर्ट्स सिटी और नई टाउनशिप को जोड़ते हुए कहा कि जब यह प्रोजेक्ट पूरा होगा तो गोरखपुर की एक नई पहचान बन जाएगी। 'हम समस्या नहीं समाधान पर विश्वास करते हैं' उन्होंने 2014 में गोरखपुर के मानबेला में हुई नरेंद्र मोदी की जनसभा का स्मरण कराते हुए कहा कि तबकी सरकार ने खाद कारखाना परिसर में अनुमति नहीं दी। तब नागरिकों के सहयोग से इसी मैदान पर मोदी जी की ऐतिहासिक सभा हुई।

### विकास को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही सरकार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में युवा के लिए आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। बहन, बेटियों, व्यापारियों को सुरक्षा है। सरकार विकास को आगे बढ़ाने और विरासत के संरक्षण का कार्य कर रही है। योगी ने राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट की तारीफ करते हुए कहा कि इस परियोजना से हर वर्ग को उसकी जरूरत के अनुसार आवासीय सुविधा का लाभ मिलेगा तो साथ ही यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम युवाओं की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि खेल को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार सभी जिलों में खेलो इंडिया सेंटर बना रही है तो उसी तरह प्रदेश सरकार खेलो यूपी सेंटर बना रही है।



## सुभारती विवि में हुआ विदुषी सम्मान का आयोजन

**मेरठ,** 15 मार्च (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में विश्व महिला दिवस पर पूरे माह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी उपलक्ष में महिला दिवस को विशेष बनाने के उद्देश्य से महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए विदुषी सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मांगल्या प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा की प्रतिकुलपति व यूजीसी नई दिल्ली की सदस्य प्रो. सुषमा यादव, सुभारती विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. स्तुति नारायण कक्कड़, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के थपलियाल, कार्यक्रम संयोजक फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डॉ. आर. के. घई एवं सभी विदुषी सम्मान प्राप्त महिलाओं ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर भव्य शुभारंभ किया। इस दौरान फाइन आर्ट के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

## सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है भाजपा : अखिलेश

**लखनऊ,** 15 मार्च (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अब सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग विपक्षी नेताओं को डराने, धमकाने और बदनाम करने के लिए कर रही है और इनके माध्यम से पूंजी घरानों से वसूली भी कर रही है। यादव ने शुक्रवार को कहा कि तमाम कम्पनियों से चंदा के नाम पर जो वसूली की गई है वह न होती तो कम्पनी के तमाम कर्मचारियों की तनख्वा बढ़ती। उन्हें बोनस मिलता, नई नौकरियां मिलती लेकिन भाजपा तो पीडीए का हक मारने के लिए आरक्षण खत्म कर रही है। प्राईवेट वालों का सारा प्राफिट भाजपा इलेक्टोरल बॉण्ड के माध्यम से हजम करने जा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा खाऊ पार्टी है। भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी बढ़ी है। इसीलिए भाजपा हटाओं, नौकरी पाओ का नारा हर नौजवान को रट गया है। भाजपा ने जनता की जेबो में डांका डाल कर अपना खजाना भरा है। भाजपा की गलत नीतियों के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ है और असीमित भण्डारण से महंगाई बढ़ाई है। यादव ने कहा कि वैक्सीन के लिए कंपनी से 500 करोड़ रुपए लिए गए इसलिए जबर्दस्ती हमें आपको वैक्सीन लगवाई जा रही थी। चुनाव से पहले ये बातें आई हैं तो जनता इस बार भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ फेकेगी।



■ **भाजपा पर लगाया पीडीए का हक मारने का आरोप**

उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के चंदे के जरिए भाजपा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य कर रही है। विभाजनकारी विचारों को प्रसारित करने में इस्तेमाल कर रही है। संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है। सरकारी संस्थाओं की स्वतंत्रता का नष्ट किया जा रहा है। अब जनता भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाकर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करेगी। इलेक्ट्रोरल बॉण्ड जनता के शोषण की, युवाओं के भविष्य को अंधकार में ले जाने, आम जनता के दु:खदर्द और दमन की 90 प्रतिशत जनसंख्या वाले पीडीए के प्रताड़ना की भाजपा की गारंटी है।

## सार संक्षेप

### डीएम ने किया मतदान केंद्र व थाना हस्तिनापुर का निरीक्षण

**मेरठ।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत राजकीय इंटर कॉलेज हस्तिनापुर व राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय हस्तिनापुर स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने एएसपीजी कॉलेज मवाना तथा हस्तिनापुर थाने का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

### वॉल पेंटिग मूल्यांकन में ग्रुप बी छवि ने पाया प्रथम स्थान

**मवाना।** एएस (पीजी) कालेज मवाना में शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में वार्षिक साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता के अन्तर्गत स्पोर्टस जैड आर्ट विषय पर वाल पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत कार्यक्रम प्रभारी डा. नीतू सिंह ने छात्र-छात्राओं को पांच वर्गों के समूहों में बांटा। स्पोर्टस जैड आर्ट विषय पर वाल पेंटिग के लिए स्थान सुनिश्चित किए तथा सभी छात्र-छात्राओं को उक्त प्रतियोगिता के लिए एक निश्चित समय अवधि दी गई। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा निर्धारित समय अवधि में वाल पेंटिग पूर्ण की।

### जागरुकता कार्यक्रम व गोष्ठी का हुआ आयोजन

**मेरठ।** विकास भवन सभागार मेरठ में उभयलिंगी (ट्रान्सजेण्डर) व्यक्तियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं हेतु जागरूकता कार्यक्रम एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उभयलिंगी व्यक्तियों के पहचान पत्र व प्रमाण पत्र जारी करने हेतु पोर्टल पर ऑनलाईन फार्म भरकर अपना पंजीयन कराने, प्रमाण-पत्र व परिचय-पत्र जारी कराने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। जनपद मेरठ में 39 ट्रांसजेण्डर व्यक्तियों के प्रमाण पत्र व परिचय पत्र जारी किए जा चुके हैं तथा अधिक से अधिक ट्रांसजेण्डर व्यक्तियों को इस योजना से जोड़ने व उनके प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु के बारे में बताया गया। पोर्टल पर पंजीकृत ट्रांसजेण्डर व्यक्ति को गरिमा गृह, कौशल विकास प्रशिक्षण, चिकित्सीय सहायता बीमा व स्कोलरशिप आदि की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

### श्रीमदभागवत कथा का किया गया शुभारंभ

**मवाना।** हस्तिनापुर रोड स्थित मधुबन वैकेंट हाल में शुक्रवार से भक्ति प्रकृति सेवा संस्थान मवाना के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हरिद्वार से पधारे पीठाधीश्वर कृष्णा संजय महाराज ने किया। कथा वाचक कृष्णा संजय महाराज ने कलश यात्रा का रहस्य बताते हुए कहा कि कलश सुख-समृद्धि का प्रतीक है, जो लोग कलश यात्रा में चलते हैं, सुख-समृद्धि उनका साथ कभी नहीं छोड़ती और परमात्मा की विशेष कृपा के पात्र हो जाते हैं। महराज ने बताया कि प्रथम स्कंध में उन्तीस अध्याय हैं जिनमें शुकदेव ईश्वर भक्ति का महात्म्य सुनाते हैं।

### सूचना

मैं अपने पुत्र बिरजू को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके किए कोई भी गलत कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे।

**-ब्रहम पुत्र जगवीरा खेड़ी मनिहार थाना मवाना तहसील मवाना जिला मेरठ।**

## छात्रों को सांसद व विधायकों ने किए स्मार्ट फोन वितरित

**फर्रुखाबाद,** 15 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा सांसद एवं विधायकों ने छात्रों को 939 स्मार्टफोन का वितरण किया है। मुफ्त में फोन मिल जाने से छात्र काफी खुश हो गए। बसंतपुर गैसिंहपुर स्थित नारायण लक्ष्मण महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि स्मार्टफोन की ये भोजना मुख्यमंत्री योगी के द्वारा चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कोविड के समय में देखा था कि टेक्नोलॉजी कितनी काम आती है। उसके बाद उन्होंने युवाओं को टेक्निकल से जोड़ने हुए 2021 से स्मार्टफोन लगातार वितरित कराने का काम किया है। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी की सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर काम कर रही है। कॉलेज के प्रबंधक आशीष सकते आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता जिला महामंत्री जीएस राठौर, प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार शाक्य, शिक्षक नेता महिपाल सिंह, शिक्षक नेता प्रवेश रत्न शाक्य, सुब्रत शाक्य, शेखर शाक्य, राजवीर सिंह, प्रेमपाल, अभिषेक, सचिन, प्रमेन्द्र कुमार शाक्य, एवं भोजपुरी अभिनेत्री प्रतिष्ठा सिंह रमनपाल, विनोद, विमलेश अरोक शर्मा, शिवओम, मनोज शैलेष, सनी शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।



## उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात

**मेरठ,** 15 मार्च (देशबन्धु)। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर देश व प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की 6 प्रमुख मांगों को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टियों के घोषणा पत्र में शामिल करने को लेकर उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से उनके आवास पर की मुलाकात। उपभोक्ता परिषद आगे भी विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी से करेगा मुलाकात और प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की मांगों को उनके समक्ष रखकर उनकी पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल करने के लिए उठेगा मांग जिससे उपभोक्ताओं को पता चल सके कि किस पार्टी की उनकी प्रमुख मांगों पर क्या राय है। उपभोक्ता परिषद ने बिजली कंपनियों पर निकल निकल रहे उपभोक्ताओं के 33122 करोड़ के एवज में 5 सालों तक बिजली दरों में कमी निजीकरण पर पूर्णतया रोक रोस्टर समाप्त कर सभी ग्रामीण व शहरी को 24 घंटे बिजली मुआवजा कानून को लागू न करने पर कठोर कार्रवाई व निजी घरानों की अनिवार्य रूप से सीएजी ऑडिट की उठाई मांग। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपभोक्ता परिषद ने देश व प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की कुछ प्रमुख मांगों पर उनकी राय लेने के बाद बहुमत से तय किए गए कुछ नीतिगत मुद्दों पर जहां 2 दिन पहले प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों को पत्र लिखकर उसे पार्टीयों के घोषणा पत्र व संकल्प पत्र में स्थान देने की मांग उठाई गई थी वही आज 15 मार्च विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के शुभ अवसर पर विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यह ऐलान किया है कि उपभोक्ताओं की प्रमुख मांगों को घोषणा पत्र में शामिल कराने को लेकर प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें प्रदेश के उपभोक्ताओं की मांगों को सौंप कर घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग की जाएगी।



## सीओ के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च

**किठौर,** 15 मार्च (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए मेरठ पुलिस ने कमर कस ली है। शुक्रवार को सीओ किठौर अभिषेक पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी ने थाना पुलिस और सी आरपीएफ फोर्स के साथ कस्बा किठौर व गांव राधना में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस ने कस्बा किठौर में मवाना रोड,मेरठ गढ़ मार्ग, हापुड़ रोड और गांव राधना के विभिन्न मोहल्लों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने गांव के जिम्मेदार लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उप निरीक्षक अभिषेक प्रताप, उप निरीक्षक ऋषि देव, उप निरीक्षक पृथ्वी सिंह, उप निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप आदि पुलिस प्रशासन उपस्थित रहा।



## बैंक ऑफ बड़ौदा ने लॉन्च किया बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉजिट्स

**मेरठ,** 15 मार्च (देशबन्धु)। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट योजना के शुभारंभ की घोषणा की। इस योजना के तहत प्राप्त होने वाली जमा राशि का उपयोग उपयुक्त पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं तथा क्षेत्रों की फाइनेंसिंग के लिए किया जाएगा। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट्स के तहत, ग्राहकों को अलग-अलग समय सीमा में निवेश पर आकर्षक ब्याज दरों का लाभ उठाने के साथ-साथ भारत के हरित एवं दीर्घकालिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने का अवसर मिलता है। बैंक सालाना 7.15 प्रतिशत तक की ब्याज दरों की पेशकश कर रहा है। आम नागरिक/निवासी भारतीय, एनआरआई एवं उच्च मालियत वाले व्यक्ति निवेशक बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट योजना में निवेश कर सकते हैं। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, देबदत्त चांद ने कहा कि बैंक ने अपने परिचालन कार्यों में संवहनीयता को अपनाने की दिशा में काफी अधिक प्रगति की है, जिसमें जोखिम प्रबंधन, गवर्नेंस व्यवस्था, सामाजिक दायित्व और पर्यावरणीय प्रभाव के प्रति हमारे दृष्टिकोण शामिल हैं। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट योजना के शुभारंभ से निवेश करने वाले ग्राहकों को स्थायी और सुरक्षित रिटर्न पाने के साथ-साथ धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान देने का दोहरा लाभ मिलता है। भारत के अग्रणी बैंकों में से एक होने के नाते, बैंक ऑफ बड़ौदा अपने ईएसजी मैंडेट को आगे बढ़ाने और ग्रीन फाइनेंसिंग के अपने पोर्टफोलियो के दायरे का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

## कई निपुण बच्चों को किया सम्मानित

**मवाना,** 15 मार्च (देशबन्धु)। मवाना नगर के ब्लाक संसाधन केन्द्र पर शुक्रवार को हमारा आंगन, हमारे बच्चे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका के चेयरमैन अखिल कौशिक व अधिकारी अधिकारी राजीव कुमार रहे। सबसे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसी के साथ कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसमें अनेक निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी त्रिवेन्द्र सिंह ने कहा कि तीन से छह वर्ष के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदारों को इस दिशा में सार्थक पहल करनी होगी।



## सफाई के लिए पालिका ने 45 लाख में खरीदी दो मशीनें

**मवाना,** 15 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका मवाना ने नालों व सीवर के सफाई कार्यों के लिए और प्रदूषण से मुक्त करने के लिए धूल पर स्प्रे कराने की मशीन खरीदी है। इन दोनों मशीनों को शुक्रवार को चेयरमैन अखिल कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इन दोनों मशीनों की कीमत करीब 45 लाख रुपये बताई गई है।

इनमें एक मशीन सुसपियन मशीन से नगर की सफाई व्यवस्था बेहतर की जा सकेगी। इस आधुनिक मशीन की मदद से चंद दिनों के भीतर सभी नालों को साफ कराया जा सकेगा। चेयरमैन अखिल कौशिक ने बताया कि इस मशीन को नाला क्लीनिंग मशीन भी कह सकते है। इस आधुनिक मशीन में नाला साफ करने के लिए मशीनरी और सिल्ट एकत्र करने की व्यवस्था है। नगर में कई नाले ऐसे है, जहां पर सफाई कर्मचारी नहीं घुस सकते। वहां इस मशीन से नालों की सफाई हो सकेगी। सड़कों पर हुए जलभराव होने की दशा में इस मशीन का प्रयोग हो सकेगा। इस मशीन की कीमत करीब 20 लाख रुपए है। मशीनों के साथ आये कम्पनी के सेल्स पर्सन कपिल सिवाच ने जानकारी दी कि वाटर स्प्रीन्कलर मशीन का प्रयोग अधिक प्रदूषण होने पर किया जा सकता है। पिछले दिनों में जाड़ों के मौसम में राजधानी दिल्ली में प्रदूषण अधिक हो गया था, जिस कारण ऐसी ही मशीन से पेड़ों पर स्प्रे कराया गया। इससे धूल फैलने से रोका जा सकता है।




**करार** *एमएसडीई के साथ कौशल विकास पहल में शोभित विवि की साझेदारी*

## प्रधानमंत्री की कौशल विकास योजना का प्रतिबिंब है एमओयू : विजेन्द्र

**मेरठ,** 15 मार्च (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय ने भारतीय कौशल विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने आधुनिक दिन की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य बल को तैयार करने के लिए राष्ट्रव्यापी पहल के तहत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनवएसवडीवसी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल भारत की दृष्टि को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

■ **सरकार के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विवि ने उठाया कदम**

प्रधानमंत्री मोदी की कौशल विकास के लिए अंतर्दृष्टि न केवल वर्तमान नौकरी बाजार की चुनौतियों को पूरा करने के लिए तैयार प्रतिभाशाली व्यक्तियों का एक विशाल पूल बनाने पर जोर देती है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में नवाचारी योगदान देने के लिए भी सक्षम बनाती है। एक कुशल भारत। विकसित भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण है। इस दृष्टिकोण में एक ऐसा भविष्य है जहां भारतीय युवा वैश्विक नवाचार और नेतृत्व में अग्रणी बने रहेंगे, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस पहल का नेतृत्व मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया है, जो उद्योग शिक्षा जगत और सरकारी निकायों के साथ इन साझेदारियों के माध्यम से और नए केंद्रों की शुरुआत के साथ, भारत में कौशल विकास की रूपरेखा को व्यापक रूप से सुधारने की दिशा में सेट किया गया है। सरकार नौकरी की परिदृश्य में विकास के साथ तालमेल बिठाने और कुशल मानव संसाधन के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के अपने मजबूत संकल्प का प्रदर्शन करती है। शोभित विश्वविद्यालय के सह संस्थापक और कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि एनवएसव डीवसीव के साथ एमओयू प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी कौशल विकास योजना का प्रतिबिंब है। जिसका उद्देश्य संस्थागत सीमाओं से परे भारत की मानव संसाधन क्षमताओं को मजबूत करना है।

कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा मुझे खुशी है कि आज शोभित विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना प्रधानमंत्री मोदी के कौशल विकास की दृष्टि को पूरा करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह साझेदारी हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है ताकि एक कुशल कार्यबल का निर्माण किया जा सके, जो उन्हें न केवल हमारे छात्रों को सशक्त बनाएगी बल्कि कुशल और रोजगार योग्य युवा जनसंख्यिकी बनाने के राष्ट्रीय एजेंडा में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।




## नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

**मेरठ,**15 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में डीएम द्वारा निर्वाचन से संबंधित मतदान, मतगणना कार्मिक व्यवस्था, माइक्रो आर्ब्जवर, कार्मिकों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, प्रेक्षक व्यवस्था, खान-पान, वीडियोग्राफी, वेबकास्टिंग, ईवीएम, निर्वाचन सामग्री, मतपत्र व्यवस्था संबंधी कार्य, बैलेट पेपर प्रिन्टिंग, रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लॉन, वेबकास्टिंग, पोस्टल बैलेट प्लॉन, पोस्टल बैलेट, आदर्श आचार संहिता, स्वीप, एमसीएमसी आदि कार्यों से संबंधित नोडल अधिकारियो को समग्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## फिल्म 'दो और दो प्यार' को साइन करना पहली नजर के प्यार जैसा था : प्रतीक

**मुंबई।** 'स्कैम 1992' में हर्षद मेहता के किरदार से अपनी पहचान बनाने वाले अभिनेता प्रतीक गांधी 'दो और दो प्यार' में पहली बार स्क्रीन पर रोमांस करते नजर आएंगे। प्रतीक गांधी ने पहली बार विद्या बालन, इलियाना डिक्रूज और सेंधिल राममूर्ति के साथ स्क्रीन शेयर की है। एक्टर ने कहा है कि प्रोजेक्ट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पहली नजर के प्यार जितनी तीव्र थी। स्क्रिप्ट पढ़ते ही मुझे इससे प्यार हो गया था। मुझे विद्या, सेंधिल और इलियाना जैसे अद्भुत कलाकारों के साथ अपनी पहली रोमांटिक फिल्म मिलने पर खुशी हुई। प्रतीक गांधी ने कहा कि स्कैम 1992 के बाद मेरे पास शो और बायोपिक्स की बाढ़ आ गई थी, मैं कुछ हल्का-फुल्का मजेदार और अलग करना चाहता था।

विश्व अनिद्रा दिवस

# अनिद्रा की समस्या से जूझ रहे लोगों की संख्या बढ़ी



> लोगों में दिल व दिमाग से जुड़ी स्वास्थ्य समस्या
>
> सात घंटे सोना हर व्यक्ति के लिए आवश्यक
>
> 61 फीसद लोग 6 घंटे से कम लेते हैं नींद

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने वर्ल्ड स्लीप डे के मौके पर भारत में लोगों में बढ़ती अनिद्रा की समस्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अनिद्रा की बढ़ती समस्या की वजह से बड़े पैमाने पर लोगों में दिल और दिमाग से जुड़ी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं देखने को मिल रही हैं।

बता दें कि 'वर्ल्ड स्लीप डे' प्रतिवर्ष 15 मार्च को मनाया जाता है, ताकि लोगों के बीच अनिद्रा की समस्या को लेकर जागरूकता पैदा की जा सके और इसके साथ ही उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में भी सचेत किया जा सके। इस वर्ष 'वर्ल्ड स्लीप डे' का विषय 'वैश्विक स्वास्थ्य के लिए स्लीप इक्विटी' है।

सात घंटे सोना हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। अगर आप सात घंटे नहीं सोएंगे, तो इससे आपके स्वास्थ्य पर हानिकारक असर पड़ेगा। यह आपको शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से प्रभावित कर सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, विश्व समुदाय पर भारत में लोगों के बीच अनिद्रा की समस्या तेजी से बढ़ रही है। लोकल सर्किल्स नामक प्लेटफॉर्म पर वर्ल्ड स्लिप डे के मौके पर अनिद्रा की समस्या को लेकर सर्वे किया गया, जिसमें यह बात सामने आई कि लोगों में अनिद्रा की समस्या तेजी से बढ़ रही है। यही नहीं, सर्वे में यह भी सामने आया है कि 61 फीसद लोग 6 घंटे से कम की नींद लेते हैं।

सर्वे में सामने आया है कि पिछले दो सालों में भारतीयों के बीच नींद नहीं आने की समस्या व्यापक स्तर पर बढ़ी है। आंकड़ों के मुताबिक, 2022 में यह 50 फीसद था, जो कि अब बढ़कर 55 फीसद हो गया है। अपोलो स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ. प्रबाश प्रभाकरन (न्यूरोलॉजी) ने बताया कि भारत में तेजी से लोगों के बीच अनिद्रा की समस्या बढ़ रही है। इसके पीछे की वजह उनकी जीवन शैली और उनका दबाव है। विश्व स्तर पर नींद की कमी का पुनर्मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। साथ ही गैर-संचारी रोगों को रोकने और मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में इसकी भूमिका को पहचानना भी महत्वपूर्ण है।

मारेंगो एशिया हॉस्पिटल, फरीदाबाद के कार्डियोलॉजी निदेशक डॉ. गजिंदर कुमार गोयल ने बताया कि अनिद्रा से लोगों में दिल की समस्या बढ़ सकती है। बल्ड प्रेशर की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है।

डॉ. गजिंदर ने कहा कि आम तौर पर रात के दौरान रक्तचाप 10 से 20 प्रतिशत कम हो जाता है। लेकिन, नींद की कमी के साथ ऐसा नहीं होता है, जिससे रात में उच्च रक्तचाप होता है, जो सीधे हृदय संबंधी घटनाओं से जुड़ा होता है।

उन्होंने कहा कि नींद से वंचित व्यक्तियों में मधुमेह, हाई कोलेस्ट्रॉल और दोषपूर्ण आहार संबंधी आदतें विकसित होने की संभावना अधिक होती है। डॉक्टर ने कहा, इसलिए हमारे दिल को स्वस्थ रखने के लिए कम से कम 7 घंटे की पर्याप्त और अच्छी नींद जरूरी है।

## 10 साल बाद भी 'प्रासंगिक' बने रहना चाहती हैं अभिनेत्री कल्कि कोचलिन



**मुंबई,** 15 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन चाहती हैं कि लोग उन्हें अगले 10 सालों तक याद रखें। लैक्मे फैशन वीक के तीसरे दिन ऐकेयाह लेबल के लिए शोस्टॉपर बनीं एक्ट्रेस कल्कि ने बताया।

यह पूछे जाने पर कि उन्हें आज से 10 साल बाद किस तरह याद किया जाना चाहिए, कल्कि की ओर से जवाब आया, रेलीवेंट।

हिंदी सिनेमा में अपने 15 साल लंबे सफर में कल्कि ने जोया अख्तर, अनु मेनन, कोंकणा सेन शर्मा और मेघना गुलजार जैसी महिला निर्देशकों के साथ काम किया है। क्या वह मानती हैं कि वहां एक महिला की नजर है?

कल्कि ने कहा कि बेशक, और यह समय की बात है और पिछले 6-7 वर्षों में मैंने जिन निर्देशकों के साथ काम किया है उनमें से अधिकांश महिलाएं हैं और यह एक अलग दृष्टिकोण है और हमारे पास बताने के लिए कहानियां हैं। 2009 में ब्लैक कॉमेडी-ड्रामा 'डेव डी' से हिंदी फिल्म में डेब्यू करने वाली 40 वर्षीय अभिनेत्री ने अपनी फैशन संवेदनशीलता के बारे में जानकारी शेयर की। उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में अपने व्यक्तिगत जीवन में टिकाऊ कपड़ों में अधिक रुचि रखती हूं। मैं उस अतिरिक्त पैसे को किसी गुणवत्तापूर्ण चीज पर खर्च करना पसंद करूंगी, और मुझे अपने सेकेंड-हैंड विंटेज अपसाइकल बाजार से भी प्यार है।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह इसे सरल बनाए रखने की कोशिश करती हैं।

## जन्मजात बीमारी है क्लबफुट पर इसका उपचार संभव



- अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से मनाया गया जन्मजात विकृति जागरूकता दिवस
- क्लबफुट जन्म के नौ दोषों में से एक

**नोएडा,** 15 मार्च (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग ने अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में शुक्रवार को जन्मजात विकृति जागरूकता दिवस मनाया। इस अवसर पर जन्मजात विकृतियों के बारे में बताया गया और चिकित्सकीय प्रबंधन की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएमओ सुनील कुमार शर्मा, एसीएमओ डॉ. ललित कुमार, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की डीईआईसी प्रबंधक रचना वर्मा, आरबीएसके की टीम के सदस्य, अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव प्रीति खंडूरी उपस्थित रहीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि जन्मजात दोष जन्म के समय मौजूद संरचनात्मक परिवर्तन हैं जो हृदय, मस्तिष्क, पैर जैसे शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं। वह शरीर के दिखने वाले अंग, काम करने के तरीके या दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। इसी तरह क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जिससे कि हर 800 नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33,000 बच्चे इस विकृति के साथ पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि क्लबफुट एक जन्मजात बीमारी जरूर है लेकिन इसका उपचार संभव है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लब फुट जैसी 42 जन्मजात बीमारियों एवं दोषों की स्क्रीनिंग की जाती है ताकि जल्द से जल्द उचित उपचार मुहैया कराया जा सके। स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट पिछले पांच साल से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ काम कर रही है। क्लबफुट जन्म के नौ दोषों में से एक है, जिसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा प्राथमिकता दी गई है। अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव प्रीति खंडूरी ने बताया कि वर्तमान में क्लबफुट से पीड़ित 13000 से भी अधिक बच्चों का इलाज संस्था करवा रही है। पोन्सेटी पद्धति का इस्तेमाल करके क्लबफुट से पीड़ित सभी बच्चों का आसानी से उपचार किया जा सकता है। पोन्सेटी विधि एक न्यूनतम लागत की सर्वोत्तम प्रक्रिया है और पूर्ण रूप से प्रभावी समाधान प्रदान करती है।

क्लबफुट का यदि सही समय पर उपचार नहीं कराया जाए तो बच्चा जीवन भर के लिए दिव्यांग हो सकता है। इलाज न किए जाने पर प्रभावित बच्चों में भेदभाव, उपेक्षा, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, अशिक्षा, शारीरिक एवं यौन शोषण का खतरा अधिक बढ़ जाता है।

क्लब फुट क्यों होता है इसका कोई विशिष्ट कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इस समस्या में मां अथवा बाप का कोई हाथ नहीं है। यह विकृति न तो ग्रहण की वजह से होती है और न ही मां से बच्चे को फैलती है। यदि कोई बच्चा क्लबफुट का शिकार है तो उसके अभिभावक उपचार के लिए अनुष्का फाउंडेशन के प्रतिनिधि के मोबाइल नंबर 7304569194 पर संपर्क कर सकते हैं। संस्था की ओर से इसका उपचार मुहैया कराया जाता है, जिसका कोई शुल्क नहीं लगता है।

## फिल्म 'पटना शुक्ला' से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना टंडन



**मुंबई,** 15 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि उनकी फिल्म 'पटना शुक्ला' में उनके किरदार तन्वी शुक्ला से कई महिलाएं प्रेरित होंगी और जुड़ाव महसूस करेंगी। विवेक बुडाकोटी के निर्देशन में फिल्म 'पटना शुक्ला' में रवीना टंडन वकील तन्वी शुक्ला के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म को सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के प्रोडक्शंस हाउस ने बनाया है। रवीना टंडन ने कहा कि तन्वी शुक्ला एक ऐसा किरदार है जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा। मैं तन्वी जैसे कई लोगों से मिली हूं, इसलिए मुझे यह रोल परिचित लगा, जिससे मैं तुरंत उसकी कहानी से जुड़ गई। तन्वी की जड़ें शहर में हैं, इसलिए मैंने पटना लहजा और लोगों की मानसिकता को समझने में समय बिताया।मुझे उम्मीद है कि तन्वी की कहानी देखने के बाद कई महिलाएं इससे प्रेरित होंगी।




देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.10 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.89 प्रतिशत |
| मारुति | 0.71 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.37 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.30 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.75 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.23 प्रतिशत |
| एलटी | 1.97 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.94 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.91 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 65425 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 73100 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में दो रुपए की कटौती



**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को घोषणा की कि तेल मार्केटिंग कंपनियों ने कीमतों में संशोधन किया है, जिससे पूरे भारत में पेट्रोल और डीजल शुक्रवार से लगभग 2 रुपए प्रति लीटर सस्ता हो जाएगा। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तेल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने सूचित किया है कि उन्होंने देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संशोधन किया है। नई कीमतें 15 मार्च 2024, सुबह 6:00 बजे से प्रभावी होंगी। मंत्रालय द्वारा साझा किए गए ग्राफ के अनुसार, दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपए प्रति लीटर होगी ।

## भारतीय रेलवे ने अब तक 2.40 लाख करोड़ रुपए का राजस्व किया हासिल

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे वित्तीय वर्ष 2023-24 में माल ढुलाई व्यवसाय, कुल राजस्व, ट्रैक बिछाने के मामले में अपने रिकॉर्ड किए गए इतिहास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करने की राह पर है।

प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, आईआर ने मार्च, 2024 को 1500 मीट्रिक टन की मूल माल ढुलाई को पार कर लिया है। इससे पहले, आईआर ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 1512 मीट्रिक टन की अब तक की सबसे अच्छी माल ढुलाई हासिल की थी।

इस वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, आज की तारीख में भारतीय रेलवे का कुल राजस्व 2.40 लाख करोड़ रुपए है। पिछले साल 15 मार्च को कुल राजस्व 2.23 लाख करोड़ रुपए था, जो 17000 करोड़ रुपए से अधिक था। इस वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय रेलवे का कुल



- भारतीय रेलवे अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करने की राह पर
- माल ढुलाई में 1500 मिलियन टन का आंकड़ा किया पार
- चालू वित्त वर्ष के दौरान 5100 किलोमीटर ट्रैक बिछाने का लक्ष्य हासिल

खर्च 2.26 लाख करोड़ रुपए है।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 648 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के आंकड़ों की तुलना में 52 करोड़ अधिक है। पिछले साल कुल यात्रियों की संख्या 596 करोड़ थी। इस वित्तीय वर्ष में आज की तारीख तक भारतीय रेलवे ने 5100 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई हैं। इस वित्तीय वर्ष में, औसत दैनिक ट्रैक प्रति दिन 14 किलोमीटर से अधिक हो जाता है।

## वाणिज्य वस्तुओं के निर्यात में फरवरी में लगभग 12 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। भारत से फरवरी में वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात 11.86 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 41.40 अरब डालर रहा। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में दी गई।

मंत्रालय ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में फरवरी का निर्यात सबसे ऊंचा है। पिछले वर्ष फरवरी में वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात 37.01 अरब डालर हुआ था। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार फरवरी में वाणिज्य निर्यात की वृद्धि में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन, औषधि और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात का बड़ा योगदान रहा।

फरवरी 2024 में वाणिज्यक वस्तुओं का आयात 60.11 अरब डालर रहा जो एक साल पहले 53.58 अरब डालर की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक है। इस तरह फरवरी माह में व्यापार घाटा 18.71 अरब डालर के बराबर रहा। एक साल पहले इसी माह में व्यापार घाटा 16.57 अरब डालर था। फरवरी में सेवाओं का निर्यात 32.15 अरब डॉलर और आयात 15.39 अरब डालर के बराबर रहा। इस तरह सम्पूर्ण व्यापार घाटा (वस्तु और सेवा व्यापार सहित)



- फरवरी में व्यापार घाटा 18.71 अरब डॉलर के बराबर रहा
- इलेक्ट्रॉनिक,औषधि व पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात ज्यादा

1.95 अरब डालर के बराबर रहा।

वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार कुल व्यापार घाटा (वस्तु एवं सेवाओं सहित) अप्रैल-फरवरी 2022-23 के 116.13 अरब डॉलर से 37.80 प्रतिशत घटकर अप्रैल-फरवरी 2023-24 में 72.24 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी 2023-24 के दौरान वाणिज्यक वस्तुओं के व्यापार में घाटा (निर्यात के मुकाबले आयात में अधिकता) अप्रैल-फरवरी 2022-23 के 245.94 अरब डॉलर की तुलना में 8.43 प्रतिशत घट कर 225.20 अरब डॉलर रही।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारतीय बाजार के प्रति प्रतिबद्धता जताई

**हुबली।** फ्रिज, टीवी, वाशिंग मशीन जैसे घरेलू इलेक्ट्रानिक सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के प्रबंध निदेशक, हांग जू जियोन ने कहा है कि भारत के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता ग्राहकों को नए-नए उत्पाद पेश करने से बढ़ कर है। जियोन कर्नाटक में हुबली में कंपनी की शाखा के दौरे में बोल रहे थे। जियोन ने कहा कि भारतीय बाजार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ नवोन्वेषी उत्पाद प्रदान करने से कहीं अधिक है। हम अपने उपभोक्ताओं को सक्रिय रूप से सुनने, उनकी जरूरतों को समझने और उनकी अपेक्षाओं को पार करने का प्रयास करने में विश्वास करते हैं। मैं सीधे तौर पर चीजों को समझने के लिए पूरे भारत में बड़े पैमाने पर दौरा कर रहा हूं जो हमें निरंतर सुधार के हमारे प्रयासों को प्रेरित करता है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल सस्ती

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि अरहर दाल सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा तीन रिंगिट की फिसलकर 4327 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.45 सेंट की गिरावट के साथ 47.94 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## मोदी सरकार में 10 हजार से अधिक नए डाक घर खुले : वैष्णव

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। मोदी सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 10480 नए डाक घर खुले हैं जबकि इससे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छह डाक घर बंद किए गए थे।

**2.50 लाख डाककर्मियों को किया गया प्रशिक्षित**

संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डाक विभाग में कार्यरत 2.56 लाख से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की सेवा शर्तों में सुधार और सेवा में ठहराव को दूर करने के लिए एक वित्तीय उन्नयन योजना की



वैश्विक स्तर पर डाक सेवाओं में शिथिलता आ गई है लेकिन भारत में डाक विभाग का विस्तार हो रहा है : अश्विनी वैष्णव

घोषणा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 1.28 लाख डाककर्मियों की भर्ती की गई है और 2.50 लाख को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर डाक सेवाओं में शिथिलता आ गई है लेकिन भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डाक विभाग को विस्तार हो रहा है और नई-नई सेवाओं को इसके दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के तहत डाक घरों में 53 लाख पंजीकरण हुए हैं। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 3.17 करोड़ खाते खुले हैं जिनमें 1.50 लाख करोड़ रुपए जमा है। इसके साथ ही देश के दूरस्थ क्षेत्रों से निर्यात को गति देने के लिए एक हजार डाक निर्यात केन्द्र शुरू किए गए हैं जहां से 12 हजार नए निर्यातकों के 3.85 लाख पासर्ल निर्यात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में अभी 434 डाक पासपोर्ट सेवा केन्द्र कार्यरत है।

**सार संक्षेप**

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 636.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 8.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 562.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 50.72 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 3.1 करोड़ डॉलर की बढ़त हुई और यह बढ़कर 18.21 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.82 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### गुरुग्राम में पहला वनप्लस एक्सपीरियंस स्टोर लॉन्च

**नई दिल्ली।** टेक्नोलॉजी ब्रांड वनप्लस गुरुग्राम में अपना पहला वनप्लस एक्सपीरियंस स्टोर लॉन्च किया है। कंपनी ने कहा कि यह 2024 में लॉन्च होने वाले वनप्लस एक्सपीरियेंस स्टोर्स के पहले सेट में से एक है। कंपनी भारत में अपनी ऑफलाइन मौजूदगी को मजबूती देने और ग्राहकों के लिए रिटेल टचपॉइंट्स बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह अत्याधुनिक वनप्लस एक्सपीरियंस स्टोर में एक वनप्लस एक्सपीरियंस ज़ोन है, जिसमें ग्राहक विभिन्न कैटेगरीज के वनप्लस उत्पादों का निजी तौर पर अनुभव लेने का मौका पाएंगे। यहां एक प्रीमियम कॉफी बार और पूर्ण रूप से विकसित सर्विस सेंटर भी है। यह पहल मुख्य रूप से भारत के टीयर 2 और टीयर 3 बाजारों में अपनी मौजूदगी को बढ़ाने के लिए वनप्लस की रणनीतिक कोशिशों पर जोर देती है।

### सफोला मसाला ओट्स ने नया कैम्पेन लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** मैरिको लिमिटेड के घराने से भारत के नंबर 1 ओट्स ब्रांड सफोला ओट्स ने आज अपनी फ्लेवर्ड ओट्स रेंज के लिए एक नया कैम्पेन लॉन्च किया है। इस कैम्पेन के तहत, चार अभिनव विज्ञापन फिल्में बनाई गई हैं, जो अलग-अलग ग्राहकों के बीच स्नैकिंग को लेकर उनकी पसंद को दिखाती है। इस कैम्पेन में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि सफोला मसाला ओट्स किस तरह हल्की-फुल्की भूख को शांत करने के लिये ज्यादा सेहतमंद और स्वादिष्ट विकल्प की पेशकश करता है। आज लोग ऐसे स्नैक्स की तलाश में रहते हैं जो उनकी मनपसंद भोजन करने की इच्छा को आसानी से पूरा कर दें। इसी उपभोक्ता मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुए मुलेन लिंटास द्वारा बनाई गई चार फिल्मों में दिखाया गया है कि कैसे सफोला मसाला ओट्स विभिन्न मौकों पर उपभोक्ताओं की कई जरूरतों को पूरा करता है। हर फिल्म रोजाना की जिंदगी के अलग-अलग स्नैकिंग पलों की झलक दिखाती है।

## सोलह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार लुढ़का

- सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत का गोता लगाकर 72,643.43 अंक पर बंद हुआ
- निफ्टी 0.56 प्रतिशत टूटकर 22,023.35 अंक पर बंद
- बीएसई के कुल 16 समूहों का रुझान रहा नकारात्मक

**मुंबई,** 15 मार्च (एजेंसियां)। रूस की तेल रिफाइनरी पर यूक्रेन के ड्रोन हमले के साथ ही अमेरिका में महंगाई की दर अनुमान से अधिक रहने के बाद फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शुरू करने को लेकर बढ़ी चिंता के दबाव में स्थानीय स्तर पर तेल एवं गैस, ऊर्जा, ऑटो और कैपिटल गुड्स समेत सोलह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार फिर गिर गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 453.85 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत का गोता लगाकर 72,643.43 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 123.30 अंक यानी 0.56 प्रतिशत टूटकर 22,023.35 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान मझौली कंपनियों में बिकवाली वहीं छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.51 प्रतिशत गिरकर 38,250.44 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत की बढ़त लेकर 42,012.75 अंक पर पहुंच गया।



बीएसई सेंसेक्स 15 मार्च 2024

अधिकतम गिरावट

खुला 74,175.93 | बंद 73,502.64 | पिछला बंद 74,119.39 | बदलाव: -453.85 (0.62%)

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| एम एंड एम | 1,797.00 | -5.01 |
| टाटा मोटर्स | 944.30 | -2.43 |
| एनटीपीसी | 316.10 | -1.91 |
| एचसीएल टेक | 1,650.65 | -1.73 |
| एल एंड टी | 3,546.10 | -1.67 |
| इंफोसिस | 1,630.55 | -1.33 |
| टेक महिंद्रा | 1,276.85 | -1.32 |
| एसबीआई | 732.20 | -1.15 |
| एशियन पेंट्स | 2,851.00 | -1.09 |
| अल्ट्रा टेक | 9,596.05 | -1.08 |

KBK Infographics

इस दौरान बीएसई में कुल 3936 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2010 में गिरावट जबकि 1811 में तेजी रही वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियों में बिकवाली जबकि शेष 11 में लिवाली हुई। बीएसई के 16 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे सीडी 0.57, ऊर्जा 1.95, वित्तीय सेवाएं 0.32, हेल्थकेयर 0.82, इंडस्ट्रियल्स 0.76, आईटी 0.55, यूटिलिटीज 0.35, ऑटो 1.74, बैंकिंग 0.50, कैपिटल गुड्स 1.25, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.22, धातु 0.67, तेल एवं गैस 2.24, पावर 0.72, रियल्टी 0.08 और टेक समूह के शेयर 0.16 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.20, जर्मनी का डैक्स 0.29 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.54 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जापान का निक्केई 0.26 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.42 प्रतिशत कमजोर रहा। सेंसेक्स की शुरूआत कमजोर रही और यह 211 अंक की गिरावट के साथ 72,886.77 अंक पर खुला लेकिन लिवाली के बल पर थोड़ी देर बाद 72,998.07 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले यह 72,484.82 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 4.75, टाटा मोटर्स 2.23, एलटी 1.97, एनटीपीसी 1.94, एचसीएल टेक 1.91, एसबीआई 1.18, इंफ़ोसिस 1.06, रिलायंस 0.98, एक्सिस बैंक 0.96, टेक महिंद्रा 0.93, टाटा स्टील 0.67, आईसीआईआई बैंक 0.45, पावरग्रिड 0.38, एचडीएफसी बैंक 0.25, विप्रो 0.15 और आईटीसी के शेयर 0.06 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, भारती एयरटेल 2.10, बजाज फाइनेंस 1.89, मारुति 0.71, बजाज फिनसर्व 0.37, इंडसइंड बैंक 0.30 और टीसीएस के शेयर 0.25 प्रतिशत लाभ में रहे।

## भारत का पहला आउटकम-ड्रिवन माइक्रो क्रेडिट कोर्स शुरू

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। टेक्नोलॉजी सेक्टर में अकादमिक शिक्षा और प्रोफेशनल सफलता के बीच गैप को पाटने के एक अभूतपूर्व प्रयास में मसाई स्कूल कंप्यूटर साइन्स एजुकेशन ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और आईआईटी गुवाहाटी के साथ मिलकर भारत का पहला आउटकम-ड्रिवन माइक्रो क्रेडिट कोर्स शुरु करने की आज घोषणा की।

एनएसडीसी और आईआईटी गुवाहाटी की साझेदारी में विकसित यह पहल उच्च शिक्षा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है जो छात्रों को कक्षा से रोजगार तक का सीधा रास्ता प्रदान करेगी। यह प्रोग्राम एक क्रेडिट-बेस्ड करिकुलम पेश करता है जिसमें प्रोग्रामिंग, कंप्यूटर साइन्स के लिए गणित, डेटा स्ट्रक्चर एंड एल्गोरिदम, डेटाबेस, सिस्टम डिज़ाइन और ओएस नेटवर्किंग जैसे महत्वपूर्ण डोमेन शामिल हैं।

एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी वेद मणि तिवारी ने इस मौके पर कहा कि एनएसडीसी में, हम आज के डायनामिक जॉब लैन्डस्केप में मजबूत होने के लिए आवश्यक कौशल वाले व्यक्तियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पहल करते हैं। मसाई स्कूल और आईआईटी गुवाहाटी के साथ हमारी साझेदारी इस प्रयास में एक महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत है। कंप्यूटर साइन्स शिक्षा में भारत के पहले आउटकम-ड्रिवन माइक्रोक्रेडिट कोर्स की यह पहल महत्वाकांक्षी टेक्नोलॉजी के उत्साही लोगों के लिए अद्वितीय कैरियर एक्सीलेन्स की ओर परिवर्तनकारी यात्रा शुरू करने का रास्ता खोलती है।

फैकल्टी अफेयर्स - आईआईटी गुवाहाटी- के एसोसिएट डीन डॉ. गौरव त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षकों के रूप में हम छात्रों को न केवल थियोरेटिकल नॉलेज बल्कि प्रैक्टिकल स्किल से लैस करने के महत्व को पहचानते हैं जो उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

## कॉयर बोर्ड का उत्तर प्रदेश में विस्तार वर्मा ने रखी नए शोरूम की आधारशिला

**नई दिल्ली**, 15 मार्च (एजेंसियां)। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने कॉयर बोर्ड के विस्तार कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के कोंच में कॉयर (नारियल के रेशे से बने उत्पादों) के शोरूम की आधारशिला रखी। मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार वर्मा ने कल आयोजित इस कार्यक्रम में कहा कि कॉयर बोर्ड उत्तर प्रदेश में विविध उत्पादों और इसके विभिन्न उपयोगों को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर प्रदान करना चाहता है। उत्तर प्रदेश कॉयर उद्योग के लिए गैर-परम्परागत क्षेत्र है। कॉयर बोर्ड के उत्तर प्रदेश में चार शोरूम इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ और वाराणसी में हैं। कॉयर बोर्ड ने 2022 और 2023 में

> कॉयर उद्योग अपने उत्पादों के उपयोग के मामले में नए रास्ते खोल रहा है : **भानु प्रताप सिंह वर्मा**

आयोजित काशी-तमिल संगमम और उत्तर प्रदेश में बहुत सारी प्रदर्शनियों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया है।

वर्मा ने कहा कि कॉयर उद्योग अपने उत्पादों के उपयोग के मामले में नए रास्ते खोल रहा है और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए, योजनाओं और सेवाओं को लोकप्रिय बनाने के साथ पूरे देश में विस्तार कर रहा है। कॉयर उद्योग अधिनियम, 1953 के अंतर्गत, कॉयर बोर्ड की स्थापना की गई थी। बोर्ड का मुख्यालय कोच्चि में है और यह बोर्ड देश भर में 28 विपणन केन्द्र सहित 48 प्रतिष्ठान चला रहा है।

## विद्युत वाहन नीति को मंजूरी, न्यूनतम 4150 करोड़ रुपए के निवेश की शर्त

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। सरकार ने भारत को बैटरी चालित वाहनों (ईवी) के विनिर्माण स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए ई-वाहन नीति को मंजूरी दी जिसके तहत प्रोत्साहन की इच्छुक कंपनियों को न्यूनतम 4150 करोड़ रुपए का निवेश करना आवश्यक बनाया गया है।

इस नीति के तहत कंपनियों को भारत में नए कारखाने में तीस साल में व्यावसायिक उत्पादन शुरू करना होगा तथा पांच साल में कम से कम 50 प्रतिशत मूल्यवर्द्धन देश में करना होगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस नीति के तहत निवेश करने वाली कंपनियों को कम आयात शुल्क पर सीमित संख्या में कारों के आयात की छूट होगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार ने भारत को विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए एक योजना को मंजूरी दे दी है ताकि देश में नवीनतम तकनीक वाले ई-वाहनों



- भारतीय उपभोक्ताओं को नवीनतम तकनीक तक पहुंच प्रदान करेगा
- नीति से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

(ईवी) का निर्माण किया जा सके।

बयान में कहा गया है कि यह नीति प्रतिष्ठित वैश्विक ईवी निर्माताओं द्वारा ई-वाहन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए तैयार की गई है। यह भारतीय उपभोक्ताओं को नवीनतम तकनीक तक पहुंच प्रदान करेगा, मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देगा, ईवी खिलाड़ियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर ईवी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा जिससे उच्च मात्रा में उत्पादन, पैमाने की अर्थव्यवस्थाएं, उत्पादन की कम लागत, कच्चे तेल के आयात में कमी आएगी। व्यापार घाटा कम होगा, विशेषकर शहरों में वायु प्रदूषण कम होगा और स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

इस नीति के तहत विनिर्माण के दौरान डीवीए तीसरे वर्ष तक 25 प्रतिशत और पांचवें वर्ष तक 50 प्रतिशत का स्थानीयकरण स्तर हासिल करना होगा। इस नीति के तहत देश में तीन साल के अंदर व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने वाली कंपनियां 15 प्रतिशत सीमा शुल्क पर कुल पांच साल की अवधि के लिए 35,000 अमेरिकी डॉलर और उससे अधिक के न्यूनतम मूल्य वाले वाहन आयात कर सकेंगी।

# खेल जगत

## संन्यास बाद मैं निश्चित रूप से हल्का महसूस कर रही हूं' मेग लैनिंग



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स की कैप्टन मेग लैनिंग ने दिल्ली कैपिटल्स पॉडकास्ट के पहले एपिसोड (सीजन 4) के दौरान अपने दिल की बात कही। एक स्वतंत्र बातचीत में, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अपने जीवन पर प्रकाश डाला। यह निर्णय लेना आसान नहीं था, लेकिन मैंने जो निर्णय लिया है उससे मैं संतुष्ट हूं। जब आप ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हों, आपको एक निश्चित तरीके से देखे जाने की आदत हो गई है और ऐसा महसूस होता है कि आप अपनी सतर्कता में बहुत अधिक कमी नहीं कर सकते। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद मैं निश्चित रूप से हल्का महसूस कर रही हूं।

# रूपिंदर व जुगराज युवा ड्रैग फ्लिकरों और एड्रियन व छेत्री भारत में गोलरक्षकों की नई पौध तैयार करेंगे

## हॉकी इंडिया ने भारतीय हॉकी का भविष्य सुधारने के लिए शुरू किया अभूतपूर्व कार्यक्रम

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (देशबन्धु)। हॉकी इंडिया ने खास कोचिंग के जरिए देश भर में युवा ड्रैग फ्लिकरों और गोलरक्षकों की नई पौध तैयार करने भारतीय हॉकी का भविष्य संवारने के लिए अभूतपूर्व कार्यक्रम का आगाज किया। यह रणनीतिक फैसला जमीनी स्तर पर गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग कोचिंग के अहम पहलुओं पर चर्चा के लिए यहां बुलाई गई महत्वपूर्ण बैठक के बाद लिया गया। इस बैठक में रूपिंदर पाल सिंह, जुगराज सिंह, वीआर रघुनाथ और गुरजिंदर सिंह जैसे देश के पूर्व धुरंधर ड्रैग फ्लिकरों के साथ एड्रियन डिसूजा, भरत छेत्री , योगिता बाली, हेलेन मैरी, दीपिका मूर्ति आकाश चिकते, पीटी राव जैसे भारत के पूर्व जाने माने गोलरक्षकों ने शिरकत की। इस बैठक में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व हॉकी ओलंपियन दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर मनोहरन , हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर हरमन क्रूज ने वर्चुअल शिरकत कर अपने विचार रखे और सुझाव दिए।

इस नई पहल में प्रतिभाशाली ड्रैग फ्लिकरों और गोलरक्षकों को तलाश कर सबसे ज्यादा जोर जमीनी स्तर पर उनकी प्रतिभां को संवारने और निखारने पर रहेगा। हॉकी इंडिया का कम उम्र से ड्रैग फ्लिकरों और गोलरक्षकों को तैयार करने का मकसद नामी टीमों के लिए बराबर खिलाड़ियों की मजबूत कड़ी तैयार करना है। हॉकी इंडिया की इस कार्यक्रम की बाबत भारत और दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर रहे रूपिंदर पाल सिंह ने कहा कि यह पहल और कार्यक्रम वाकई शानदार है। यह कार्यक्रम युवा प्रतिभाओं को सीखने का बेशकीमती मौका देगा और वे हमारे मार्गदर्शन में अपने कौशल को निखारेंगे। यह कार्यक्रम हम अपने बरसों के ज्ञान को इन नौजवानों के साथ बांट देश के हॉकी नायकों की अगली पीढ़ी को तैयार करने और विकास संस्कृति तैयार करने का मौका देगा।' भारत के पूर्व गोलरक्षक भरत छेत्री ने इस शानदार कार्यक्रम की बाबत कहा कि बतौर पूर्व गोलरक्षक में हॉकी इंडिया की इस क्रांतिकारी बदलाव की सराहना करताहूं। भारतीय हॉकी की दीर्घकालिक कामयाबी के लिए जमीनी स्तर पर निवेश की जरूरत है। हॉकी इंडिया राष्ट्रीय टीमों के लिए मजबूत नींव रख रहा है। यह कार्यक्रम न केवल प्रतिभाओं को निखारेगा बल्कि नौजवानों में हॉकी के लिए गर्व और जुनून पैदा करेगा। साथ ही यह कार्यक्रम आने वाले बरसों के लिए कौशल खिलाड़ियों की सप्लाई भी सुनिश्चित करेगा। मेरा विश्वास है कि यह पहल भारतीय हॉकी का भविष्य को तय करेगी और हमारी भारतीय टीम को वैश्विक मंच पर नई बुलंदियों पर पहुंचाएगी।' भारत की पूर्व अंतरराष्ट्रीय गोलरक्षक हेलन मैरी ने कहा कि हॉकी इंडिया का यह कार्यक्रम और पहल भविष्य के गोलरक्षकों को तैयार करने और हॉकी ड्रैग फ्लिकरों को भविष्य संवारने के लिए अहम कदम है।



### कार्यक्रम की खास बातें

**प्रतिभा पूल का गठन :** हॉकी इंडिया पूर्व गोलरक्षकों और ड्रैग फ्लिकरों का एक पूल तैयार करेगा। इसमें ये पूर्व गोलरक्षक और ड्रैग फ्लिकर भारत को भर में तीन दिन के प्रशिक्षण सत्रों के लिए प्रशिक्षण देंगे।

### प्रतिभाओं को तलाशना और खास प्रशिक्षण देना

इन अभ्यास सत्रों के बाद देश के ये पूर्व धुरंधर खिलाड़ी असाधारण प्रतिभा दिखाने वाले युवा खिलाड़ियों की पूरी शिद्दत से पहचान करेंगे। चुने गए इन हॉकी खिलाड़ियों को उनके कौशल और प्रतिभा को निखारने के लि, हॉकी इंडिया खासतौर पर खास ट्रेनिंग देगा।

### समर्थन और मेहनताना

प्रशिक्षण देने वाले देश के पूर्व हॉकी खिलाड़ियों के बेशकीमती योगदान और उनके समय और प्रयासों के लिए मेहनताना भी देगा ही उन्हें रहने और यात्रा के खर्चों को वहन करेगा।

# दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े पोंटिंग



**विशाखापत्तनम,** 15 मार्च (एजेंसियां)। जैसे ही जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 के लिए तैयार हो रही है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने गुरुवार को टीम के साथ अपने पहले प्रशिक्षण सत्र के बाद अपने इंप्रेशन साझा करने के लिए कुछ समय लिया। पोंटिंग ने कहा कि मैंने आज जो देखा वह बहुत रोमांचक और आशाजनक था।

दिल्ली कैपिटल्स परिवार के साथ वापस आना बहुत अच्छा है। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने आगे कहा कि यह सिर्फ शुरुआत है। हम अभी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर अभ्यास करने की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। हम अभी तक पहले मैच के बारे में ज्यादा उत्सुक नहीं हैं। हम कुछ मात्रा में काम कर रहे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ फिर से मिलने के बारे में बात करते हुए, डीसी हेड कोच ने कहा कि हमने पिछले साल उन्हें अविश्वसनीय रूप से याद किया। पूरे टूर्नामेंट में उनकी कमी महसूस हुई। ऋषभ टीम में बहुत ऊर्जा लाते हैं। गेंद को हमेशा की तरह अच्छे से मारना और वह अपने सभी साथियों को अपने चारों ओर उठा लेते हैं। इस साल टीम के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर पोंटिंग ने कहा कि यह कोई अलग दृष्टिकोण नहीं है, यह वही है, लेकिन इस साल मैं जिस तरह से आगे बढ़ूंगा, उसमें और अधिक प्रखर होने जा रहा हूं। जब भी मैं यहां आता हूं तो बात करता हूं। आईपीएल जीतने की इच्छा के बारे में और वहां कुछ भी नहीं बदलता है। मैं इस साल इसके बारे में और भी अधिक बात करने जा रहा हूं। मैं चाहता हूं कि खिलाड़ी पूरी तरह से व्यस्त रहें और यही कारण है कि हम सब यहां हैं। इस टीम को सफलता दिलाना मेरा काम है। हम सिर्फ क्वालिफाई करने के लिए पर्याप्त मैच जीतने के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। हम आईपीएल जीतने के बारे में बात कर रहे हैं। हम जो कुछ भी करते हैं, हमारा हर प्रशिक्षण सत्र, हमारी हर बैठक, हमारा हर रिकवरी सत्र, खिलाड़ियों के साथ मेरी हर बातचीत उन्हें बेहतर बनाने और खुद को जीतने का सबसे अच्छा मौका देने के बारे में होगी। दिल्ली कैपिटल्स अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार, 23 मार्च को मोहाली के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में करेगी।

■ पोंटिंग बोले, पूरे टूर्नामेंट में ऋषभ पंत की कमी महसूस हुई

### दिल्ली कैपिटल्स ने जेक फ्रेंजर-मैक्गर्क को टीम में शामिल किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के आगामी संस्करण के लिए लुंगिसानी एनगिडी के प्रतिस्थापन के रूप में ऑलराउंडर जेक फ्रेजर-मैक्गर्क को नामित किया। एनगिडी, जिन्होंने 14 आईपीएल मैच खेले हैं और उनके नाम 25 विकेट हैं, चोट के कारण आईपीएल 2024 से बाहर हो गए। जेक फ्रेजर-मैक्गर्क ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2 वनडे मैच खेले हैं। वह 50 लाख रुपए के आरक्षित मूल्य पर डीसी में शामिल हुए।



### टी20 विश्व कप में विराट के बिना खेलना संभव नहीं : श्रीकांत



**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। भारत के पूर्व कप्तान और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्णामाचारी श्रीकांत ने टी20 विश्व कप में भारतीय टीम में विराट कोहली की जगह का बचाव किया है और विराट से जुड़ी सभी अफवाहों को खारिज किया है। जनवरी में, विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में अपनी टी20 वापसी की, जहां उन्होंने 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से खेल के सबसे छोटे प्रारूप में नहीं खेलने के बाद दो मैचों में 29 और 0 रन बनाए। इस कदम से अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने कोहली और रोहित शर्मा को फिर से टी20 लाइनअप में शामिल करने के अपने इरादे का संकेत दिया, जो टी20 विश्व कप के लिए ऐसा करने की उनकी इच्छा का संकेत देता है। श्रीकांत ने टीम की सफलता में कोहली की महत्वपूर्ण भूमिका पर बात की और पिछले टी20 विश्व कप में उनके प्रदर्शन पर प्रकाश डाला, जहां उन्होंने भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



# एंगिडी के विकल्प के रूप में दिल्ली कैपिटल्स ने जेक फ्रेजर- मैकगर्क को अनुबंधित किया

सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली कैपिटल्स ने अभी भी अपनी चोट से उबरने में जुटे दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी के विकल्प के रूप में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जेक फ्रेजर- मैकगर्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 क्रिकेट के लिए उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपये में अनुबंधित किया है। इससे पहले इंग्लैंड के नौजवान बल्लेबाज हैरी ब्रूक्स अपनी दादी के फरवरी में निधन के बाद दिल्ली कैपिटल्स से हट गए थे। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 में अपने अभियान का आगाज 23 मार्च को मोहाली में यादविंद्र सिंह स्टेडियम में करेगी। एंगिडी अभी भी एसए 20 लीग के दौरान पीठ में लगी चोट से उबरने में जुटे हैं। जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने आईएल टी 20 में तीन मैचों में एक अर्धशतक सहित 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 106 रन बना सभी को प्रभावित किया था। जेक फ्रेजर-मैकगर्क उपयोगी लेग स्पिनर भी हैं और आईपीएल के लिए हुई बोली में वह बतौर ऑलराउंडर लिस्टेड थे। अब तक अपने पेशेवर क्रिकेट में जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने मात्र चार ओवर किए है। दिल्ली कैपिटल्स के ऑस्ट्रेलिया कोच रिकी पॉन्टिंग 21 बरस के जेक फ्रेजर-मैकगुर्क उन्हें ऑस्ट्रेलिया का क्रिकेट के लिए तीनों फॉर्मेट का भविष्य संभावित ऑलराउंडर बता रहे हैं। जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का आगाज पिछले महीने दो वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेल कर किया था। जेक फ्रेजर-मैकगुर्क अब केवल 37 टी-20 मैच खेले है। लुंगी एंगिडी ने आईपीएल में अब तक 14 मषच खेल कर 8.30 की इकॉनमी रेट के साथ कुल 25 विकेट चटकाए हैं। लुंगी ने अपने आईपीएल करियर का आगाज चेन्नै सुपर किंग्स के साथ 2018 में किया और 2022 में उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। एंगिडी के चोट के चलते बाहर होने से दिल्ली कैपिटल्स का तेज गेंदबाजी आक्रमण अब अनुभवी दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज एनखि नोकिया, भारत के इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, खलील अहम, जाए रिचर्डसन और रसिकि सलाम पर निर्भर करेगा जबकि जरूर पड़ने ऑलराउंडर मिचेल मार्श भी गेंदबाजी कर इन सभी का सहयोग कर सकते हैं।



■ एंगिडी अभी भी चोट से उबरने में जुटे

# मैथ्यू वेड प्रथम श्रेणी क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी क्रिकेटर मैथ्यू वेड ने शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा की है। 36 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पर्थ में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तस्मानिया का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने 166वें प्रथम श्रेणी मैच के बाद इस प्रारूप को अलविदा कह देंगे। होबार्ट में जन्मे मैथ्यू वेड ने विक्टोरिया के साथ चार शील्ड खिताब जीते हैं, जिनमें दो कप्तान के रूप में शामिल हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद वेड सफ़ेद बॉल फॉर्मेट खेलना जारी रखेंगे। वहीं जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में उनके शामिल होने की उम्मीद है। अपनी शानदार यात्रा के दौरान अपने परिवार के समर्थन और बलिदान को स्वीकार करते हुए, वेड ने अपने प्रियजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## सार संक्षेप

### सफेद बॉल क्रिकेट में स्टॉप क्लॉक नियम लागू

**दुबई,** 15 मार्च (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सीमित ओवरों के अंतर्राष्ट्रीय मैचों में ओवरों के बीच स्टॉप-क्लॉक का उपयोग अनिवार्य कर दिया है। यह नियम 1 जून 2024 से लागू होगा और इस साल के अंत में वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप में इसका इस्तेमाल किया जाएगा। आईसीसी ने बोर्ड बैठक के बाद एक विज्ञप्ति में बताया कि स्टॉप-क्लॉक जून 2024 से सभी वनडे और टी20 में स्थायी हो जाएगी, जिसकी शुरुआत वेस्टइंडीज और यूएसए में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 से होगी। दिसंबर 2023 में, आईसीसी ने पुरुषों के सीमित ओवरों के अंतर्राष्ट्रीय मैचों में परीक्षण के आधार पर स्टॉप क्लॉक की शुरुआत की थी। परीक्षण अप्रैल 2024 तक चलना था, लेकिन मैचों के समय पर पूरा होने के संदर्भ में प्रयोग के परिणाम पहले ही मिल चुके हैं। विज्ञप्ति में बताया गया कि मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) को प्रस्तुत किए गए नतीजों से पता चला कि प्रति वनडे मैच में लगभग 20 मिनट बचाए गए थे। इस सुविधा को अब 1 जून, 2024 से सभी पूर्ण सदस्य वनडे और टी20 मैचों में अनिवार्य रूप में जोड़ा गया है। इस नियम के मुताबिक फील्डिंग टीम को एक ओवर खत्म होने के बाद अगला ओवर 60 सेकेंड यानी एक मिनट के अंदर शुरू करना होता है। ओवर खत्म होते ही स्टॉप वॉच ऑन हो जाएगी और फिर 60 सेकेंड के अंदर टीम को अगला ओवर शुरू करना होगा। अगर फील्डिंग टीम इस नियम का पालन नहीं कर पाती हैं, तो उन पर पेनल्टी का भी नियम है। इस गलती के कारण फील्डिंग टीमों को पांच रन का जुर्माना लग सकता है। हालांकि, इससे पहले उन्हें दो बार चेतावनी मिलेगी। सभी आईसीसी सफेद बॉल फॉर्मेट के लिए नियम को लागू किया जाएगा।

### पीठ की सर्जरी के बाद राशिद वापसी के लिए तैयार

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी राशिद खान पीठ की चोट और उसकी सर्जरी से पूरी तरह उबरने के बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी से खुश हैं। चोट के कारण वह 2023 विश्व कप के बाद से एक्शन से बाहर थे। राशिद खान को शुक्रवार से आयरलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी टी20 सीरीज के लिए अफगानिस्तान की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया है। चोट के कारण, राशिद को बिग बैश लीग, एसए20, यूएई, भारत और श्रीलंका के खिलाफ अफगानिस्तान के दौरे और अब आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट और वनडे मैचों में खेलने से चूकना पड़ा।

# शरत कमल क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 6 से हारे

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। सिंगापुर स्मैश 2024 में अचंत शरत कमल की उल्लेखनीय यात्रा शुक्रवार को सिंगापुर में क्वार्टर फाइनल में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के फेलिक्स लेब्रुन के खिलाफ 1-4 से हार के साथ समाप्त हो गई। शरत कमल 32 मिनट तक चले मुकाबले में लेब्रून से 9-11, 2-11, 7-11, 11-9, 8-11 से हार गए। शुरू से ही, 17 वर्षीय लेब्रून ने खेल पर नियंत्रण हासिल करने के लिए अपने युवा जोश और जबरदस्त गति का फायदा उठाते हुए अपना दबदबा कायम रखा। 41 वर्षीय शरत की वापसी की कोशिशों के बावजूद फ्रांसीसी खिलाड़ी हावी रहा और पहले तीन गेम जीतने में सफल रहा। हालांकि, शरत ने कमबैक किया और उन्होंने अच्छे शॉट खेले, साथ ही चौथे गेम में कड़ी मेहनत से जीत हासिल की। हालांकि उनके इस प्रयास ने मैच का नतीजा नहीं बदला और उन्हें हार झेलनी पड़ी। क्वालीफाइंग राउंड में प्रवेश करने के बाद, लेब्रून ने क्वार्टर फाइनल के रास्ते में दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी और दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी को हराकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।




# महेश भूपति ने टीटी एरेना में प्रवेश किया

**मुंबई,** 15 मार्च (एजेंसियां)। अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) ने लीग के रोस्टर में आठवीं फ्रेंचाइजी जोड़ी है। एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली टीम लीग में जीवंत शहर अहमदाबाद का प्रतिनिधित्व करेगी। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रवर्तित फ्रेंचाइजी-आधारित लीग ने पिछले साल जुलाई में आयोजित अपने सफल चौथे संस्करण के बाद नई टीम के आने का ऐलान किया है। एपीएल अपोलो ग्रुप की एक रणनीतिक शाखा-एसजीएसई के मालिकाना हक वाली इस नई टीम को अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के नाम से जाना जाएगा। यूटीटी के को-प्रमोटर नीरज बजाज और वीटा दानी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमें यूटीटी परिवार में एसजीएसई और एपीएल अपोलो ग्रुप का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर भारतीय टेबल टेनिस सितारों की सफलता और खिलाड़ियों और प्रशंसकों के बीच यूटीटी की लोकप्रियता ने पिछले कुछ वर्षों में लीग को और मजबूत बना दिया है। यूटीटी टेबल टेनिस के खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और यह विस्तार लीग के विकास में एक रोमांचक अध्याय है क्योंकि इससे हमें खेल को एक नए क्षेत्र में फैलाने में मदद मिलेगी।



# जल्द ही एएफसी को सारे सबूत सौंपे जाएंगे : नीलांजन भट्टाचार्य

## बहुत जल्द ही एशियाई फुटबॉल निकाय को अपने सभी सबूत सौंप देंगे

**नई दिल्ली,** 15 मार्च (एजेंसियां)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के हाल ही में हटाए गए कानूनी प्रमुख नीलांजन भट्टाचार्य ने एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे के खिलाफ जमकर हमला बोला है और उन्हें भ्रष्ट संस्था का प्रमुख बताया है। भट्टाचार्य, जिन्होंने हाल ही में चौबे के खिलाफ गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, को 4 मार्च को उनकी नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके तुरंत बाद, एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने बुधवार को इस मामले पर ध्यान दिया और इसे गंभीर मामला बताते हुए भट्टाचार्य से भ्रष्टाचार के अपने आरोपों को साबित करने के लिए सबूत पेश करने को कहा। एजेंसी के साथ विशेष रूप से बात करते हुए, भट्टाचार्य ने खुलासा किया कि वह जल्द ही एशियाई फुटबॉल निकाय को अपने सभी सबूत सौंप देंगे, यह दावा करते हुए कि उनके कार्य किसी भी निहित स्वार्थ से प्रेरित नहीं हैं, क्योंकि वह केवल भारतीय फुटबॉल की बेहतरी चाहते हैं। मैं जल्द ही सब कुछ जमा कर दूंगा। देखिए, एएफसी या एआईएफएफ चाहे कुछ भी करे, पूरी फुटबॉल बिरादरी सच्चाई जानती है। मुझे उम्मीद है कि एक बार जब मैं सबूत जमा कर दूंगा तो उन्हें मेरे आरोपों का मतलब समझ आ जाएगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि वे खेल के शासी निकाय के रूप में आवश्यक कदम उठाएंगे। भट्टाचार्य ने कहा कि उद्देश्य किसी को दंडित करना नहीं है। बल्कि इसका मकसद भारतीय फुटबॉल में फैली गंदगी को साफ करना है ताकि भविष्य में ऐसा कुछ न हो। इसका उद्देश्य एक पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करना है। अगर हम फुटबॉल-फर्स्ट दृष्टिकोण नहीं अपनाते हैं, तो कुछ नहीं होने वाला है। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने एआईएफएफ को सबूत क्यों नहीं सौंपे, भट्टाचार्य ने पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और पेशेवर दृष्टिकोण की कमी पर अफसोस जताया।

मेरे द्वारा आपको बताया जाएगा कि क्यों। कल्याण (चौबे) ने मुझे मानहानि का नोटिस भेजकर फेडरेशन की निर्धारित एजीएम से एक दिन पहले 9 मार्च तक अपने आरोपों के समर्थन में सभी सबूत जमा करने को कहा। कार्यवाहक महासचिव (एम. सत्यनारायण) ने भी मुझे इसी तरह का नोटिस भेजा, जिसमें मुझसे उसी तारीख तक सबूत जमा करने को कहा गया। यह दोनों का एक सम्मिलित प्रयास था। अगर मैं आप पर कोई आरोप लगाऊं तो क्या आप खुद को जांच प्रक्रिया में शामिल करेंगे? बिल्कुल यही किया गया। भट्टाचार्य ने कहा कि मैं आपको एक और बात बताता हूँ। उस दिन जब रात्रिभोज परोसा जा रहा था, तो एक वचनपत्र दिया गया था जिसे अध्यक्ष के आदेश पर वर्तमान महासचिव ने सभी सदस्यों के बीच वितरित किया था।




### मोदी पर जताया भरोसा

प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है जिनके नेतृत्व में भारत ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। फुटबॉल में भी उनके विनम्र हस्तक्षेप की बहुत जरूरत है। यह केवल उनके आशीर्वाद और अच्छे निर्देशन से ही है कि भारतीय फुटबॉल इस संकट से बाहर निकल सकता है, और यह सुनिश्चित कर सकता है कि हमारे खिलाड़ियों को भारत को एक महान फुटबॉल राष्ट्र में बदलने के लिए आवश्यक सहायता मिले।